THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 287 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.9 2079 शनिवार, 31 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये



## गार्डन गैलेरिया मॉल बन रहा मारपीट का अखाड़ा, नशे की हालत में दो पक्षों में जमकर चले लात-घूंसे

नोएडा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। नोएडा के थाना सेक्टर 39 में गार्डन गलेरिया मॉल में दो गुटों में मारपीट का मामला सामने आया है। मॉल में दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में नशे की हालत में जमकर लात-घूंसे चले। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि इससे पहले गार्डन गलेरिया मॉल में एक क्लब में मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मॉल में दर्जनों की संख्या में पब व रेस्ट्रो बार हैं। यहां रोजाना एक-दो घटनाएं मारपीट की होती हैं। आरोप है कि खासकर पब के बाउंसर बदसलूकी करते हैं।

# 'जो वोट दें उनका भी, जो न दें उनका भी करें भला'

## गडकरी ने बताई लोकतंत्र की पहचान



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपने कामों की वजह से गडकरी की बजाए 'रोडकरी' के तौर पर पहचाने जाते हैं. उन्होंने देश में सड़कें और फ्लाई ओवर का जाल बिछाने में अपने काम का लोहा मनवाया है. लेकिन काम के साथ-साथ अलग-अलग मुद्दों पर अपनी बेबाक राय देने के लिए भी वे जाने जाते हैं. एक्सप्रेस अड्डा कार्यक्रम में उन्होंने एक बार फिर डेमोक्रेसी, डेवलपमेंट, आरएसएस, बीजेपी, कांग्रेस और आप को लेकर खुल कर अपने विचार रखे. उन्होंने अपनी तरह से लोकतंत्र की बड़ी सुंदर व्याख्या की. उन्होंने कहा कि सही मायने में यह वो व्यवस्था है जहां व्यक्ति को- 'जो वोट दे उसका भी भला, जो वोट ना दे उसका भी करना चाहिए भला', यह बात याद रखनी चाहिए. उन्होंने पॉलिटिक्स की अनिश्चितता की तुलना क्रिकेट से की और प्रमोद महाजन के साथ के ब्रेबॉन स्टेडियम का एक रोचक किस्सा भी बताया.

### 'चुनाव के दौरान हम प्रतिस्पर्द्धी होते हैं, चुनाव के बाद दोस्त'

नितिन गडकरी ने कहा, 'जब चुनाव आता है तब हम प्रतिस्पर्द्धी के तौर पर काम करते हैं. चुनाव खत्म होते ही हम मित्र बन जाते हैं. मैं इमरजेंसी के दौर में राजनीति में आया. मुझे एक अच्छे प्राध्यापक ने बताया था विचारभिन्नता कोई समस्या नहीं है, विचारशून्यता एक समस्या है. लोकतंत्र की मैं आपको परिभाषा बताता हूं. जो लोग आपको वोट देते हैं, उनके लिए तो जरूर काम करें, पर जो लोग आपको वोट नहीं देत, उनके लिए भी काम करें. इसे ही लोकतंत्र कहते हैं.'

### 'बीजेपी में बहुत कुछ बदल गया, मूल विचार नहीं बदला'

गडकरी ने कहा, 'हमारी बीजेपी की एक इमेज थी. एक वक्त ऐसा था जब बीजेपी में लोग धोती और कोट पहना करते थे, टोपी पहनते थे. अब लोग शर्ट-पैंट पहना करते हैं. बीजेपी के तब के दौर में जब हमारी पार्टी के टिकट से कोई हार कर आता था और उसकी डिपॉजिट जब्त होती थी, तब भी उसका सम्मान किया जाता था. मेरे एक कांग्रेसी मित्र थे वे कहा करते थे कि आप आदमी सही हो, गलत जगह पर हो. बीजेपी में रहकर तुम कुछ नहीं कर सकते. कांग्रेस में आ जाओ. मैंने उनसे कहा कि कुएं में कूद जाऊंगा, कांग्रेस में नहीं आऊंगा.आज हम सत्ता में हैं. लेकिन हमने कभी अपनी विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया.'

### आप के उदय को लेकर गडकरी ने रखे ये विचार

आप के उदय को लेकर गडकरी ने कहा, 'मेरी फिलॉसॉफी इस बारे में अलग है. हमारे देश में लोकतंत्र है. जो व्यक्ति जिस तरह से काम करना चाहता है, उन्हें उस तरह से करने दें. मैं अपनी फिलॉसॉफी पर भरोसा करता हूं. दो रेखाओं के बढ़ने की दो राहें होती हैं. या तो आप दूसरी रेखा को मिटा कर आगे बढ़ें, या अपनी रेखा लंबी करें. मैं पॉजिटिविटी में विश्वास रखता हूं. हम अच्छा काम करेंगे तो जनता हमें चुनेगी. अगर लोग नाकारेंगे तो हम विपक्ष में उतनी ही मजबूती से बैठेंगे.

### 'प्रमोद महाजन और वो क्रिकेट मैच'

गडकरी ने कहा, 'मुझे इस बात पर पक्का यकीन है कि क्रिकेट और पॉलिटिक्स में कुछ भी हो सकता है. एक बार मैं प्रमोद महाजन के साथ मैच देखने के लिए ब्रेबॉन स्टेडियम गया. प्रमोद महाजन तब चुनाव हार गए थे. एक के बाद एक टीम इंडिया के विकेट गिर रहे थे. इसके बाद खिन्न होकर महाजन ने कहा कि मैं जहां जाता हूं वहां हार दिखाई देती है. घर जाता हूं. मैं मैंच देखता रहा. प्रमोद महाजन के जाने के बाद मैच वाकई इंडिया के फेवर में पलट गय और भारत वो मैच जीत गया. राजनीति में भी कोई क्यों जीत गया, क्यों हार गया, कई बार कहना मुश्किल होता है. जनता के फैसले को स्वीकारना होता है.'

## अनंतनाग में भीषण आग से 13 घर और 10 दुकानें जलकर राख

अनंतनाग, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कश्मीर के जिला अनंतनाग में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार सुबह तीन बजे के करीब की है। आग ने एक के बाद एक 13 घरों और 10 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना का पता चलते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए। अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया गया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने से दस सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। समय पर की गई कार्रवाई से करीब 200 घरों को भीषण आग की चपेट में आने से बचाया गया। आग ने फिर 13 घर और 10 दुकानें को भारी नुकसान पहुंचाया।

# कर्नाटक चुनाव: पुराने मैसूर को साधने में बीजेपी जुटी

## क्यों अमित शाह ने चुना ये मांड्या को



बेंगलुरु, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) 2023 में कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है और उसका विशेष ध्यान पुराने मैसूर क्षेत्र पर है, जहां पार्टी कमजोर स्थिति में मानी जाती है. ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को मांड्या की यात्रा के साथ प्रचार मैदान में उतरेंगे. बेंगलुरु पहुंचे शाह आज और 31 दिसंबर को पुराने मैसूर क्षेत्र के मांड्या और देवनहल्ली का दौरा करेंगे, जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों में हिस्सा लेंगे. आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा, शाह पार्टी की बैठकों में भी शामिल होंगे, जहां वह बीजेपी की चुनावी तैयारियों की समीक्षा के साथ ही नेताओं व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति पर चर्चा करेंगे. मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, उनके कई कैबिनेट सहयोगियों और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष नलिन कुमार कतील ने बृहस्तपतिवार रात बेंगलुरु पहुंचने पर शाह का स्वागत किया. शाह शुक्रवार को मांड्या जाएंगे, जहां वह एक विशाल डेयरी का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे. पुराने मैसूर क्षेत्र में स्थित मांड्या वोक्कालिगा समुदाय बहुल जिला है, जिसे जद (एस) के गढ़ के रूप में देखा जाता है. कांग्रेस भी वहां मजबूत स्थिति में है, जबकि बीजेपी अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है.

### वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में बीजेपी बढ़ाना चाहती है कद

बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने बुधवार को कहा था कि उनकी पार्टी कर्नाटक में 2023 के विधानसभा चुनावों के लिए पुराने मैसूरु क्षेत्र पर विशेष ध्यान देगी, क्योंकि पार्टी ने महसूस किया है कि इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीते बिना उसे बहुमत नहीं मिल सकता. उन्होंने कहा कि बीजेपी विकास और हिंदुत्व के एजेंडे के साथ वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में लोगों के बीच जाएगी, जहां उसे कमजोर माना जाता है. बीजेपी उन निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी पैठ जमाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जहां वह मजबूत नहीं है, विशेष रूप से पुराने मैसूरु क्षेत्र में. साल 2018 के चुनावों में, बीजेपी को केवल हासन में जीत मिली थी; बाद में 2019 के उपचुनावों में पार्टी केआर पेट सीट जीतने में कामयाब रही थी. यह मांड्या जिले की किसी सीट पर बीजेपी की पहली जीत थी. साथ ही उसे चिकबालापुर में भी जीत नसीब हुई थी.

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सख्त मैसेज

## पड़ोसियों से अच्छे संबंधों के लिए सुरक्षा से समझौता नहीं



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखना और इन्हें आगे भी बनाए रखना चाहता है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर नहीं किया जाएगा. यहां शिवगिरि मठ की 90वीं वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की उस टिप्पणी को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं. रक्षा मंत्री ने कहा, 'हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंधों की आवश्यकता है. लेकिन, हम अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे. हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर किसी के साथ अच्छे संबंध नहीं चाहते हैं.' वहीं उन्होंने कहा, 'आज हमारे पास गर्व करने के लिए जो-जो भी चीजें हैं, जो-जो भी विरासते हैं, उसमें हमारी सांस्कृतिक विरासत सबसे प्रमुख है. हमारी संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है, और इसने भारत देश के साथ-साथ दुनिया भर को जीवन जीने की राह दिखाई है. समता, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और विश्वशांति के जिन सिद्धांतों की ओर आज दुनिया आगे बढ़ रही है, इसके सूत्र हमें भारतीय संस्कृति में दिखाई देते हैं.'

### आज दुनिया हमारी सैन्य ताकत का लोहा मानती- राजनाथ सिंह

रक्षामंत्री ने कहा, 'कई बार भारतीय चिंतनधारा पर यह आरोप लगता है कि यहां समता, समानता और बंधुत्त्व की अवधारणा पर अपेक्षाकृत विचार नहीं किया गया है. यह अवधारणा यहां अगर पहुंची है, तो वह पश्चिमी पुनर्जागरण अथवा फ्रेंच क्रांति के माध्यम से हमारे यहां पहुंची है, पर यह बात पूरी सही नहीं है. पश्चिम में तो मानव-मानव के बीच समता, समानता और बंधुत्त्व पर बात की गई है, पर हमारे देश में तो मानव के साथ अन्य प्राणियों, जीव-जंतुओं और जड़-चेतन तक के बीच समानता और उनके कल्याण की बात की गई है.'

उन्होंने कहा, 'आज दुनिया हमारी सैन्य ताकत का लोहा मानती है. आत्मनिर्भरता, जो भारत की संस्कृति का एक अंग रही है, श्री नारायण गुरुजी ने उसे अपने उपदेशों के माध्यम से जनता तक पहुंचाया, और आज शिवगिरि मठ भी उसे लगातार आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है.'

## गर्भवती महिला के लिए सेना बनी देवदूत, बर्फबारी में पहुंचाया अस्पताल, गूंजी किलकारियां

कुपवाड़ा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में गर्भवती महिला के लिए सेना के जवान देवदूत बनकर पहुंचे। जवानों ने बर्फबारी के बीच समय पर महिला को अस्पताल पहुंचाया। इससे बाद डॉक्टरों ने मोर्चा संभाला और महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने सेना का आभार व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार, मामला जिला कुपवाड़ा के कालारुस ब्लॉक के नुनवानी पंचयात का है। गुरुवार रात क्षेत्र में बर्फबारी हो रही थी। इस दौरान मोहम्मद रफीक खान की पत्नी नसीम खान को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

# 'मां को खोना जीवन का सबसे दुखद पल'

## हीराबेन के निधन पर लालकृष्ण आडवाणी बोले



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने शुक्रवार (30 दिसंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर शोक जताया. उन्होंने कहा कि अपनी मां को खोना जीवन का सबसे दुखद पल होता है. लालकृष्ण आडवाणी ने कहा कि मोदी और मां हीरा बा के साथ विशेष संबंध था. मोदी अधिकतर अपनी मां की बातें किया करते थे. उनकी मां की बाते हमेशा याद की जाएगी. साथ ही लालकृष्ण ने कहा कि नरेंद्र भाई के परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं.

### मां की कमी हमेशा खलेगी

आडवाणी ने बयान में कहा, नरेन्द्र भाई ने अक्सर अपनी मां के साथ साझा किए गए विशेष बंधन, उनकी सादगी और देखभाल करने वाले व्यक्तित्व के बारे में बात की है. ये बातें हमेशा याद की जाएगीं और सभी को उनकी कमी खलेगी. बीजेपी नेता ने पीएम मोदी और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आगे कहा कि मां को खोना किसी के जीवन में सबसे कठिन होता है.

## सोनीपत के गुरुद्वारा में चली तलवारें:किसी की उंगली तो किसी के दोनों हाथों पर वार; कई घायल

सोनीपत, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत में ऐतिहासिक बड़खालसा गुरुद्वारा में आए अज्ञात युवकों ने कई लोगों को तलवारों से काट दिया। हमलावरों ने तलवारों से ताबड़तोड़ वार किए। इसमें कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। विवाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने से शुरू हुआ है। घायलों को सोनीपत के नागरिक अस्पताल में लाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# ओडिशा के केंद्रपाड़ा में हादसे में तीन की मौत

केंद्रपाड़ा/मुंबई, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। ये ऑटो रिक्शा में सवार थे। ऑटो एक अन्य वाहन से टकरा गया था। उधर, मुंबई के उपनगर मुलुंड में दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। केंद्रपाड़ा में हादसा गुरुवार देर रात कटक-चांदबली राज्य राजमार्ग पर दुहुरिया के पास हुआ। मृतकों की पहचान हेमंत सुंदरे, राजेंद्र बल और आशीष बेहुरा के रूप में हुई। हादसे के वक्त पीड़ित भुवनेश्वर से औल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर, मुंबई के पूर्वी उपनगर मुलुंड में शुक्रवार सुबह एक घर की दीवार अचानक गिर गई। इसकी चपेट में आने से 40 साल की एक महिला की मौत हो गई और उसका रिश्तेदार मामूली रूप से घायल हो गया। मुलुंड के हनुमान पाड़ा स्थित एक जर्जर मकान की दीवार सुबह साढ़े पांच बजे के करीब भरभरा कर गिर गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और मलबा हटाया। मलबे से निकालकर पीड़िता लक्ष्मीबाई कटारे को मुलुंड (पश्चिम) के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## बीजेपी 2023 की रणनीति अस्थायी कार्यालय में ही करेगी तैयार

भोपाल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश बीजेपी भोपाल में स्थित मुख्यालय को तोड़कर दिल्ली की तर्ज पर नई हाईटेक बिल्डिंग बना रही है। इस कार्यालय को तोड़ने का काम नए साल में अगले सप्ताह से शुरू होगा। जिसमें 6 माह का समय लग जाएगा। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी का नया कार्यालय तैयार नहीं हो पाएगा। अब बीजेपी की 2023 विधानसभा चुनाव की रणनीति पुराने अस्थायी काय्रालय में ही तैयार होगी। बीजेपी की मौजूदा बिल्डिंग में कार्यालय और कमर्शियल कॉम्पलेक्स बना है। अगले सप्ताह से कार्यालय की बिल्डिंग गिराने का काम शुरू होगा।

# टाइगर स्टेट में नहीं थम रहा बाघों की मौत का सिलसिला, खितौली रेंज के बाद अब घुनघुटी में मिला बाघिन का शव

शहडोल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। टाइगर स्टेट मध्यप्रदेश में बीते कुछ वक्त से लगातार बाघों की मौत की खबरें आ रही हैं। हाल ही में 26 दिसंबर को जहां बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली रेंज में एक बाघ का शव मिला था तो वहीं अब घुनघुटी में एक बाघिन का शव मिला है। जानकारी के अनुसार शहडोल संभागीय मुख्यालय से लगे घुनघुटी वन परिक्षेत्र के काचोदर बासाड नाला के पास बाघिन का शव शुक्रवार सुबह मिला, जिसके बाद वन अमला सकते में आ गया। संभागीय मुख्यालय से लगे गांव में मादा बाघ का शव मिलने की खबर वन विभाग को जैसे ही लगी आनन-फानन में आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और बाघिन की मौत की पड़ताल में जुट गए। हालांकि बाघ की मौत किस वजह से हुई है इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। मामला आरएफ 234 का है। रेलवे ट्रैक के समीप बाघिन का शव मिला है। वन विभाग की टीम के साथ डॉक्टर भी मौके पर पहुंचे और पीएम किया। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि पीएम प्रक्रिया के बाद ही बाघिन की उम्र और मौत के कारण पता चल सकेंगे। फिलहाल वन अमला बाघिन के शव का पोस्ट मार्टम करने के बाद उसका अंतिम करने की तैयारी में जुटा है। बता दें इससे पहले बांधवगढ़ नेशनल पार्क के वन परिक्षेत्र खितौली अंतर्गत गढ़पुरी बीट में एक 15 माह के बाघ का शव मिला था।

## नए साल पर दिल्ली मेट्रो का फैसला, राजीव चौक स्टेशन पर 31 दिसंबर की रात नौ बजे बंद होंगे एग्जिट गेट

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। 31 दिसंबर को नए साल की पूर्व संध्या पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से रात नौ बजे के बाद बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से आखिरी ट्रेन के छूटने तक यात्रियों की एंट्री होगी। डीएमआरसी ने यात्रियों ने तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने का अनुरोध किया।

# महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर महिला आयोग सख्त

### सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को जारी की एडवाइजरी




नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग काफी सख्त है. राष्ट्रीय महिला आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एक एडवाइजरी जारी की है. इस एडवाइजरी में कोचिंग या फिर शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश देने की बात कही गई है. एडवाइजरी में महिला आयोग ने मुख्य सचिवों को ये भी कहा है कि वो शैक्षणिक संस्थान चलाने वालों के बैकग्राउंड की जांच करें. राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है. राष्ट्रीय महिला आयोग ने कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 को सख्ती से लागू करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी जारी की है. सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को इस बारे में एडवाइजरी कर कहा गया है कि वो कोचिंग और शैक्षणिक संस्थानों को इस बारे में निर्देशित करें. मीडिया से बातचीत में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि आयोग ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वो संबंधित अधिकारियों को सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच अधिनियम के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दें ताकि यौन उत्पीड़न के मामलों को प्रभावी तरीके से रिपोर्ट किया जा सके. राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष रेखा शर्मा ने यह सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया कि कोचिंग सेंटर संबंधित अधिकारियों के पास रजिस्टर्ड हैं या नहीं.

## मध्यप्रदेश का मौसम फिर बदला, पारे में चार डिग्री से ज्यादा का उछाल

भोपाल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में तापमान में एक बार फिर परिवर्तन देखने को मिला है। तापमान फिर ऊपर चढ़ा है। न्यूनतम तापमान भी सात डिग्री के पास पहुंच गया है, वहीं दिन का पारा फिर 30 डिग्री के पार गया है। दस जिलों में अगले 24 घंटे में कोहरे की संभावना बनी हुई है। उधर अनुमान है कि शनिवार से फिर मौसम बदलेगा और पारे में गिरावट देखने को मिलेगी। उत्तर भारत में बर्फबारी का असर प्रदेश पर पड़ना तय है।

# न्यू ईयर से पहले ही बाजारों में भीड़, कोरोना को लेकर लोगों में है बेफिक्री



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। नया साल बेहद नजदीक है. नए साल पर दुनिया भर में जश्न मनाया जाता है. कोरोना की वजह से पिछले 3 सालों से नए साल का जश्न काफी फीका था. इस साल नए साल के जश्न को लेकर लोगों में काफी ज्यादा उत्सुकता थी, लेकिन जिस तरह से चीन से परेशान करने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं और एक बड़ा मौत का आंकड़ा भी सामने दिख रहा है उसके बाद डर है कि नए साल का जश्न कहीं फीका ना पड़ जाए! भारत की अगर बात करें तो कोई गाइडलाइन फिलहाल सरकार की तरफ से नहीं जारी की गई है लेकिन बार-बार इतियात करने के लिए कहा जा रहा है. एक्सपर्ट की राय भी यह है चीन की तस्वीरें खतरे की घंटी है और इस खतरे की घंटी से सतर्क हो जाना हमारा काम है. सतर्क रहने के लिए बेहद जरूरी है कि हम अगर बाहर निकलते हैं और खासतौर से भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाते हैं तो मास्क और सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें. यह कोरोना वायरस में काफी बड़े और कारगर हथियार साबित हुए हैं उनका इस्तेमाल करना न भूले. बावजूद इसके दिल्ली के बाजारों की तस्वीरें डरा रही हैं. दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस में वीक डे में भीड़ इतनी है कि जैसे मानो त्योहार का वीकेंड हो... सोचिए अभी से यह तस्वीरें हैं तो न्यू ईयर पर क्या होगा, लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि इतनी भीड़ में ना के बराबर ही ऐसे चेहरे दिख रहे हैं जिनके मास्क लगा हुआ है. कोरोना खतरे को देखते हुए मास्क लगाना बेहद जरूरी हो जाता है कहीं ऐसा न हो कि नए साल का जश्न कोरोना के कारण फीका पड़ जाए. विंटर ब्रेक शुरू हो गया है और नया साल बेहद नजदीक है जिसकी वजह से ऐतिहासिक स्मारकों पर भी भीड़ काफी ज्यादा देखी जा रही है. दिल्ली के इंडिया गेट पर चाहे दिन का समय हो या फिर रात का, लोगों की भीड़ खचाखच भरी हुई है, लेकिन एहतियात के नाम पर लोगों के चेहरे पर मास्क नहीं है सोशल डिस्टेंसिंग तो दूर की बात है. अब इसमें सरकार को कोई सख्त कदम उठाना चाहिए ताकि आगे आने वाले खतरे को टाला जा सके.

# बंदूक गिरी और चल गई गोली बैंक में खड़ी युवती हो गई घायल

इंदौर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। इंदौर के एक बैंक के सुरक्षा गार्ड की लापरवाही की वजह से एक युवती घायल हो गई। गार्ड की बंदूक गिरने से गोली चल गई जो युवती के पैरों में लग गई। युवती को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा और उसके पैरों से गोली के छर्रे निकाले गए घटना एरोड्रम क्षेत्र के साधना नगर स्थित एसबीआई बैंक परिसर में हुई। सांवरिया नगर निवासी 26 वर्षीय युवती सपना पांचाल बैंक में केवाईसी अपडेट कराने गई थी। तब बैंक बंद कराने का समय भी हो रहा था। गार्ड ने अपनी बंदूक टेबल के पास टिका कर रख दी थी। युवती टेबल के पास स्लिप निकालने पहुंची तो धक्के से बंदूक गिर गई और अचानक गोली चल गई। गोली के छर्रें युवती के पैरों में लग गए। उसे अस्पताल पहुंचाया गया और डॉक्टरों ने पैरों से छर्रे ऑपरेशन का निकालें। पुलिस ने इस मामले में बैंक के गार्ड रामदास पाल निवासी नंदबाग पर मानव वध के प्रयास के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने माना कि गार्ड ने 12 बोर की लोडेड बंदूक लापरवाही पूर्वक छोड़ दी थी जिससे यह घटना हुई।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 287 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.9 2079 शनिवार, 31 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## टीम मोदी में बदलाव की तैयारी

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बजट सत्र से पहले पीएम नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है। माना जा रहा है कि मकर संक्रान्ति के बाद कभी भी ये विस्तार हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम में फेरबदल का खाका तैयार हो गया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने को देखते हुए ये बदलाव हो सकते हैं। इसी साल 8 जून को पीएम मोदी के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था, जिसमें कुल 12 चेहरों को जगह दी गई थी जबकि कुछ बड़े नामों की छुट्टी कर दी गई है। मंत्रिमंडल फेरबदल की खबरों के बाद से बीजेपी सांसदों में सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया खरमास (इस एक महीने में हिंदू कैलेंडर में कोई अहम काम नहीं किया जाता है।) >14

# पीएम मोदी की मां हीरा बा नहीं रहीं

## मां को मुखाग्नि दी, अंतिम सफर में पार्थिव देह के साथ शव वाहन में ही बैठे रहे



अहमदाबाद, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा शुक्रवार सुबह 9:26 बजे पंचतत्व में विलीन हो गईं। नरेंद्र मोदी ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम सफर के दौरान वे मां की पार्थिव देह कंधे पर लेकर गांधी नगर स्थित घर से निकले। यात्रा के दौरान वे शव वाहन में ही पार्थिव देह के करीब बैठे रहे।

हीरा बा मोदी का शुक्रवार तड़के 3:30 बजे यूएन मेहता अस्पताल में निधन हुआ। वे 100 साल की थीं।

मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें कफ की शिकायत भी थी। मोदी ने खुद ही निधन की जानकारी ट्वीट के जरिए दी। इसके बाद सुबह 7:45 बजे अहमदाबाद पहुंचे।

यहां से वे सीधे गांधीनगर के रायसण गांव में भाई पंकज मोदी के घर गए। पार्थिव देह यहीं रखी गई थी।

मोदी के पहुंचते ही अंतिम यात्रा शुरू हुई। सेक्टर-30 स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मोदी ने अपना कोई तय कार्यक्रम रद्द नहीं किया। वे अंतिम संस्कार के बाद सीधे अहमदाबाद स्थित राजभवन गए। वे यहीं से बंगाल में हो रही राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक में वर्चुअली जुड़ें। उन्होंने हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली वंदे भारत की शुरूआत की।

## तेलंगाना में स्टाफ नर्स के 5204 पदों के लिए अधिसूचना जारी

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में सरकारी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा भर्ती बोर्ड (एमएचएसआरबी) ने शुक्रवार को चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न स्तरों पर स्टाफ नर्स के 5,204 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है।

एमएचएसआरबी द्वारा अधिसूचित स्टाफ नर्स के 5, 204 पदों के ब्रेक-अप में चिकित्सा शिक्षा निदेशक / सार्वजनिक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक के तहत 3, 823 पद, तेलंगाना वैद्य विधान परिषद में 757 में एमएनजे कैंसर अस्पताल रेड हिल्स में 81 पद, विकलांग और वरिष्ठ नागरिक कल्याण विभाग में आठ, तेलंगाना अल्पसंख्यक आवासीय शैक्षिक संस्थान सोसायटी में 127, महात्मा ज्योतिबा फुले तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी में 197 स्टाफ नर्स, तेलंगाना सामाजिक कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी में 74 सोसायटी और तेलंगाना रेजिडेंशियल एजुकेशन इंस्टीट्यूशनल सोसायटी में 13 पद शामिल हैं।

# मुखाग्नि देकर 2 घंटे बाद काम पर मोदी बंगाल के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े

## ममता बोलीं आपकी मां, हमारी मां... थोड़ा आराम करिए



कोलकाता, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीरा बा का अंतिम संस्कार करने के तुरंत बाद काम पर लौट आए हैं। सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर अहमदाबाद में उन्होंने मां को मुखाग्नि दी थी। इसके बाद वे अहमदाबाद से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में जुड़े। उन्होंने हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई।

कार्यक्रम में शामिल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोदी की मां के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह दिन आपके लिए तकलीफ भरा है। आपकी मां यानी हमारी भी मां। ईश्वर आपको शक्ति दें कि आप अपना काम जारी रख सकें। मेरा अनुरोध है कि आप कुछ समय आराम भी करें। मोदी ने कहा, बंगाल की पुण्य धरती को नमन। निजी कारणों से आपके बीच बंगाल नहीं आ पाया। इसके लिए क्षमा मांगता हूं। रेलवे और मेट्रो प्रोजेक्ट्स के साथ कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ है। वंदे भारत ट्रेन के लिए आप सबको बधाई। कार्यक्रम में शामिल हुईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से कहा, माननीय प्रधानमंत्री जी, मैं आपकी आभारी हूं कि आपको यहां आना था। लेकिन अपनी माताजी के निधन के चलते आप नहीं आ पाए, फिर भी आप वर्चुअल तरीके से इस कार्यक्रम से जुड़े। पश्चिम बंगाल के सभी लोगों की तरफ से मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगी कि आपने वंदे भारत ट्रेन यहां लॉन्च की।

मोदी ने बंगाल में शुक्रवार को 7,800 करोड़ रुपये से ज्यादा के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की शुरूआत की। इनमें कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन के जोका-तारातला फेज का उद्घाटन और राज्य के चार रेल प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

# वाशिंगटन में बिकेगी पाकिस्तान एम्बेसी

## सबसे ज्यादा बोली दो दुश्मनों ने लगाई, पहला इजराइल का यहूदी और दूसरा भारतीय




इस्लामाबाद, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। वॉशिंगटन में मौजूद पाकिस्तान की एम्बेसी का एक बड़ा हिस्सा बिकने जा रहा है। इसके लिए बिड प्रॉसेस यानी नीलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मजे की बात यह है कि एम्बेसी के डिफेंस सेक्शन को खरीदने के लिए जो 2 सबसे बड़ी बोलियां लगी हैं, वो दोनों ही पाकिस्तान के दुश्मन मुल्कों से ताल्लुक रखती हैं। ये दो देश हैं इजराइल और भारत।

इजराइल के यहूदी ग्रुप ने 68 लाख डॉलर की बोली लगाई है। दूसरी बड़ी बोली लगाने वाला कोई भारतीय है। उसने 50 लाख डॉलर में यह बिल्डिंग खरीदने की पेशकश की है। पाकिस्तान एम्बेसी की बिल्डिंग बेचने की खबर का खुलासा पाकिस्तान के अखबार ने किया है। उसने इस बारे में एम्बेसी के अफसरों के हवाले से एक रिपोर्ट पब्लिश की है। एक अफसर ने कहा, एक यहूदी, एक भारतीय के अलावा तीसरी बोली पाकिस्तान मूल के एक शख्स ने 40 लाख डॉलर में लगाई है। हम उस शख्स को यह इमारत बेचेंगे जो सबसे ज्यादा बोली लगाएगा। वैसे भी नीलामी में यही प्रॉसेस अपनाया जाता है। हमें इससे कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए कि खरीदार कौन है और उसका इस प्रॉपर्टी को खरीदने का मकसद क्या है।

**यहूदी ग्रुप बनाएगा सिनेगॉग यानी पूजा स्थल :**

रिपोर्ट में एक और अफसर के हवाले से कहा गया, अगर यहूदी ग्रुप इस एम्बेसी का खरीदता है तो वो यहां यहूदियों का का पूजा स्थल यानी सिनेगॉग बनाएगा। यह तो अच्छी बात है, क्योंकि इससे गुडविल बनेगी। एजेंसी ने सबसे पहले यह खबर दी थी कि दिवालिया होने की कगार पर खड़ा पाकिस्तान अब दूसरे देशों में मौजूद अपनी प्रॉपर्टीज और खासतौर पर एम्बेसीज को पूरा या उनका कुछ हिस्सा बेच सकता है। एम्बेसी के जिस सेक्शन को बेचने की बात हो रही है वो करीब 20 साल पहले तैयार हुआ था। इसका इस्तेमाल डिफेंस सेक्शन यानी पाकिस्तान आर्मी के ऑफिस के तौर पर किया जाता था। पाकिस्तान सरकार की एक और प्रॉपर्टी रूजवेल्ट हाउस को भी बेचने की तैयारी है। फाइनेंस मिनिस्टर इशहाक डार मीडिया के सामने इसकी पुष्टि भी कर चुके हैं।

पाकिस्तान के कुछ अफसर इस मामले में सफाई देते हुए कहते हैं, ये इमारत पुरानी है। दो तरीके हैं। या तो हम इसे रिनोवेट करने पर खर्च करें या फिर इसे बेच दें। रिपोर्ट के मुताबिक, सोशल मीडिया पर कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि एम्बेसी की नई और पुरानी दोनों एम्बेसी बेची जा रही हैं।

बतौर मुल्क इजराइल 1948 अस्तित्व में आया। पाकिस्तान एक साल पहले यानी 1947 में बना। पाकिस्तान ने अब तक इजराइल को मान्यता नहीं दी है। उसका कहना है कि इजराइल ने फिलिस्तीन और मुसलमानों पर बहुत जुल्म किए हैं।

# केसीआर ने पीएम मोदी की मां के निधन पर दुख जताया



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

100 वर्षीय हीराबेन का शुक्रवार तड़के अहमदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। इसी तरह, विधानसभा अध्यक्ष पोचराम श्रीनिवास रेड्डी, विधान परिषद के सभापति गुत्ता सुखेंदर रेड्डी, मंत्रियों और अन्य नेताओं ने हीरा बेन के निधन पर दुख व्यक्त किया और उनके नुकसान के लिए पीएम मोदी के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## टीएसपीएससी ग्रुप-III के तहत 1,365 रिक्तियों के लिए अधिसूचना जारी

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वर्ष 2022 राज्य में सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए एक उच्च नोट पर समाप्त हो रहा है क्योंकि तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों में समूह-III सेवाओं के तहत 1,365 रिक्तियों के लिए एक और सीधी भर्ती अधिसूचना जारी की। >14



शीतकालीन अवकाश पूरा कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली रवाना हो गईं। राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन व अन्य आला अधिकारियों ने वायु सेना स्टेशन, हकीमपेट में राष्ट्रपति को विदाई दी।

# दाऊद इब्राहिम की 'सफेद साजिश' बेनकाब!

* अफगानिस्तान से आए जहर से नए साल पर देश को दहलाने का था प्लान!
* हैदराबाद में दवा कारोबारी वेदप्रकाश के कारखाने में पूरी तरह से तैयार किया जाता था जहर




नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। नए साल के स्वागत में हर कोई अपनी-अपनी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ है। खासकर युवा न्यू ईयर पार्टीज के लिए खासे उत्साहित हैं। न्यू ईयर ईव और नए साल की शुरूआत में होटल, पब, डिस्को में पार्टीज के खास इंतजाम किए गये हैं। कई तरह की पार्टीज होती है, यंगस्टर्स के लिए तो जैसे ये वक्त पूरी मौज मस्ती का होता है और इसी का फायदा उठाने का प्लान बनाया जा रहा था देश के बाहर। दाऊद की डी-कंपनी के एजेंट देश में सफेद जहर घोलने की साजिश रच रहे थे।

**नए साल पर डी-कंपनी की साजिश :**

इंदौर की क्राइम ब्रांच को खबर मिली थी कि देश में भारी मात्रा में एमडीएमए यानी मिथाइलीनडाईऑक्सी मैथाम्टामाइन नाम की खतरनाक ड्रग की सप्लाई की जा रही है। डी-कंपनी के एजेंट इसे अफगानिस्तान से मंगा रहे हैं। क्राइम ब्रांच ने अपना जाल फैलाया। मुंबई पुलिस से मदद ली गई और फिर महजबीन नाम की एक महिला को गिरफ्तार किया गया। ये महिला डी-कंपनी यानी दाऊद इब्राहिम की कंपनी के लिए काम करती है।

इसके मोबाइल से कई ऐसी चैट मिली जिससे ये साफ हुआ कि ड्रग के लिए कच्चा माल अफगानिस्तान से आ रहा था। महजबीन नाम की ये महिला इस जहर के कारोबार में अहम भूमिका निभा रही थी। सफेद रंग का ये जहर अफगानिस्तान से गुजरात आता था और फिर इसे हैदराबाद भेजा जाता था। हैदराबाद में दवा कारोबारी वेदप्रकाश व्यास के कारखाने में इस जहर को पूरी तरह से तैयार किया जाता था और फिर पूरे देश में एमडीएमए नाम के इस जहर की सप्लाई होती थी। देश भर के क्लब, डिस्को, बड़ी-बड़ी पार्टीज में सप्लायर की मदद से इसे बेचा जाता था ताकि युवा इस नशे की गिरफ्त में आ जाएं। ये लोग देश को नशे का अड्डा बनाने का प्लान कर रहे थे। दिल्ली, मुंबई, मध्यप्रदेश, राजस्थान हर तरफ इन ड्रग सप्लायर का जाल फैला हुआ था। पुलिस ने फिलहाल 70 करोड़ रुपये की ड्रग बरामद कर ली है। उस दवा कंपनी को भी सीज कर दिया गया है जहां ये ड्रग तैयार हो रही थी। >14

# गृहमंत्री ने डीजीपी महेंद्र रेड्डी का किया सम्मान

## पुलिस विभाग में विभिन्न सुधार लाने के लिए की सराहना



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गृह मंत्री महमूद अली ने शुक्रवार को यहां अपने कार्यालय में डीजीपी पी. महेंद्र रेड्डी को सम्मानित किया और लोगों की खातिर बेहतर पुलिस व्यवस्था प्रदान करने तथा विभाग में विभिन्न सुधार लाने के लिए उनकी सेवाओं की सराहना की। गौरतलब है कि महेंद्र रेड्डी शनिवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अंजनी कुमार को भी कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। अभिनंदन के दौरान गृहमंत्री ने मौजूदा डीजीपी को स्मृति चिन्ह के रूप में चारमीनार की प्रतिमूर्ति भी भेंट की। इस अवसर पर बोलते हुए महमूद अली ने कहा कि महेंद्र रेड्डी ने अपने 34 साल के पेशेवर करियर के दौरान विभिन्न स्तरों पर काम किया है और तेलंगाना राज्य का नाम रोशन किया है। गृह मंत्री ने कहा कि महेंद्र रेड्डी ने पांच साल तक राज्य के डीजीपी के रूप में काम किया है और कानून व्यवस्था के मामले में तेलंगाना को देश में नंबर एक राज्य बनाया है। महमूद अली ने कहा कि राज्य पुलिस ने कई सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पहलों को लागू करना शुरू किया है, जिससे तेलंगाना में अपराध का पता लगाने और उसे रोकने में पुलिस को मदद मिली है। मुख्य सचिव (गृह) रवि गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जितेन्द्र और संजय कुमार जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शरणार्थियों के बोझ से दब रहा मिजोरम

आइजोल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। आर्थिक संकट से जूझ रहे मिजोरम की मुसीबत और बढ़ गई है। वह पहले से म्यांमार के कुकी-चिन शरणार्थियों के बोझ से दबा था और इस साल बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी इलाके (सीएचटी) के विस्थापितों का तांता लग गया। इस बीच सीमा विवाद सुलझाने को लेकर मिजोरम सरकार असम सरकार के संपर्क में है।

बांग्लादेशी सेना और कुकी-चिन राष्ट्रीय सेना (केएनए) के विद्रोहियों के बीच सशस्त्र संघर्ष के बाद चटगांव पहाड़ी क्षेत्र के 300 से अधिक कुकी-चिन शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ले ली है। मिजोरम में अब म्यांमार व बांग्लादेश के शरणार्थियों की संख्या बढ़कर 40 हजार से ज्यादा हो गई है। मिजो लोगों का कुकी चिन लोगों से जातीय संबंध है। मिजोरम की जोरमथांगा सरकार कोविड-19 महामारी और राज्य को केंद्र सरकार से मिलने वाले कर राजस्व और अनुदानों में देरी के कारण गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है।

**केंद्र से नहीं मिल रहा राजस्व :**

वित्तीय संकट के कारण मिजोरम में सरकारी कर्मचारियों को वेतन और सेवानिवृत्त लोगों को पेंशन के समय पर भुगतान में देरी हो रही है। हालांकि, राज्य सरकार को उम्मीद है कि 2023 में केंद्र से अधिक धनराशि मिलने के बाद संकट का समाधान हो जाएगा।

**असम के साथ अंतर राज्य सीमा विवाद हल करने के प्रयास जारी :**

मिजोरम ने असम के साथ अंतर-राज्य सीमा विवाद को हल करने के प्रयास भी किए, दोनों पक्षों ने इस मुद्दे पर अगस्त और नवंबर में बातचीत की थी।

दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए सितंबर में दिल्ली में बैठक भी की थी। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच पिछले साल सीमा संघर्ष हुआ था। इसमें दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच झड़प हुई थी। इससे असम के कम से कम छह कर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई थी।

**मिजोरम में इस साल दो दुखद हादसे हुए :**

मिजोरम में इस साल दो दुखद घटनाएं हुईं। नवंबर में हनथियाल जिले में एक पत्थर की खदान गिरने से 12 लोगों की दुखद मौत हो गई, जबकि अक्टूबर में आइजोल जिले के तुइरियाल गांव में एक तेल टैंकर में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई।



स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद

सुविचार: जो स्त्री से अपने को बचाता है, वह सच से अपने को बचाता है। स्त्री झूठ नहीं है और पुरुष के लिए सच की चुनौती के रूप में आती है।



## चेरिकला समिति का गठन कर राजनीतिक दलों को बांटने की कोशिश कर रही भाजपा : हरीश



सिद्दीपेट, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की चेरीकला (प्रवेश) समिति के गठन को विपक्षी दलों को धमकी देकर बांटने का प्रयास करार दिया है।

शुक्रवार को दुब्बाका में बस अड्डे और मार्केटिंग गोदाम का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि अगर पार्टी समाज के लिए कुछ बेहतर कर सकती है तो लोग राजनीतिक दल में शामिल होंगे। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने पिछले आठ वर्षों में समाज के लिए कुछ नहीं किया है। करोड़ों रोजगार सृजित करने का वादा करके भाजपा सत्ता में आई, यह कहते हुए राव ने कहा कि केंद्र अपने वादों को निभाने में विफल रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए गायों, भारतीय सेना, मंदिरों और धर्म का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। यह कहते हुए कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और तेलंगाना के लोग गाय का सम्मान करेंगे, मंत्री ने कहा कि वे कभी भी बीजेपी की तरह राजनीतिक लाभ के लिए उनका इस्तेमाल नहीं करेंगे। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र से पिछले आठ वर्षों के दौरान आम लोगों के लिए क्या किया है, यह बताने की मांग की है। राव ने विस्तार से बताया है कि कैसे केंद्र ने लोगों को जन धन बैंक खाते खोलकर इन खातों में 15 लाख रुपये जमा करने का झांसा देकर धोखा दिया था। यह कहते हुए कि केंद्र ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, राव ने कहा कि उन्होंने किसान विरोधी विभिन्न पहलों के साथ किसानों को संकट में डालने के अलावा कभी भी इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा है कि तेलंगाना सरकार बच्चियों के गरीब माता-पिता के लाभ के लिए कल्याणलक्ष्मी दे रही थी, लेकिन केंद्र ने गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर उनका जीना मुश्किल कर दिया। राव ने लोगों से उस राजनीतिक दल का समर्थन करने का आह्वान किया है जो आम लोगों के समर्थन के लिए कई योजनाएं लेकर आ रहा है।

बीआरएस के दुब्बका में विधायक सीट हारने के बावजूद, राव ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने बड़ी संख्या में अनुदान देकर दुब्बाका शहर और निर्वाचन क्षेत्र का चेहरा बदल दिया है।

## सेलफोन छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी पुलिस की पश्चिम क्षेत्र की सीसीएस टीम सेन फोन छीनने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से तीन सेल फोन, एक दुपहिया वाहन और एक तलवार मिली है। गिरफ्तार आरोपी मीर इनायत अली गोलकोंडा का रहने वाला है। आरोपी और बरामद संपत्ति को आगे की कार्रवाई के लिए पीएस बंजारा हिल्स को सौंप दिया गया।

## सीपीआई ने मंचेरियल में एनएच 364 पर टोल शुल्क वसूली का विरोध किया

मनचेरियल, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(सीपीआई) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 363 पर मंदामारी के एक प्लाजा पर मोटर चालकों से टोल वसूलने के विरोध में धरना दिया।

कार्यकर्ताओं ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ निष्पादन एजेंसी को शुल्क लेने की अनुमति देने में गलती पाई, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ था। उन्होंने मांग की कि अधिकारी कार्यों के लिए कदम उठाएं और कार्यों के पूरा होने के बाद ही शुल्क एकत्र किया जा सकता है। इस बीच, बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के सदस्यों ने मनचेरियल-नागपुर राजमार्ग पर चल रही मोटरों को चार्ज करने वाली एजेंसी द्वारा चुप रहने के लिए एनएचएआई की आलोचना की। वेंकटेश गुना, एक नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को गौतम अडानी को बेच दिया गया था जो परियोजना की एजेंसी को क्रियान्वित कर रहा था और काम पूरा होने से पहले ही जनता को लूट रहा था।

## रविवार 1 जनवरी तड़के तक चलेगी हैदराबाद मेट्रो रेल




हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार की रात यानी 31 दिसंबर को नए साल की पूर्व संध्या के जश्न के अवसर पर सुरक्षित यात्रा की सुविधा के लिए, मेट्रो ट्रेनें रविवार, 1 जनवरी की सुबह तक चलाई जाएंगी। यह घोषणा शुक्रवार को एचएमआरएल एमडी, एनवीएस रेड्डी ने की।

एचएमआरएल के एमडी ने कहा कि आखिरी ट्रेनें 1 बजे यानी रविवार के शुरुआती घंटों में शुरुआती स्टेशनों से चलेंगी और 1 जनवरी को लगभग 2 बजे अपने गंतव्य तक पहुंचेंगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि मेट्रो रेल पुलिस और सुरक्षा विंग यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखेंगे कि ट्रेनों और स्टेशनों पर किसी की ओर से नशे में कोई दुर्व्यवहार न हो। देर से घंटों के दौरान सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए, एमडी, एलएंडटी मेट्रो रेल हैदराबाद लिमिटेड, एमडी, केवीबी रेड्डी ने यात्रियों से अपील की है कि वे अधिकारियों के साथ सहयोग करें और मेट्रो ट्रेनों में बिना किसी अप्रिय घटना की गुंजाइश दिए जिम्मेदारी से यात्रा करें।

## राज्य में बढी बिजली की मांग

### पावर पीक डिमांड 14017 मेगावाट को छू गई : प्रभाकर राव



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य बिजली उपयोगिताओं ने शुक्रवार को 14017 मेगावाट की चरम मांग दर्ज की है, जो चल रहे यासंगी सीजन में सबसे अधिक है। इस साल की शुरुआत में 29 मार्च को रबी सीजन के दौरान 14160 मेगावाट की पीक डिमांड दर्ज की गई थी।

टीएस ट्रांस्को और टीएस जेनको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डी. प्रभाकर राव ने यहां जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सीजन के दौरान 15,500 मेगावाट की मांग को पूरा करने के लिए बिजली कंपनियों को निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर में वृद्धि और कृषक समुदाय द्वारा बिजली के इष्टतम उपयोग के मद्देनजर राज्य में बिजली की मांग में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि दिसंबर के दौरान पीक डिमांड 14000 मेगावाट को पार करना असामान्य है, क्योंकि किसान जनवरी के महीने से अधिक बिजली का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिसंबर में भी अधिकतम बिजली की मांग केवल 10,935 मेगावाट थी। सीएमडी ने कहा कि पूरे राज्य में कृषि क्षेत्र को पर्याप्त और विश्वसनीय बिजली प्रदान करने के लिए बिजली उपयोगिताओं द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देखने में आया है कि कुछ किसान बिजली की जरूरत नहीं होने पर भी ऑटो स्टार्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कृषक समुदाय से अपील की कि पानी की बर्बादी से बचने और कीमती ऊर्जा बचाने के लिए जरूरत न होने पर ऑटो स्टार्टर का उपयोग न करें। प्रभाकर राव ने वितरण अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे किसानों को बिजली की आपूर्ति की निगरानी करें और पूरे कृषक समुदाय द्वारा पानी और बिजली के कुशल उपयोग के लिए जब आवश्यक न हो तो ऑटो स्टार्टर का उपयोग न करना सुनिश्चित करें।

## सेना ने 'ग्राम सेवा-देश सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेना दिवस 2023 और आज़ादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में हमारे देश के ग्रामीणों के साथ भारतीय सेना के बंधन को मजबूत करने के लिए, भारतीय सेना ने हैदराबाद के थिम्मईपल्ली गांव में 'ग्राम सेवा-देश सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया। राष्ट्र निर्माण की दिशा में 75 अन्य गांव, जहां ग्रामीणों को उनके प्रति सेना की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया गया। 'ग्राम सेवा-देश सेवा' विषय के तहत भारतीय सेना ने चिकित्सा शिविर, व्याख्यान और खेल गतिविधियों का आयोजन किया। चिकित्सा शिविर में जरूरतमंदों को जेनेरिक दवाएं निःशुल्क वितरित की गईं। गांव के युवाओं को भी अग्निवीर योजना के बारे में बताया गया और सशस्त्र बलों में करियर के रूप में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। दूरस्थ शिक्षा के बारे में स्थानीय लोगों को भी जानकारी दी गई। इग्नू और डॉ बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई और युवाओं को वित्तीय और परिवहन बाधाओं के बिना बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद करने के लिए समझाया गया। ग्रामीणों और सेना



के जवानों के बीच एक मजबूत भाईचारा स्थापित करने के लिए एक दोस्ताना क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। भाग लेने वाले ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाने के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। जवानों और ग्रामीणों ने एक साथ भोजन करके और एकता के संदेश फैलाकर और राष्ट्र के प्रति अपनेपन की भावना पैदा की। ग्राम सेवा-देश सेवा की थीम के तहत आयोजित कार्यक्रमों ने सैनिकों-नागरिकों के जुड़ाव को नवीनीकृत करने में बहुत योगदान दिया और जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की भारतीय सेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। समाज के सभी वर्गों के लोगों, विशेष रूप से युवाओं को समाज के प्रति उनके कर्तव्य और बदले में राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने के लिए नेक इशारा एक लंबा रास्ता तय करेगा।

## अधिकारियों के कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिलना चाहिए : डॉ. जोशी

### अधिकारियों के लिए फाउंडेशन कोर्स का समापन



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ एमसीआर एचआरडी इंस्टीट्यूट फॉर ऑल इंडिया सर्विसेज एंड सेंट्रल सिविल सर्विसेज और मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज ऑफिसर्स के लिए संचालित दो प्रतिष्ठित फाउंडेशन कोर्स का आज शानदार समापन हुआ। पूर्व मुख्य सचिव व सरकार के सलाहकार डॉ एस. के जोशी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि प्रशासन की प्रक्रियाओं का अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन नागरिक केंद्रित है। इसलिए, उन्होंने अधिकारियों से लोगों के जीवन की प्रकृति और गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रक्रियाओं का उपयोग करने का आह्वान किया। अधिकारियों द्वारा किए गए सभी कार्यों को अंतिम व्यक्ति के कल्याण और विकास में योगदान देना चाहिए। अपने संबोधन को जारी रखते हुए सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. जोशी ने अधिकारियों से सेवा की भावना और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अच्छी तरह से व्यक्तित्व विकसित करने का प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी भारत को तेज गति से विकसित करने में तभी योगदान दे सकते हैं जब वे खुद को टीम के खिलाड़ियों में बदलते हैं। अधिकांश अधिकारी केवल प्रशासन की विभिन्न अवधारणाओं को सीखते हैं। लेकिन, कुशल अधिकारी बनने के लिए, उन्हें जमीन हकीकत को समझना चाहिए। संस्थान के डीजी और तेलंगाना सरकार के प्रमुख सचिव बेन्हुर महेश दत्त एक्का ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि फाउंडेशन कोर्स ने अधिकारियों को ज्ञान, कौशल और क्षमताओं के मामले में अपनी प्रोफ़ाइल को समृद्ध करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान किया। हालांकि, उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि समाज में हो रहे आश्चर्यजनक परिवर्तनों को देखते हुए सीखना जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया बन जाए। उन्होंने अधिकारियों को न केवल अच्छे अधिकारी बल्कि समान रूप से अच्छे इंसान बनने के लिए सभी के लिए करुणा, अखंडता, ईमानदारी और शांति के मूल भारतीय मूल्यों से खुद को लैस करने की सलाह दी। सम्मानित अतिथि आईडीएसई, सीई, आरएंडडी विजय कुमार गुप्ता ने एमईएस अधिकारियों से सेना, नौसेना, वायु सेना और उच्च गुणवत्ता वाले इंजीनियरिंग समर्थन का विस्तार करने के लिए नवीनतम तकनीकों के अपने ज्ञान को अद्यतन रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर, डॉ. जोशी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सुश्री द्युति किशन, आईआरपीएस को स्पेशल एफसी, अक्षय कुमार ताम्रकारिन एमईएस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए डीजी के रोलिंग शील्ड प्रदान किए। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर प्रतियोगिताओं में विजेताओं को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए, और एआईएस और सीसीएस अधिकारियों और एमईएस अधिकारियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं का विमोचन भी किया। डॉ के तिरुपतयश, आईएफएस (सेवानिवृत्त) ने सभा का स्वागत किया। अनीता राजेंद्र, श्रीदेवी अयालुरी ने क्रमशः अखिल भारतीय और केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारियों के लिए और सैन्य इंजीनियर सेवा अधिकारियों के लिए एफसी के लिए पाठ्यक्रम निदेशकों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## पोक्सो एक्ट के विषय में जन ऊर्जा मंच ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जन ऊर्जा मंच की अध्यक्ष डॉ. निशीता दीक्षित ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हैदराबाद प्रवास पर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बाल सुरक्षा अधिकारों को लेकर 2012 में बनाया पोक्सो कानून के दस वर्ष पूर्ण होने पर एक तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। डॉ. निशीता एक महिला चिकित्सक होने के साथ सामाजिक कार्यकर्ता हैं और पिछले कुछ वर्षों से समाज उपयोगी कार्यक्रम कर रही हैं। प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि रेप कानूनों को और सख्त करने के लिए 2012 में भारतीय दण्ड संहिता से भी कड़ा कानून पोक्सो ऐक्ट के रूप में लाया गया था जिसे 2019 में और संशोधित किया गया।

अब पूरे एक दशक बाद भी पीडित को न्याय दिलाने में ये कानून कितना कारगर साबित हुआ है और कितना नहीं, यह सवाल आज भी खड़ा है। क्योंकि अनेकों केसों में लड़कियों द्वारा झूठे मामले भी दर्ज किए गए हैं और सरकारी मुआवजा, संस्थाओं व आरोपी के परिजनों से धनराशि लेने के बाद केस वापस लिये गये हैं। ऐसे में असली पीड़ितों को समुचित न्याय मिले व कोई निर्दोष पुरुष दण्डित न हो पाए इसी भावना के साथ सुधारों के सुझावों के साथ बनाया गया ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञात रहे कि राष्ट्रपति ने भी कुछ समय पूर्व भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ की उपस्थिति में, न्याय की आस में जेलों में बंद अंडर ट्रायल कैदियों व उनके परिवार जनों की व्यथा समझने की न्यायपालिका से अपील की थी। इस अवसर पर उनके साथ जन ऊर्जा मंच के सलाहकार, समाजसेवी व व्यवसायी श्याम गोपाल दास भी उपस्थित थे।डॉ निशीता ने बताया कि ये ज्ञापन देश के अनेक गणमान्य व्यक्तियों को सौंपा जायेगा।

## 2022 में वरंगल पुलिस आयुक्तालय सीमा के तहत बलात्कार के मामलों में वृद्धि

वरंगल, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक चिंताजनक प्रवृत्ति में, पिछले वर्ष की तुलना में 2022 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं। विशेष रूप से, 2022 में बलात्कार के मामलों की संख्या में 33 की वृद्धि हुई। वरंगल पुलिस आयुक्तालय पुलिस के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2021 में बलात्कार के 96 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि इस साल 129 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, दहेज प्रताड़ना से हुई महिलाओं की मौत भी 2022 में चार मामलों में हुई है। 2021 में दहेज हत्या के मामलों की संख्या 10 थी, जबकि 2022 में इतने ही मामलों की संख्या 14 है। कानूनों और जागरूकता कार्यक्रमों के 'सख्त' प्रवर्तन के बावजूद विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न भी जारी है। कुल 553 महिलाओं ने शादी के बाद उत्पीड़न की शिकायत की है। 2021 में विवाहित महिलाओं के उत्पीड़न की संख्या 516 थी। महिलाओं के शील भंग के मामले भी 291 बढ़े हैं, जबकि 2021 में इतने ही मामलों की संख्या 260 थी।

## नए साल के जश्न के मद्देनजर यातायात पर दिशा-निर्देश

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 31 दिसंबर, 2022 को नए साल के जश्न को देखते हुए साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा जनहित में कुछ पाबंदियां और दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी दिशा निर्देश के तहत रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक हवाई अड्डे की ओर जाने वाले वाहनों को छोड़कर नेहरू आउटर रिंग रोड हल्के मोटर वाहनों के लिए बंद रहेगा। रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहनों को छोड़कर पीवीएनआर एक्सप्रेस वे वाहनों के लिए बंद रहेगा।

रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक सभी वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही के लिए शिल्पा लेआउट फ्लाईओवर, गाचीबोवली फ्लाईओवर, जैव-विविधता फ्लाईओवर 1 और 2, 4. शैकपेट फ्लाईओवर, माइंड स्पेस फ्लाईओवर, रोड नंबर 45 फ्लाईओवर और दुर्गम चेरुवु केबल ब्रिज, साइबर टॉवर फ्लाईओवर, 8. फोरम मॉल-जेएनटीयू फ्लाईओवर, खैथलापुर फ्लाईओवर, बाबू जगजीवन राम फ्लाईओवर (बालानगर) पूरी तरह से बंद रहेंगे।

जनता से अनुरोध है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा योजना बनाएं और ड्यूटी पर यातायात पुलिस के साथ सहयोग करें।

कैब/टैक्सी/ऑटो रिक्शा के चालक/परिचालक उचित वर्दी में होंगे और अपने सभी दस्तावेज साथ रखेंगे। किसी भी जनता को भाड़े पर सवारी करने से मना नहीं करेंगे। यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 178 का उल्लंघन है। ऐसे मना करने पर 500 रुपये ई-चालान के रूप में लगाया जाएगा। जनता वाहन, समय, स्थान आदि के विवरण के साथ व्हाट्सएप 9490617346 पर ऐसी शिकायतें हमें भेज सकती है। जनता के साथ दुर्व्यवहार या अधिक किराए की मांग नहीं करेंगे।

कोई भी बार/पब/क्लब आदि, जानबूझकर या लापरवाही से अपने ग्राहकों/सहयोगियों को अपने परिसर में शराब का सेवन करने के बाद शराब के नशे में वाहन चलाने की अनुमति देते हैं, तो उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा और संबंधित प्रबंधन पर कार्रवाई के लिए उकसाने का अपराध मुकदमा चलाया जाएगा। वे नशे में ड्राइविंग के परिणामों के बारे में अपने ग्राहकों/सहयोगियों को सख्ती से शिक्षित करेंगे और यात्रा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी करेंगे। वे नशे में धुत व्यक्तियों को अपने परिसर से वाहन चलाने से रोकेंगे।

साइबराबाद सीमा की सभी सड़कों पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की व्यापक जांच की जाएगी। दस्तावेजों को प्रस्तुत न करने पर वाहनों को अस्थायी सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया जाएगा। वाहन चालकों का यह कर्तव्य है कि वे कानून के अनुसार सार्वजनिक सड़कों पर रुकें और दस्तावेज दिखाएं और यातायात पुलिस के निर्देशों का भी पालन करें। ट्रैफिक पुलिस के कर्तव्यों में किसी भी तरह की बाधा कानून के अनुसार कार्रवाई का कारण बन सकती है।

वैध ड्राइविंग लाइसेंस के बिना मामूली ड्राइविंग करने पर वाहन को हिरासत में लिया जाएगा और मालिक और चालक दोनों के खिलाफ कानून की अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा। वाहनों की ऐसी जब्ती पर, नागरिकों को आगे की यात्रा के लिए अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी। वाहनों में हाई-डेसिबल साउंड/म्यूजिक सिस्टम का उपयोग प्रतिबंधित है और वाहनों को हिरासत में लिया जाएगा और आगे की कार्रवाई के लिए आरटीओ भेजा जाएगा। बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर भी वाहनों को रोका जाएगा और ऐसे वाहनों को आरटीओ भी भेजा जाएगा। वाहनों में भीड़भाड़/वाहनों के ऊपर चढ़कर यात्रा करना/सार्वजनिक स्थानों पर उपद्रव करना भी कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होगी।

ट्रैफिक पुलिस रैश ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, अत्यधिक हॉर्न बजाने, खतरनाक ड्राइविंग, ट्रिपल/मल्टीपल राइडिंग आदि के खिलाफ उचित मामले दर्ज करेगी। सार्वजनिक सड़कों पर वाहन चलाते समय और सुरक्षित यात्रा करते समय जनता सावधानी, स्व-जिम्मेदारी का प्रयोग करेगी।

शराब पीकर गाड़ी चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत डीडी मामले नशे में धुत चालकों में से प्रत्येक के खिलाफ दर्ज किए जाएंगे और उन सभी को नियत समय में अदालत में भेजा जाएगा। 10000 रुपये का जुर्माना या पहले अपराध के लिए 6 महीने तक का कारावास और 15000 रुपये का जुर्माना और दूसरे या बाद के अपराध के लिए 2 साल तक का कारावास होगा। साथ ही, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 19 के तहत उनके सभी ड्राइविंग लाइसेंस को जब्त कर संबंधित आरटीओ को निलंबन के लिए भेजा जाएगा। पहले अपराध के लिए, डीएल को 3 महीने के लिए निलंबित कर दिया जाएगा और दूसरे और बाद के अपराधों के लिए, डीएल को स्थायी रूप से निरस्त कर दिया जाएगा, जिससे व्यक्ति भारत में ड्राइव करने के लिए अयोग्य हो जाएगा। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना करता है और शराब के नशे में गाड़ी चलाकर किसी की मृत्यु का कारण बनता है, तो उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 304 भाग- II (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया जाएगा और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।




रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-10/2022-प्र.एवं का.
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग,
पुराना मिंटो रोड़, जाकिर हुसैन कॉलेज के पास,
नई दिल्ली-110002

विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद में सलाहकार के पद को प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर भरने के संबंध में।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद में निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा-शर्तों के आधार पर भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है-

| पद का नाम | पे-लेवल / वेतनमान |
|---|---|
| सलाहकार | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अन्तर्गत वेतन लेवल-14 (रूपये 144200-218200) (पूर्व संशोधित वेतन बैंड -4, रूपये 37400-67000 + ग्रेड वेतन रूपये 10000) |

2. आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 10 फरवरी, 2023 है।

3. अन्य विवरण तथा आवेदन-पत्र भादूविप्रा की बेवसाईट www.trai.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

CBC 06202/12/0046/2223

## कोविड के बाद फिर मंदी के दौर में पंजाब का कपड़ा उद्योग, कच्चे माल के दाम 35 फीसदी तक गिरे

चंडीगढ़, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कोविड काल के बाद पंजाब की गारमेंट इंडस्ट्री एक बार फिर मंदी के दौर से गुजर रही है। मांग में कमी के चलते कच्चे माल के दाम 35 फीसदी तक गिर गए हैं, जिसकी वजह से फैक्ट्रियों में करोड़ों रुपये का माल फंस गया है। देश में निर्यात थमने और ठंड की देरी से दस्तक इसकी सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार पंजाब के लुधियाना से होजरी और निटवियर का सालाना तीन हजार करोड़ का निर्यात होता है। यहां कच्चे माल के तौर पर कॉटन भी चीन को भेजा जाता है लेकिन इस बार मांग न होने से निर्यात पिछले कुछ महीने से थम सा गया है। इसका सीधा असर पंजाब के गारमेंट उद्योग पर पड़ा है। वहीं, इस बार ठंड की देरी से दस्तक के कारण देश में ही होजरी उत्पाद की डिमांड घट गई। इसकी वजह से कच्चे माल के दाम 400 रुपये प्रतिकिलो से 195 तक आ गए हैं।

# आरोपी सिरप कंपनी के खिलाफ कड़ा एक्शन

## स्वास्थ्य मंत्री ने कफ सिरप ही नहीं पूरा प्रोडक्शन बंद करने का दिया निर्देश



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। उज्बेकिस्तान में भारतीय कफ सिरप से बच्चों की मौत का दावा किया जा रहा है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस पूरे मामले पर अपनी नजर बनाए हुए है. स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार ( 30 दिसंबर) को ट्विटर के जरिए मामले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खांसी की दवाई डॉक-1 मैक्स में अशुद्धि की रिपोर्ट के मद्देनजर मैरियन बायोटेक की सभी दवाओं के उत्पादन को 29 दिसंबर रात से रोक लगा दी है. इस मामले में आगे की जांच जारी है. बता दें कि उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की कथित तौर पर खांसी की दवाई से मौत के बाद से नोएडा की कंपनी मैरियन बायोटेक सवालों के घेरे में है. उज्बेकिस्तान के इस दावे के बाद भारत सरकार अलर्ट हो गई है. केंद्र की सरकार ने उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत को इंडियन कफ सिरप से जोड़ने के बाद हताहत होने वाले बच्चों को लेकर रिपोर्ट मांगी है.

### स्वास्थ्य विभाग ने लिया एक्शन

उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की कथित मौत के दावों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहता. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया खुद इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं. उन्होंने कहा था कि दवा कंपनी की जांच के आधार पर आगे कदम उठाया जाएगा. उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि बच्चों की मौत डॉक-1 मैक्स दवा पीने से हुई. उत्तर प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि मैरियन बायोटेक कंपनी भारत में खांसी की दवा डॉक -1 मैक्स नहीं बेचती और इसका निर्यात केवल उज्बेकिस्तान को किया गया है. मांडविया ने बताया कि नोएडा स्थित कंपनी के परिसर से खांसी की दवा के नमूने लिए गए हैं और चंडीगढ़ स्थित रीजनल ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी (आरडीटीएल) को जांच के लिए भेजे गए हैं. इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खांसी की दवाई डॉक -1 मैक्स में अशुद्धि की रिपोर्ट के मद्देनजर मैरियन बायोटेक की सभी दवाओं के उत्पादन को गुरुवार (29 दिसंबर) रात से रोक दी है.

### उज्बेकिस्तान ने किया 18 बच्चों की मौता का दावा

उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मरने वाले 18 बच्चों ने डॉक-1 मैक्स सिरप का सेवन किया था. इसका निर्माण नोएडा स्थित मैरियन बायोटेक ने किया था. स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया की जांच में पाया गया कि मृत बच्चों ने अस्पताल में भर्ती होने से पहले इस दवा को 2-7 दिनों के लिए दिन में 3-4 बार लिया था. जिसकी वजह से उनकी मौत हुई. अब उज्बेकिस्तान सरकार ने भारत सरकार से इस मामले में जांच करने और आरोपी कंपनी के खिलाफ कार्रावई करने की मांग की है.

# धमकी देकर पुलिसकर्मी ले रहे थे रुपये, वीडियो वायरल, पीड़ित बोला

### कार्रवाई करें नहीं तो आत्मदाह करूंगा

दमोह, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। दमोह जिले के बटियागढ़ पुलिस थाने के एक आरक्षक का पैसे लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में आरक्षक पैसे गिनते दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने एसपी को आवेदन देकर बताया कि उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर दो आरक्षकों के द्वारा पैसों की मांग की गई थी। पीड़ित ने यह भी बताया है कि यदि कार्रवाई नहीं होती है तो वह आत्मदाह कर लेगा। जानकारी के अनुसार पीड़ित सत्यम राय ने बताया कि बटियागढ़ थाने के आरक्षक आकाश पांडे और रामकिशोर द्वारा आकाश उर्फ तुलसी पिता महेंद्र रजक को 28 दिसंबर की रात शराब लाते हुए स्कूटी सहित पकड़ा था। जिसकी सूचना मिलने पर मैं और रोहित मिश्रा तुलसी की जमानत कराने के लिए थाने गए थे। जहां दोनों आरक्षक आकाश पांडे और आरक्षक रामकिशोर ने हमें थाने के बाहर बुलाया और पीछे ले जाकर बुरी तरह मारा और गालियां देते हुए उन्होंने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और एक लाख रुपये की मांग की। पीड़ित सत्यम राय ने कहा कि वह तो अपने साथी की जमानत कराने आए थे, लेकिन दोनों आरक्षकों ने धमकाया। जिसके कारण डर की वजह से मैंने अपने भाई को फोन लगाकर जानकारी दी। कुछ देर बाद मेरा भाई 50 हजार रुपये लेकर आया और थाने के पीछे क्वार्टर में आरक्षक आकाश पांडे ने पचास हजार रुपये लिए, तब मुझे छोड़ा गया। सत्यम राय ने बताया कि जिस समय आरक्षक पैसे गिन रहा था उसी समय मेरे दोस्त ने चुपके से वीडियो बना लिया। पीड़ित सत्यम राय ने एसपी से मामले की शिकायत की है और न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है।

## भोपाल में बीजेपी के दो मंडल अध्यक्षों पर कार्रवाई

### अरेरा मंडल अध्यक्ष लोखंडे को हटाया; राजेंद्र सिंह को नोटिस

भोपाल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भोपाल में बीजेपी के दो मंडल अध्यक्षों पर कार्रवाई हुई है। अरेरा मंडल के अध्यक्ष मुकुल लोखंडे को पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर हटा दिया गया तो वहीं महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह को नोटिस दिया गया है। बिना सहमति से नियुक्ति करने पर जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने नोटिस दिया। तीन दिन में जवाब मांगा गया है। प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने अरेरा मंडल अध्यक्ष लोखंडे को पद से हटाने का लेटर जारी किया। लेटर में बताया गया कि लोकंडे द्वारा पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी के संदर्भ में आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो कि अनुशासनहीनता के दायरे में आती है। इसलिए प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देशानुसार लोखंडे को तत्काल मंडल अध्यक्ष पद से मुक्त किया जाता है।

# केजरीवाल का मिशन हरियाणा शुरू

## नए साल का दिया तोहफा; एम्स दिल्ली से झज्जर तक बस सेवा का ऐलान

चंडीगढ़, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लोगों को नए साल का तोहफा दिया है। आप सरकार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली से एम्स झज्जर तक दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस सेवा शुरू करेगी। इसके साथ ही इस रूट पर यात्रा करने वाली महिलाओं को निशुल्क सेवा डीटीसी की ओर से दी जाएगी। दिल्ली एम्स से हरियाणा के झज्जर एम्स की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। बस सेवा नजफगढ़ टर्मिनल से एम्स झज्जर तक 13 जगह रूकेगी। इनमें प्रेम नर्सरी मित्रांव गांव, सुरहेरा चौराहा, रावता चौराहा, समसपुर खालसा, उजवा, मलिकपुर जार चौराहा, रावता, दौराला बॉर्डर, मकरोला, मकरोला फैक्ट्री, कलियाबास, इकबालपुर और एम्स झज्जर शामिल है।



### लोगों की मांग पर लिया फैसला

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि हरियाणा के लोगों की मांग को देखते हुए यह फैसला दिल्ली सरकार ने लिया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कई बार झज्जर और हरियाणा के दूसरे जिलों के लोग दिल्ली एम्स से बेहतर कनेक्टिविटी की मांग कर चुके थे, उनकी मांग को देखते इस रूट पर डीटीसी की बसें चलाई जाएंगी।

### गुजरात के बाद हरियाणा पर नजर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के बाद अब हरियाणा पर फोकस करना शुरू कर दिया है। 2024 चुनाव से पहले आप के राष्ट्रीय संयोजक हरियाणा में पार्टी की धमक बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके लिए संगठन को भी बूथ स्तर पर बनाया जा रहा है। साथ ही लोगों से जुड़े मुद्दों पर केजरीवाल विशेष फोकस कर रहे हैं।

### पंचायत चुनाव में आप ने किया बढ़िया प्रदर्शन

हाल ही में संपन्न हुए पंचायत चुनावों में आम आदमी पार्टी ने बढ़िया प्रदर्शन किया था। इन चुनावों में आप ने 100 से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इसमें 15 से अधिक प्रत्याशियों को जीत मिली थी। हालांकि दो जिलों में जिला परिषद के चेयरमैन बनाने में पार्टी सफल नहीं हो पाई। आप के नेताओं ने दावा किया है आने वाले चुनावों में पार्टी और बेहतर करेगी।

# बीएसएफ का खास प्लान

## सीमा पर ड्रोन मार गिराने वाली टीमों को एक लाख का इनाम, अब तक 22 का काम तमाम



अमृतसर (पंजाब), 30 दिसंबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन मार गिराने वाली टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया है। पंजाब में ड्रोन से नशा और हथियारों की तस्करी तेजी से बढ़ी है। बीएसएफ राइफल फायरिंग या जैमिंग तकनीक से पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने वाली टीम को एक लाख रुपये की नकद राशि से प्रोत्साहित कर रही है। इससे पहले जालंधर स्थित बीएसएफ की पंजाब फ्रंटियर ने ड्रोन व नशा-हथियारों के तस्करों के बारे में जानकारी देने वालों को इनाम देने की घोषणा की थी। इस साल सीमा पर 22 ड्रोनों को मार गिराने में बीएसएफ ने सफलता हासिल की। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि एक दर्जन से अधिक टीमों को इनाम दिया जा चुका है। आंकड़ों के मुताबिक बीएसएफ ने 2020 और पिछले साल (जम्मू में 2020 और पंजाब में 2021 में) केवल एक-एक ड्रोन को मार गिराया था। मगर इस बार यह आंकड़ा 22 तक पहुंच गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के साथ लगने वाली 2,289 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन देखे जाने की संख्या 2020 में 77 से बढ़कर 2021 में 104 और इस साल 23 दिसंबर तक 311 हो गई है। इनमें से लगभग 75 प्रतिशत ड्रोन पंजाब में देखे गए हैं। पाकिस्तान पंजाब में लगातार नशा और हथियारों की खेप भेजने की फिराक में लगा है। यही वजह है कि यहां ड्रोन की अधिक गतिविधियां देखने को मिलती हैं। सीमा सुरक्षा बल ने इलेक्ट्रॉनिक जैमर और स्पूफर्स को भी सीमा पर तैनात किया है। इसकी मदद से ड्रोन को रास्ता भटकाने और मार गिराने में मद्द मिलती है। जैमर और स्पूफर ऐसे गैजेट हैं जो विद्युत चुम्बकीय तरंगों का उत्सर्जन करते हैं और ड्रोन को नकली जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) सिग्नल भेजते हैं और उन्हें बाद में 'सॉफ्ट किल' नामक डिवाइस के पायलट या जवानों द्वारा फायरिंग करके मार गिराया जाता है। 'हार्ड किल' नाम की बंदूक से जवान ड्रोन को मार गिराते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने अधिक जानकारी देने से इनकार करते हुए बताया कि ऐसे कुछ उदाहरण हैं, जहां सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन को जाम कर दिया और एक बार उपकरण हवा में स्थिर हो गया तो उसे मार गिराया गया। सीमा पर हिट टीमों को तैनात किया गया है। ड्रोन सीमा पर हथियार व नशीले पदार्थ गिराकर भले ही पाकिस्तान लौट जाए लेकिन तस्कर इस खेप को उठा नहीं पा रहे हैं। पंजाब पुलिस ने भी अपने 200 जवानों को बीएसएफ को उपलब्ध कराया है।

# '...पानी की एक-एक बूंद के लिए लड़ेगा गोवा'

## महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद के बीच बोले सीएम प्रमोद सावंत

गोवा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच चल रहे सीमा विवाद के बीच पड़ोसी राज्य गोवा ने भी महादेई जल बंटवारे को लेकर दावा ठोंक दिया है. गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि महादेई के पानी पर उनका हक है. गोवा महादेई के पानी की एक-एक बूंद के लिए भी लड़ेगा. सीएम सावंत का बयान कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के विधानसभा में यह सूचित किए जाने के बाद आया कि केंद्र सरकार ने महादेई (कर्नाटक में महादयी) के पानी के मोड़ के लिए राज्य की संशोधित परियोजना रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है. बता दें, केंद्र सरकार की ओर से कर्नाटक को कलासा बंदुरी परियोजना के साथ आगे बढ़ने की मंजूरी दे देने की खबरें आई हैं. इस परियोजना का उद्देश्य महादेई नदी की जल धारा को मोड़कर उत्तरी कर्नाटक के तीन जिलों में पेयजल मुहैया कराना है. इसके विरोध में गोवा में प्रदर्शन होते रहे हैं. गोवा में विरोध-प्रदर्शनों पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद



सावंत प्रदर्शनकारियों को यह दिलासा देते रहे हैं कि उनकी सरकार जल की धारा मोड़ने की अनुमति नहीं देगी. उन्होंने पड़ोसी राज्य कर्नाटक के साथ महादेई नदी के जल बंटवारा विवाद पर पहले भी लोगों से धैर्य बनाए रखने को कहा था. कल जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज एस. बोम्मई का महादेई नदी को लेकर बयान आया तो अब सांवत ने कहा है, गोवा महादेई के पानी की हर बूंद के लिए संघर्ष करेगा. दोनों मुख्यमंत्रियों के बयानों से ऐसा लगता है कि इन राज्यों ने पानी को लेकर अपना पुराना विवाद फिर से शुरू कर दिया है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कर्नाटक सरकार ने 3.9 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी के डायवर्जन के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसमें- बंडुरी से 2.18 हजार मिलियन क्यूबिक फीट और कलासा नदियों (महादेई की दो सहायक नदियों) से 1.72 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी पीने के उद्देश्य से हासिल करना है. इसी मर्तबा कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने घोषणा की कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को केंद्र द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और नदी की जलधारा मोड़ने के लिए अब कर्नाटक काम शुरू कर सकता है. इस पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा, डीपीआर की मंजूरी के बावजूद, कर्नाटक म्हादेई नदी के पानी को डायवर्ट नहीं कर सकता है, क्योंकि वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट, 1972 के तहत कलसा नदी के पानी को किसी भी तरह से डायवर्ट नहीं किया जा सकता है.

## शिकंजा: एनआईए ने पीएफआई से जुड़े 11 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया द्वारा आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन और आतंकवादी गतिविधियों के लिए व्यक्तियों की भर्ती से संबंधित हैदराबाद की एक विशेष अदालत के समक्ष कल 11 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया। इस चार्जशीट में इन आरोपियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने कहा कि इस साल चार जुलाई को तेलंगाना के निजामाबाद जिले में मामला दर्ज किया गया था और बाद में एनआईए ने 26 अगस्त को फिर से मामला दर्ज किया था और कार्रवाई शुरू की थी। एनआईए की जांच से पता चला है कि ये सभी आरोपी भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बना रहे थे और उन्हें भारत सरकार के साथ-साथ अन्य संगठनों और व्यक्तियों के खिलाफ नफरत और जहर भरे भाषणों के जरिए पीएफआई में भर्ती कर रहे थे।

# गुलाम की कांग्रेस में होगी वापसी? सोनिया की करीबी कर रहीं बात

## जयराम ने भी भेजा संदेश...बस 'एक कॉल' की दूरी

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद की घर वापसी कराने की कोशिशें तेज हो गई हैं. सोनिया गांधी की करीबी अंबिका सोनी आजाद के संपर्क में हैं. गुलाम नबी आजाद को पहले भारत जोड़ो यात्रा में शामिल करवाने की रणनीति है, उसके बाद उनकी कांग्रेस में वापसी कराई जाएगी. उन्होंने इस साल अगस्त में राहुल गांधी की 'नेतृत्व क्षमता' पर सवाल उठाते हुए और उन्हें 'चाटुकारों' से घिरा हुआ बताकर कांग्रेस पार्टी के साथ अपनी करीब आधा दशक (50 वर्ष) पुरानी यात्रा को विराम दे दिया था. आजाद ने जम्मू-कश्मीर की राजनीति में उतरने का ऐलान करते हुए अपनी 'आजाद डेमोक्रेटिक पार्टी' बनाई. उनके इस फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर कांग्रेस में भी टूट पड़ी और कई वरिष्ठ नेता आजाद के साथ आ गए. लेकिन 'आजाद डेमोक्रेटिक पार्टी' गठन के 4 महीने बाद ही टूटने लगी है. एक के बाद एक, कई नेताओं ने गुलाम नबी आजाद का साथ छोड़कर कांग्रेस में वापसी कर ली है. सूत्रों की मानें तो आजाद राजनीतिक रूप से अब कमजोर पड़ गए हैं, और कांग्रेस में अपनी वापसी को लेकर सकारात्मक हैं. इधर कांग्रेस भी बिना शर्त उनकी वापसी की बात कह रही है. अंबिका सोनी ने गुलाम नबी आजाद से इस बारे में बात कर रही हैं. हालांकि, अभी तक कुछ भी आधिकारिक रूप में नहीं कहा गया है. कांग्रेस के अंदर आजाद के नेतृत्व वाले जी-23 में शामिल रहे नेता, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी उनसे बात कर रहे हैं. इसके अलावा बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष और जी-23 के सदस्य रहे अखिलेश प्रसाद सिंह भी आजाद के संपर्क में हैं. नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का एलान कर चुके हैं. इसके बाद आजाद पर भी दबाव और बढ़ गया है. कांग्रेस से बगावत करने वाले उनके कुछ और साथी भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की फिराक में हैं. कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को समझा रहे हैं कि उन्हें भी भारत जोड़ो यात्रा से जुड़कर घर वापसी कर लेनी चाहिए. सूत्रों की मानें तो '10 जनपथ' के खास, राहुल गांधी के करीबी जयराम रमेश ने भी आजाद को एक मैसेज किया है.

# उमा बोलीं- राम भक्ति पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं

## भोपाल सांसद प्रज्ञा के बयान पर कहा- शस्त्र रखना गलत नहीं



छिंदवाड़ा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा की सीनियर लीडर उमा भारती ने कहा कि भगवान राम और हनुमान की भक्ति पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है। भगवान राम और हनुमान भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं। जब भाजपा का अस्तित्व नहीं था, जब मुगल शासन था, अंग्रेजों का शासन था, तब भी भगवान राम और हनुमान थे। अगर हम भाजपा वालों ने ये भ्रम पाल लिया है कि नहीं हमने आंखें खोली, तब सूरज-चांद निकल आए, तो फिर ये हमारे लिए विनाशकारी साबित होगा। पूर्व मुख्यमंत्री उमा छिंदवाड़ा पहुंची थीं। छिंदवाड़ा के सिमरिया में कमलनाथ द्वारा बनवाए गए हनुमान मंदिर पर उन्होंने कहा कि भगवान राम का भक्त कोई भी हो सकता है। उन्होंने भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर के हथियार रखने के बयान का भी समर्थन किया। बोलीं- शस्त्र रखना गलत नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा के सर्किट हाउस में मीडिया से चर्चा में कहा कि जहां डेमोक्रेसी है, वहां कोई व्यक्ति, कोई जाति पॉलिटिकल सिस्टम का बंधक नहीं हो सकता। हम ये भ्रम न पालें कि सारा हिंदू समाज हमारा वोटर होगा। चाहे हमने राम मंदिर का निर्माण किया हो। हिमाचल में हम नहीं जीत पाए। क्या वे अहिंदू थे जिन्होंने हमें वोट नहीं दिया? पार्टी का कार्यकर्ता और नेता मर्यादा में बंधा है, मतदाता स्वतंत्र है।

### हिंसक विचार रखना गलत, शस्त्र रखना नहीं...

भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कर्नाटक के शिवमोगा में दिए बयान में कहा था- अपने घरों में हथियार रखो। कुछ नहीं तो कम से कम सब्जियां काटने के लिए चाकू तेज रखो, पता नहीं क्या स्थिति पैदा हो जाए। इससे पहले मध्यप्रदेश सरकार में संस्कृति और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने भोपाल में कहा था- मैं सबसे निवेदन करती हूं कि हम सब शस्त्र लाइसेंस लें। सांसद और मंत्री के इन बयानों का समर्थन करते हुए उमा भारती ने कहा है कि भगवान राम ने भी वनवास काल में शस्त्र को न छोड़ने की प्रतिज्ञा ली थी। शस्त्र रखना गलत नहीं है, बल्कि हिंसक विचार रखना गलत है। शस्त्र आपके भाव में आत्मरक्षा और दूसरे की रक्षा के लिए हो।

### कन्हैया कुमार के लिए कहा, वे अच्छा फाइटर...

उमा भारती ने कन्हैया कुमार के लिए कहा कि उनका दिमाग कम्युनिस्ट सोच से चलता है। कम्युनिस्ट की संख्या तो कम हो गई है, लेकिन ये करैत सांप की तरह हैं। करैत कम होते हैं, लेकिन बहुत जहरीले होते हैं। कम्युनिस्ट को हिंदुत्व सोच से नफरत है। यही जहर कन्हैया में है। दिमाग से जहर कन्हैया की जीभ पर आ जाता है। नहीं तो लड़का अच्छा है। अपनी वाणी को कंट्रोल रखे, तो वह अच्छा फाइटर है। शोषित वर्ग का अच्छा नेतृत्व कर सकता है।

### क्या मुरैना में शराब से मौतें नहीं हुईं?

उमा भारती ने कहा, देश की तीन लॉबी बहुत खतरनाक हैं- शराब लॉबी, खनन लॉबी और पावर लॉबी। ये देश को खा जाना चाहती हैं। कहा जा रहा है कि बिहार में जहरीली शराब से मौतें हुईं। क्या मुरैना में नहीं हुई थी जहरीली शराब से मौतें। यहां तो शराबबंदी नहीं है। मैं शराब से बहुत नफरत करती हूं। मेरा वश चलेगा तो मैं शराब का नाम-ओ-निशान मिटा दूंगी। चूंकि, मुझे ये मानना पड़ा कि एक नियंत्रित वितरण शराब प्रणाली होना चाहिए, इस पर मैं एग्री हूं। पार्टी अध्यक्ष वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज और मैं नई शराब नीति पर एकमत हैं। नई शराब नीति 1 अप्रैल से लागू होगी, इसमें मेरे सभी परामर्श शामिल किए जाएंगे। नीति शायद जनवरी में घोषित होगी।

### देश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत खराब

उमा भारती ने कहा, गांव में स्वास्थ्य की हालत खराब। भारत की दो व्यवस्थाएं बहुत खराब हैं। एक शिक्षा की और दूसरी स्वास्थ्य की। सरकार और प्राइवेट व्यवस्था में बहुत बड़ा अंतर है। मैं यह नहीं कहूंगी कि सरकारी जैसी व्यवस्था कर दीजिए, फिर तो देश ही बदहाल हो जाएगा। प्राइवेट जैसी सरकारी व्यवस्था कर देना चाहिए।

### कांग्रेस ने कलाकंद के केक को अंडे का बताकर बवाल मचाया

उमा भारती ने कहा कि उन्हें छिंदवाड़ा से गहरा लगाव है। पहले भी जाम सावली मंदिर आती रही हूं। चुनाव (विधानसभा चुनाव 2003) के समय जबलपुर के एक समर्थक ने उन्हें कलाकंद का केक लाकर दिया था। इसे अंडे का केक बताकर कांग्रेस ने खूब बवाल मचाया था। दिग्विजय सिंह ने इसे इश्यू बना दिया। चुनाव परिणाम जब आए, तो एक बात साफ हो गई कि अंडा किसे मिला और कलाकंद किसे मिला।

### पठान के गाने पर राजनीति और आंदोलन की जरूरत नहीं

उमा भारती ने शाहरुख खान की अपकमिंग मूवी पठान के बेशर्म रंग... गाने पर मच रहे बवाल पर कहा कि आंदोलन और राजनीति की जरूरत नहीं है। सेंसर बोर्ड को यह दृश्य हटा देना चाहिए। भाजपा की सरकार है। किसी भी धर्म और रंग का कोई अपमान नहीं होना चाहिए। भगवा रंग हम भारतीय का प्रतीक है।

### खुर्शीद के बयान पर राहुल गांधी को कहा बेचारा

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर उमा भारती ने कहा, भारत टूटा ही कहां है? भारत तो अब जुड़ रहा है। जम्मू-कश्मीर से 370 हट गई। इससे ज्यादा मजबूती से भारत जुड़ा। भारत तो एक ही बार टूटा, जब कांग्रेस ने बंटवारा करा दिया देश का...। अगर भारत जोड़ना है, तो उस हिस्से को लाने की बात करे कोंग्रेस, जो कांग्रेस सरकार के समय टूट गया। सलमान खुर्शीद के भगवान राम से राहुल की तुलना पर कहा कि ऐसा करके वे खुद हंसी के पात्र बनेंगे, उसे बेचारे (राहुल गांधी) को भी बना देंगे।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 31 दिसंबर, 2022

# वजह मामूली, नतीजा जानलेवा

मच्छरों के काटने से होने वाली आम बीमारियों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, पीला बुखार, जीका वायरस, जापानी बुखार (इंसेफलाटिस), और फाइलेरिया प्रमुख हैं। अमेरिकी मच्छर नियंत्रण संगठन के अनुसार, हर साल मच्छर जनित बीमारियों से दुनिया भर में दस लाख से अधिक लोग मर जाते हैं। हर साल जाड़े और गर्मियों की शुरुआत में मच्छरों से फैलने वाले रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। इस बार देश के कई राज्यों में मच्छरों की बढ़वार काफी ज्यादा रही। 'नेशनल सेंटर फार वैक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल' के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कई सालों के मुकाबले इस बार मच्छरों की अच्छी-खासी संख्या देखी जा रही है। शायद यही वजह है कि दिल्ली और उसके आसपास ही नहीं, देश के बाकी राज्यों में भी इस बार मच्छर जनित बीमारियों, जैसे डेंगू, चिकनगुनिया के अलावा मलेरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बीते अक्तूबर तक देश में एक लाख दस हजार से ज्यादा डेंगू के मामले आ चुके थे। करीब इतने ही चिकनगुनिया के संदिग्ध मामले भी पाए गए। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब सहित कई राज्यों में डेंगू और चिकनगुनिया के रोगियों की अस्पतालों में भीड़ बढ़ी है।

मच्छर जनित रोग न केवल मनुष्यों को प्रभावित करते हैं, बल्कि कुत्तों और घोड़ों में भी कई बीमारियों और परजीवियों को प्रसारित करते हैं। मच्छरों के काटने से होने वाली आम बीमारियों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, पीला बुखार, जीका वायरस, जापानी बुखार (इंसेफलाटिस), और फाइलेरिया प्रमुख हैं। अमेरिकी मच्छर नियंत्रण संगठन के अनुसार, हर साल मच्छर जनित बीमारियों से दुनिया भर में दस लाख से अधिक लोग मर जाते हैं। डेंगू बुखार एक विषाणु संक्रामक रोग है, जो एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह कभी-कभी मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द का कारण बनता है। डेंगू बुखार के लक्षण उम्र पर निर्भर करते हैं और आमतौर पर किसी व्यक्ति को संक्रमित मच्छर द्वारा डंक मारे जाने के बाद चार से सात दिनों के भीतर बुखार के साथ शुरू होता है।

डेंगू के सबसे आम लक्षण हैं- मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, गंभीर सिरदर्द, लाल चकत्ते जो छाती, पीठ या पेट पर शुरू होते हैं और अंगों और चेहरे तक फैलते हैं। आंखों के पीछे दर्द, मतली और उल्टी-दस्त। डाक्टर इसके रोगी को पर्याप्त आराम करने और तरल पदार्थों के सेवन की सलाह और लक्षणों के आधार पर कुछ दर्द निवारक दवाएं देते हैं। कभी-कभी यह रोग रक्तस्नावी बुखार का कारण बन सकता है, जिसमें छोटी रक्त वाहिकाओं का रिसाव होता और पेट तथा फेफड़ों में तरल पदार्थ भर जाता है। ऐसे मामलों में, तुरंत चिकित्सा के साथ मरीज के देखभाल की आवश्यकता होती है। चिकनगुनिया शब्द का अर्थ है 'मुड़ कर चलना'। बुखार और जोड़ों का दर्द चिकनगुनिया के महत्त्वपूर्ण लक्षण हैं।

चिकनगुनिया विषाणु मुख्य रूप से एक संक्रमित मादा 'एडीज इजिप्टी' के काटने से फैलता है। कुछ दुर्लभ मामलों में, चिकनगुनिया विषाणु संक्रमित व्यक्ति के रक्त के संपर्क में आने से फैल सकता है। इस बीमारी का निश्चित रूप से केवल एक रक्त परीक्षण द्वारा निदान किया जा सकता है और इसके लिए कोई टीका उपलब्ध नहीं है। इसके प्रभाव से जोड़ों का दर्द (दो साल तक) रह सकता है। अन्य गैर-विशिष्ट वायरल लक्षण जैसे सिरदर्द, भूख न लगना आदि हैं। चिकनगुनिया का कोई इलाज नहीं है,



लेकिन ज्यादातर लोग इस स्थिति से ठीक हो जाते हैं।

पीला बुखार केवल अमेरिका और अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में होता है। इसमें जंगल और शहरी चक्र दोनों हैं। यह अब दुर्लभ यात्रियों की बीमारी है, इसलिए कई देशों में प्रवेश करने से पहले पीले बुखार का टीकाकरण अनिवार्य है। जबकि यह एशिया में नहीं होता है। पीला बुखार में पीली त्वचा और आंखें पीली हो जाती हैं। तेज बुखार के साथ सिरदर्द, ठंड लगना, उल्टी, पीठ दर्द होता है। गंभीर लक्षणों में उच्च बुखार, पीलिया, खून बहना, झटका, कई अंगों की विफलता शामिल है। पीले बुखार का भी कोई विशिष्ट उपचार नहीं है। उपचार प्रयासों का उद्देश्य लक्षणों के प्रबंधन और जटिलताओं को रोकना है। 'ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी' ऐसा ही एक तरीका है।

जीका वायरस संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यही मच्छर चिकनगुनिया के साथ-साथ डेंगू भी फैलाते हैं। जीका वायरस मुख्य रूप से दुनिया के उष्ण कटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में होता है। जीका वायरस से संक्रमित अधिकांश लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखता। हालांकि, जब लक्षण होते हैं, तो वे आमतौर पर संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के दो से सात दिनों के बाद शुरू होते हैं। इसमें हल्का बुखार, खरोंच, जोड़ों या मांसपेशियों में दर्द होता है। अन्य लक्षणों में सिरदर्द और आंखों में लाली भी शामिल हैं। अधिकांश लोग पूरी तरह से ठीक हो जाते हैं और इसके लक्षण लगभग एक सप्ताह में खत्म हो जाते हैं। हालांकि, गर्भवती महिलाओं में यह अधिक गंभीर होता है, क्योंकि इससे बच्चों में छोटे सिर और मस्तिष्क क्षति जैसे जन्म दोष हो सकते हैं। इस बीमारी से बचाव के लिए फिलहाल कोई टीका नहीं है।

एशिया में दिमागी बुखार आमतौर पर ग्रामीण या कृषि क्षेत्रों में होता है, जो अक्सर धान की खेती से जुड़ा होता है। दिमागी बुखार का विषाणु क्यूलेक्स मच्छरों के डंक से मनुष्यों में फैलता है। अधिकांश इंसेफेलाइटिस संक्रमण बुखार और सिरदर्द के साथ शुरू होते हैं, या स्पष्ट लक्षणों के बिना, लगभग ढाई सौ मामलों में से एक, को गंभीर बीमारी होती है। दिमागी बुखार की शुरुआत तेज बुखार, भयानक सिरदर्द, गर्दन में अकड़न से होती है। कुछ गंभीर मामलों में पक्षाघात और मूर्च्छा के लक्षणों वाले लोगों में मृत्यु दर तीस फीसद तक हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस बीमारी से हर साल हजारों लोगों की मौत हो जाती थी। इसके उपचार में डाक्टर रोगी को आराम, तरल पदार्थ के सेवन की सलाह के साथ एंटीवायरल दवाएं देते और लक्षण पर आधारित चिकित्सा करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने टीकाकरण अभियान चला कर इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफलता प्राप्त की है।

मलेरिया एक जानलेवा मच्छर जनित रक्त रोग है, जो 'प्लास्मोडियम' नामक परजीवी के कारण होता है, जो संक्रमित एनोफिलीज मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है। मानव शरीर में, परजीवी यकृत में और फिर लाल रक्त कोशिकाओं में फैल जाते हैं। इसकी कई दवाएं बन गई हैं। फाइलेरिया को फीलपांव भी कहा जाता है, परजीवी कीड़े के कारण होता है और मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। यह उष्ण कटिबंधीय और परजीवी रोग लिम्फ नोड्स और वाहिकाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इस बीमारी के कारण हाथ-पैरों में काफी सूजन आ जाती है। प्रभावित क्षेत्र की त्वचा हाथी जैसी दिखने वाली मोटी और सख्त हो जाती है। यह रोग ज्यादातर उष्ण कटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में पाया जाता है।

अधिकांश लोग, जिन्हें यह रोग होता है, उनमें स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देंगे। परजीवी लसीका प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। व्यक्तियों का एक छोटा फीसद लिम्फेडेमा विकसित कर सकता या पुरुषों में हाइड्रोसील विकसित हो सकता है। यह ज्यादातर पैरों को प्रभावित करता है, लेकिन जननांगों, स्तनों और बाहों में भी हो सकता है। कई व्यक्तियों में संक्रमित होने के वर्षों बाद इन लक्षणों का पता चलता है। एक संक्रमित व्यक्ति के उपचार का मुख्य उद्देश्य वयस्क कृमि को मारना होता है। इसके लिए चिकित्सक डायथाइलकार्बामाजिन साइट्रेट (डीईसी) नामक दवा देते हैं। आइवरमेक्टिन का उपयोग माइक्रोफाइलेरिया के खिलाफ करते हैं, लेकिन वयस्क परजीवी पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। देश में मच्छरों की आबादी इतनी अधिक है कि उनसे लड़ना चुनौतियों से भरा है। जब तक मच्छरों पर नियंत्रण नहीं होगा, तब तक संचारी रोगों पर लगाम मुश्किल है। सरकारों को इसी दिशा में सोचने की जरूरत है।

## राजनीतिक भीड में भगदड़

राजनीति का गजब ही खेल है। जिसके पास जितनी भीड वह नेता उनता ही ताकतवर। कुल मिला कर जनाधार और जनबल का प्रदर्शन ही राजनीति का असली खेल है। इसलिए कोई भी राजनेता हो या राजनीतिक दल उनमें हमेशा ही ऐसे प्रदर्शनों की होड़ मची रहती है जिसमें भीड की गुंजाइश हो। लेकिन ऐसे राजनीतिक प्रदर्शनों में यदि आम लोगों की भीड जरूरत से ज्यादा हो जाए तो उसमें भी लोगों को कई तरह की दुश्वारियां झेलनी पडती है। कभी-कभी तो जान गंवाकर भी ऐसे प्रदर्शनों की शोभा बढ़ाई जाती है। जुटाई गई भीड में कितने लोगों की जान गई इसकी फिक्र शायद ही किसी राजनीतिक दल को रहती हो। इसी बेपरवाही का ताजा नतीजा है आंध्र प्रदेश में नेल्लोर का हादसा। जिसमें आठ लोगों को जान गंवाई पडी है। बता दें कि तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने सड़क पर प्रदर्शन निकाला था। उसी दौरान भगदड़ मची और उसमें दब कर आठ लोगों की मौत हो गई। कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात पर हाथापाई शुरू हो गई, जिससे भगदड़ मची और यह जानलेवा हादसा हो गया। मृतकों के परिजनों को एनटीआर ट्रस्ट की तरफ से दस-दस लाख रुपए देने की घोषणा कर दी गई है। दस लाख में मृत परिवारों के कितने आंसू पोंछ पाएंगे कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस घटना से गंभीर सवाल खडा हो गया है कि राजनीतिक दल अपनी शक्ति प्रदर्शन की होड़ से फुरसत निकाल कर कब इस बात पर विचार करेंगे कि उनकी रैलियों में शामिल लोग बलि का बकरा नहीं हैं। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी रैली निकालने वालों की ही है। नेल्लोर की यह कोई पहली घटना नहीं है जब किसी राजनीतिक प्रदर्शन में मची भगदड़ मची या अचानक हिंसा भड़की हो और लोग मारे गए हो। पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में ऐसी सैकड़ों घटनाएं दर्ज हैं। वहां तो हिंसा और राजनीति का चोली दामन जैसा साथ है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर हिंसक हमले करने में ही अपनी शान समझते हैं। केरल का भी राजनीतिक इतिहास खूनी संघर्ष की गाथाओं से भरा पडा है। देश का शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं, आम लोगों को कीमत न चुकानी पड़ी हो। रैलियों में भाड़े के कार्यकर्ता जुटाने की परंपरा अब पुरानी हो चुकी है। उसमें लोग लाए तो बड़े जोश के साथ हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा और खाने-पीने आदि की फिक्र कम ही की जाती है। ये भाड़े के लोग आमतौर पर सामान्य जन होते हैं। उनका संबंधित दल से कोई वैचारिक लगाव भी नहीं होता। रैलियों में जब किसी वजह से भगदड़ मचती या हिंसक हमले शुरू होते हैं, तो उन्हें अपने बचाव का तरीका सूझ नहीं पाता और अक्सर वही बलि का बकरा बनते हैं। इसलिए भी शायद कुछ बडे नेताओं को उनकी कोई फिक्र नहीं होती। विचित्र है कि चंद्रबाबू नायडू अपनी और अपनी पार्टी की अहमियत साबित करने सड़क पर प्रदर्शन करने निकले थे, मगर उनके कार्यकर्ताओं में ही अनुशासन नाम की कोई झलक नहीं दिखाई दे रही थी। जब भी इस तरह भारी संख्या में भीड़ सड़कों पर निकलती है, तो किसी उपद्रव, हिंसा, भगदड़ आदि की आशंका हमेशा बनी रहती ही है। इसके मद्देनजर प्रशासन तो सतर्क रहता ही है, प्रदर्शन, रैली आदि आयोजित करने वाले संगठनों से भी अपेक्षा की जाती है कि उनकी रैली भी शामिल भीड को भी अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। प्रदर्शन कर रहे राजनीतिक दलों को तो खासकर ध्यान रखना चाहिए कि कहीं उनके प्रदर्शन में कोई विपक्षी तो विघ्न डालने नहीं पहुंच गया है। हालात तो तब नाजुक बन गए जब तेलुगू देशम के कार्यकर्ता आपस में ही भिड गए। ऐसे में भीड़ की व्यवस्था सुचारु रखने की उम्मीद भला किससे की जा सकती है। रैलियों, प्रदर्शनों आदि में होने वाले ऐसे हादसों की आपराधिक जिम्मेदारी पहले से ही तय हो जाना चाहिए ताकि राजनीतकि दल के नेता खुद ही सारे इंतजाम पर नजर रखें और उनसे किसी तरह की लापरवाही भी नहीं होगी।

## संघर्ष और आत्मनिर्भरता



संजीव ठाकुर

पराधीन सपने हूं सुख नाही यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि ₹एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं₹,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी दैव दैव आलसी₹ पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

## नाजायज रिश्ते बन रहे हैं अपराध की बुनियाद?



मनोज कुमार अग्रवाल

इन दिनों एक के बाद एक ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनमें नाजायज रिश्ते के चलते पति - पत्नी तो कहीं प्रेमी या प्रेमिका के कत्ल की वजह बन रहे हैं कहीं विवाहेत्तर संबंध में फंसी पत्नी पति को रास्ते से हटाने के लिए कत्ल करा रही है तो कहीं पति ही अवैध संबंध के चलते पत्नी का कत्ल कर रहे हैं। रिश्तों की पवित्रता टूट रही है तो परिवार भी टूट रहे हैं और गुनाह कर खून से हाथ रंग कर जेल की हवा खा रहे हैं। इन हालात में भारतीय समाज की परंपरागत मान्यताओं को भी जबरदस्त आघात पहुंच रहा है।

ताजा वारदात मेरठ में सामने आई है लवर भांजे के साथ मिलकर पति की सोते हुए हत्या करने वाली पत्नी को उसके प्रेमी समेत गिरफ्तार किया गया है। प्यार को पाने की चाहत में उसने सोते हुए पति के पैर पकड़े, फिर उसके लवर भांजे ने पति का गला घोंट दिया। हत्या करने के बाद दोनों घर के अलग- अलग कमरों में जाकर दोबारा सो गए। सुबह दोनों ने अधिक शराब पीने की वजह से मौत होने की बात कही और लोगों को शक होने से पहले अंतिम संस्कार भी करवा दिया। मगर परिवार के शक ने मर्डर केस खोल दिया। हत्यारोपी पत्नी और भांजे ने पुलिस कस्टडी में अपना जुर्म कबूल किया है । रिश्तों के इस तानाबाना में विवाहेत्तर संबंध का दर्दनाक नतीजा इस हत्याकांड के रूप में सामने आया है। जिस प्रेमी राहुल के साथ मिलकर पूनम ने पति की हत्या कर दी वो उसका मुंहबोला भांजा है।परिजनों का कहना है कि राहुल, पूनम का पुराना प्रेमी है। शादी से पहले दोनों एक-दूसरे को प्यार करते थे। मगर पूनम की शादी अनिल से हो गई। किसी को पूनम पर शक न हो, प्रेमी राहुल को घर में एंट्री मिल जाए इसलिए पूनम ने सबको बताया कि राहुल उसका मुंहबोला भांजा है।भांजा बनकर राहुल घर में आने-जाने लगा।इस बात पर अक्सर अनिल के माता-पिता विरोध जताते। राहुल की गलत हरकतें देखकर घर में विवाद भी होने लगा। जब परिजनों ने अनिल से कहा कि राहुल ठीक नहीं हैं तो पूनम ने विरोध किया। बाद में अनिल माता-पिता, भाइयों से अलग रहने लगा। अब इस प्रेम कहानी की परिणति ऐसी खौफनाक अंजाम में होगी यह कोई नहीं जानता था। मृतक अनिल के भाई बॉबी ने थाने में तहरीर दी है। इसमें उसने राहुल-पूनम के कबूलनामे को भी लिखा है। कि राहुल, पूनम एक दूसरे से प्यार करते थे।

दोनों के संबंध थे। यह बात अनिल को मंजूर नहीं था, वो इसका विरोध करता था। दोनों ने मिलकर अनिल को मार दिया।

गाजियाबाद के विजयनगर इलाके में घर में दो दिन पहले मिली महिला के लाश के मामले में पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, साथ रह रहे तीसरे पति ने ही महिला की चाकू मारकर

हत्या की थी। उसको ये बात नागवार गुजरती थी कि पत्नी अब भी दूसरे पति से क्यों मिलती है। पुलिस ने आरोपी पति को अरेस्ट कर लिया है।विजयनगर थाना क्षेत्र के वृंदावन एन्क्लेव में विनोद शर्मा अपनी

पत्नी भव्या शर्मा और पुत्र आदिल संग रहता था। 26 दिसंबर की सुबह भव्या शर्मा मृत अवस्था में मिली। विनोद के मुताबिक, 25 दिसंबर को भव्या इंदौर से लौटी थी। रात में उसने खाना खाया और सो गई। इसके बाद 26 दिसंबर की सुबह वो मृत पाई गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो शरीर पर चाकू की चोट का निशान मिला। इसके बाद जब पुलिस ने विनोद से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारा जुर्म इकबाल कर लिया है ।गाजियाबाद के एक ओयो होटल में फिर एक और कांड हुआ है। इस बार भी गर्लफ्रेंड जाने की जिद कर रही थी और बॉयफ्रेंड उसे रोकने पर अड़ा था। इसी पर विवाद हुआ और बॉयफ्रेंड ने होटल के कमरे में फांसी लगा कर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गर्लफ्रेंड से पूछताछ जारी है।दिल्ली में मंडौली के सुशीला गार्डन निवासी 29 वर्षीय प्लंबर कैलाश मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गाजियाबाद में साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित ओयो हिंडन रेजिडेंसी होटल में अपनी गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचा। ये होटली गांव करहैड़ा में स्थित है। दोपहर करीब 3 बजे गर्लफ्रेंड ने यूपी-112 को कॉल करके बताया कि कैलाश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर पुलिस होटल में पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।पुलिस ने मृतक की गर्लफ्रेंड से पूछताछ की। महिला ने बताया वो शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। कैलाश ने होटल में मिलने के लिए बुलाया था। वो करीब दो घंटा तक यहां मौजूद रही। दोपहर 2 बजे घर जाने के लिए कहा। कैलाश ने गर्लफ्रेंड से कहा कि वो अभी ना जाए और यहीं पर रुक जाए। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। महिला ने बताया कि इस दौरान बाथरूम में चली गई। करीब 10 मिनट बाद बाहर आई तो कैलाश की लाश उसकी चुन्नी के सहारे पंखे पर लटकी थी।यह मामला भी नाजायज संबंध से जुड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।इस वारदात से दो दिन पहले भी गाजियाबाद जिले के ही मुरादनगर के एक ओयो होटल में एक महिला की हत्या कर उस का प्रेमी फरार हो गया था। गाजियाबाद के कस्बा मुरादनगर में भी रविवार रात बॉयफ्रेंड गौतम सिंह ने शादीशुदा प्रेमिका रचना की गला दबाकर हत्या कर दी थी। दोनों पिछले तीन दिन से साथ थे। दोनों के बीच नाजायज रिस्ते बने थे।तीन दिन से होटल में साथ रह रही विवाहित प्रेमिका रचना अपने घर जाने के लिए बोल रही थी, जबकि गौतम नहीं चाहता था कि वो घर जाए। इस बात पर विवाद हुआ और गौतम ने हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जनपद चंदौली में घटित खुशबू हत्याकांड का खुलासा भी नाजायज संबंधों का नतीजा साबित हुआ है। अलीनगर थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी में उसके प्रेमी ने ही हत्या की थी। सीओ अनिरूद्ध सिंह के अनुसार सिरफिरे आशिक ने सब्जी काटने वाले चाकू से गला रेत कर खुशबू की हत्या की थी।

वह खुशबू की शादी तय होने से नाराज था। में उसने खुशबू के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद घटना को अंजाम दिया। पुलिस जांच में पाया गया है कि खुशबु और उस के प्रेमी नीरज यादव के बीच अवैध संबंध भी स्थापित हो गया था।

## तेरी मुर्गी की ऐसी की तैसी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

सभी जानते हैं कि हम कांक्रिट के जंगल में रहते हैं। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो हर पाँच साल के लिए जंगल का राजा चुन लेते हैं। सबको पता है कि जंगल का राजा शेर होता है। चूंकि जंगल में अलग-अलग तरह के जानवर रहते हैं इसलिए सभी शेर नहीं हो सकते। इसलिए हम जिसे चुनते हैं, उसे ही शेर मान लेते हैं। हुआ यूँ कि एक दिन इसी जंगल में पक्षी कहलाने वाले निरीह प्रजा के घोंसले में गुंडई करने वाला साँप घुस आया। आप जानते ही हैं कि साँप को अंडे कितने प्रिय हैं। वह अपने स्वभाव के अनुसार आए दिन अंडे खाता रहा। पक्षी की बेबसी यह थी कि वह केवल वोट डालकर राजा चुन सकता था, लेकिन राजा के पास पहुँचना उसके बस की बात नहीं थी।

वह क्या है न कि दुनिया वोट से पहले और बाद के बाद अलग होती है। अंतर केवल इतना होता है कि वोट वाले दिन अमीर-गरीब, ऊँच-नीच, छोटा-बड़ा सब एक समान होते हैं। उसके पहले या उसके बाद फिर से दुनिया इनमें भेद करने लगती है।

सौभाग्य से पक्षियों का पक्ष रखने के लिए भालू आगे आया। उसने पक्षियों की पैरवी की। इस कान उस कान मामला शेर तक तक पहुँचा। शेर तो शेर होता है। इसे सिद्ध करने के लिए उसने साँप का खात्मा कर डाला। पक्षियों को शेर की सुरक्षा का आश्वासन मिल गया। लेकिन भालू दोहरी खाल वाला था। मृत साँप के बंधुजनों से मिलकर उनके पक्ष में खड़ा हो गया।

वहाँ उसने मृत साँप के परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दे डाला। वह जंगल के अन्य जानवरों के साथ मिलकर फिर से शेर के पास हाजिरी लगाई। इस बार वह मृत साँप के परिजनों के लिए न्याय चाहता था।

शेर को लगा कि मैं किसी को भी दंड देता हूँ तो वह किसी न किसी को अन्याय लगेगा। इसलिए स्थाई समाधान ढूँढ़ने की आवश्यकता है। बहुत सोचने-समझने के बाद शेर ने पक्षियों को अपने पास बुलाया। फिर कहा, इस झगड़े का मूल अंडों में छिपा है।

इसलिए मैं आदेश देता हूँ कि अब से तुम अंडे नहीं दोगे। न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी। सभी जानवरों ने शेर के फैसले का समर्थन किया। इस तरह जंगल का शासन 21वीं सदी में भी बदस्तूर जारी है।

## नए साल में नया सियासी नजारा

एक और साल बीतने में 48 घंटे से भी कम समय रह गए हैं। बीत रहे साल में सियासी उठापठक अपेक्षाकृत कम देखने को मिली। पक्ष-विपक्ष दोनों खेमों में बड़ी लड़ाई की तैयारी करने और रणनीति बनाने में अधिक वक्त बीता। साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में तो साल के अंत में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए। इन चुनावों के परिणाम मिश्रित रहे। लेकिन उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में बड़ी जीत हासिल कर बीजेपी इस साल भी खुद को सबसे मजबूत दिखाने में सफल रही। हालांकि विपक्ष ने भी बीजेपी के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए और उसे आने वाले समय में इसका सियासी प्रीमियम मिलने की उम्मीद है।

अगर बीते साल की सियासी गतिविधियों को देखें तो संकेत मिलता है कि विपक्ष ने बीजेपी को घेरने के लिए पहली बार रणनीति पर गंभीरता से काम किया। 2014 के बाद बीजेपी साल दर साल और मजबूत होती गई है और विपक्ष उसके सामने बेबस दिखा है। चाहे सियासी अजेंडा सेट करने की बात हो या लोगों के बीच लगातार पहुंचने की, बीजेपी विपक्षी दलों से बहुत आगे दिखती थी। लेकिन बीते साल विपक्ष ने इस मोर्चे पर अपनी गलती स्वीकारते हुए अपने को बदलते हुए दिखाया। कांग्रेस 2014 के बाद पहली बार कंफर्ट जोन से बाहर निकली। राहुल गांधी की अगुआई में उसने भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली। अब तक इसके सकारात्मक परिणाम ही दिखे और माना जा रहा है कि यात्रा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा दी। पार्टी ने नेतृत्व स्तर पर भी जो महीनों से उलझन थी उसे समाप्त किया और गांधी परिवार से बाहर का नया अध्यक्ष दिया। माना जा रहा है कि अगले साल पार्टी भारत जोड़ो पदयात्रा का दूसरा चरण भी करेगी। बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के बाद तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार बीजेपी से मुकाबला करने के लिए फॉर्म्युला खोजने में व्यस्त दिखे और साल का अंत आते-आते नीतीश कुमार ने संकेत दे दिए कि वह 2024 से पहले तेजस्वी यादव को बिहार की कमान सौंप कर दिल्ली आ सकते हैं। उसी तरह उत्तर प्रदेश में हार के बाद अखिलेश यादव ने संगठन और सामाजिक समीकरण का विस्तार करने की शुरुआत की। हालांकि ऐसी पहल हमेशा होती रही है लेकिन इस बार विपक्षी दलों ने इसमें एक रणनीति दिखाई। पार्टी बीजेपी के सामने हिंदुत्व या राष्ट्रवाद जैसे मसलों पर डिफेंसिव हो जाती थी। लेकिन अब तमाम दल इस साल अपनी विचारधारा पर स्टैंड लेते हुए दिखे। वे इन भावनात्मक मुद्दों से खुद को अलग कर बुनियादी मुद्दों पर सियासी संघर्ष करते नजर आए जिसका आंशिक लाभ उन्हें जरूर मिला। लेकिन इसकी असल परीक्षा 2024 के आम चुनाव में होगी।

विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही थी और अब तक वह इसे कमजोरी मानने से भी परहेज करती थी। लेकिन अब पहली बार इस साल इन दलों ने अलग-अलग प्लैटफॉर्म पर स्वीकार किया कि मुद्दों को नहीं पहचान पाना उनकी बड़ी सियासी कमजोरी रही। हालांकि आक्रामक बीजेपी के सामने विपक्षी पार्टियां इन मुद्दों को किस तरह रखेंगी और हिंदुत्व तथा राष्ट्रवाद के सामने खुद को विकल्प के रूप में किस तरह पेश करेंगी, अब भी इस बारे में स्पष्टता नहीं है। वह भी खासकर आम चुनावों में जहां उनका मुकाबला नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली बीजेपी से होगा। क्या इन सीखों से सबक लेते हुए अगले साल खुद को तैयार करने में विपक्ष सफल होगा? 2024 का आम चुनाव का दंगल बहुत कुछ इसी बात पर निर्भर रहेगा। हालांकि विपक्षी एकता की कोशिशों के लिहाज से 2022 नकारात्मक ही रहा। इस दिशा में कोशिशें टेक ऑफ नहीं कर पाईं। हालांकि विपक्षी दलों के नेताओं का तर्क रहा कि 2022 में अधिकतर दलों का मूल ध्येय अपना संगठन मजबूत करना और उसका विस्तार करना था। अगले साल के अंत तक विपक्षी एकता की कोई गंभीर संभावना और सूरत नजर आ सकती है।

यह साल इसलिए भी यादगार कहा जाएगा कि बीजेपी ने अपना जाना-पहचान रास्ता छोड़कर मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों तक पहुंच बढ़ाने की बड़ी शुरुआत की। संघ की ओर से भी पहल की गई। 2023 इस लिहाज से दिलचस्प साल होगा। यह देखने के लिए कि इसका कैसा नतीजा आया। बीजेपी ने मुस्लिम विरोधी बयान देने के लिए अपनी पार्टी प्रवक्ता नूपुर शर्मा को पार्टी से निष्कासित तक किया। पार्टी को अहसास हुआ कि अब ध्रुवीकरण की राजनीति का नेगेटिव नतीजा सामने आ रहा है। शायद यही कारण है कि उसने नौकरी और दूसरे बुनियादी मुद्दों पर वापसी करने के संकेत भी दिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने 2023 के अंत तक लगभग आठ लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया। इसके अलावा 2022 आते-आते बीजेपी की नरेंद्र मोदी पर अति निर्भरता के साइड इफेक्ट दिखने लगे। 2024 से पहले पार्टी के लिए इस मोर्चे पर काम करने की चुनौती भी रहेगी।

# बोधगया क्यों है ज्ञान की नगरी



हिंदू धर्म में पूजा पाठ के साथ साथ पवित्र स्थलों को भी बेहद ही खास माना जाता है वही भारत में कई ऐसे तीर्थ स्थल है जिनके रहस्यों को आज तक कोई समझ नहीं पाया है लेकिन हम आज अपने इस लेख द्वारा भगवान बुद्ध के पवित्र स्थल महाबोधि मंदिर और बोधगया के बारे में बात कर रहे हैं बता दें कि बोधगया बिहार की राजधानी पटना से करीब 115 किलो मीटर दूर दक्षिण पूर्व दिशा में स्थित है और यह गया जिला से सटा हुआ एक शहर है

गंगा की सहायक नदी फल्गु नदी तट के किनारे पश्चिम दिशा की ओर महाबोधि मंदिर स्थित है यह बेहद प्राचीन मंदिर है इस पवित्र स्थल का संबंध भगवान बुद्ध से है तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा महाबोधि मंदिर और बोध गया को ज्ञानी की नगरी क्यों कहा जाता है इसके बारे में बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

महाबोधि मंदिर लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र माना जाता है यह पूरी तरह से ईंटों से निर्मित है जो बोधगया के सबसे प्राचीन बौद्ध मंदिर में से एक माना जाता है कहा जाता है कि सम्राट अशोक ने तीसरी शताब्दी से पूर्व इस मंदिर का निर्माण कराया था इसके बाद कई बार मंदिर स्थल का विस्तार और पुननिर्ममार्ण किया गया बता दें कि 52 मीटर की ऊंचाई वाले इस मंदिर के भीतर भगवान बुद्ध की सोने की प्रतिमा है जहां भगवान बुद्ध भूमिस्पर्श मुद्रा में है।

भगवान के दर्शन और पूजन के लिए यहां लोगों की भारी भीड़ देखने को मिलती है मान्यता है कि इस पवित्र स्थल के दर्शन मात्र से भक्तों के कष्टों में कमी आती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बोधगया वह पवित्र स्थल है जहां पर भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी इसलिए बौद्ध भिझुओं के लिए बोधगया को दुनिया का सबसे पवित्र शहर बताया गया है करीब 531 ईसा पूर्व में यहां फल्गु नदी के किनारे भगवान गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी उन्होंने यहां स्थित बोधि वृक्ष के पास बैठकर कठोर तपस्या की। कहा जाता है कि बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर में एक पीपल का वृक्ष है इसी वृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी बोधि का मतलब ज्ञान होता है और वृक्ष का अर्थ पेड़ होता है ऐसे में इस वृक्ष को ज्ञान का पेड़ भी कहा जाता है और यही वजह है कि बोधगया को ज्ञान की नगरी के नाम से भी लोग जानते हैं।

# नए साल पर करें नारियल का ये टोटका

## घर में हमेशा बनी रहेगी सुख-शांति



क्रिसमस के जाते ही लोग नए साल का इंतजार करते हैं साल 2023 को आने में अब कुछ ही दिन बचें हुए है ऐसे में हर कोई चाहता है कि उनका आने वाला साल पहले से बेहतर और खुशियों भरा हो इसके लिए लोग नए साल पर कई तरह के उपाय व टोटके आजमाते हैं

अगर आप भी नए साल को बेहतरीन बनाना चाहते हैं तो नारियल से जुड़े चमत्कारी उपायाओं को आजमा सकते हैं मान्यता है कि इन उपायों को नए साल में करने से वर्षभर माता लक्ष्मी का घर में वास रहता है जिससे जातक को धन धान्य की कमी नहीं होती है तो आज हम आपको इससे जुड़े उपाय बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

कारोबार व नौकरी में किसी भी तरह की दिक्कत आ रही है या फिर मनचाही नौकरी नहीं मिल रही है तो ऐसे में नए साल पर घर के आंगन में नारियल का पेड़ लगाना चाहिए इसे लगाने से घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और कारोबार व नौकरी में तरक्की भी मिलती है वही कर्ज से भी छुटकारा मिल जाता है धार्मिक तौर पर नारियल को सुख समृद्धि वाला माना जाता है इसका प्रयोग शुभ व मांगलिक कार्यों में अधिक किया जाता है वास्तु अनुसार नए साल पर घर की दक्षिण या पश्चिम दिशा में नारियल का पेड़ लगाना अत्यंत ही फलदायी साबित होता है।

वही घर की नकारात्मकता को दूर करने के लिए नारियल का टोटका आपनाया जा सकता है इसके लिए नारियल पर काजल का टीका लगाएं इसे घर के हर कोने में ले जाएं और उसके बाद इसे नदी में प्रवाहित कर दें मान्यता है कि इस उपाय को करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश हो जाता है और परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम बढ़ता है। वही राहु केतु के दोष से मुक्ति पाने के लिए भी नारियल के उपाय कर सकते हैं इसके लिए शनिवार के दिन नारियल के दो भाग करें इसमें चीनी भर दें इसके बाद किसी सुनसान जगह पर ले जा कर इसे जमीन में गाड़ दें। मान्यता है कि इस उपाय से ग्रहदोष दूर हो जाता है और खुशियों का आगमन होता है।



# समय का मूल्यांकन



मुनि चैतन्य कुमार 'अमन'

काल एक अखंड तत्व है जिसको मनुष्य ने अपनी बुद्धि कौशल के द्वारा ज्ञान वर्धन व कुशलप्रबंधन के लिए विभक्त कर दिया। सैकेंड, मिनट, घंटा, दिन, माह, वर्ष और युग आदि के रुप में विभिन्न प्रकार से विभक्त कर के यह जानने का प्रयास करता है कि किस व्यक्ति की कितनी अवस्था हो चुकी है तथा कौन सी वस्तु कितनी प्राचीन हो सकती है। नवीनता और प्राचीनता का संबंध काल के विभक्तिकरण के साथ जुडा है। यदि समय के विभाग न हो तो प्राचीनता की कोई अवधारणा नहीं रहेगी।

समय अपनी गति के साथ निरंतर प्रवाहमान है। उसे रोकना किसी के वश की बात नहीं यद्यपि पानी के बहते हुए प्रवाह को रोका अथवा मोडा जा सकता है। अल्प अथवा बहुतायत रुप में हवा के प्रवाह को



भी रोकना अथवा मोडना संभव है किंतु समय का प्रवाह हर व्यक्ति, वस्तु को अपने साथ बहा कर ले जाता है। समय का सदुपयोग करने वाला उसको सार्थक सिद्ध कर लेता है अन्यथा यह व्यर्थ बीत जाता है। जो समय बीत जाता है, उस अतीत को व्यतीत होने के बाद लौटाना असंभव है और जो भविष्य हमारे सामने है उसके लिए स्वप्निल कल्पनाएं व योजनाएं बनाई जा सकती है किंतु उपयोग केवल वर्तमान का ही संभव है। आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में कहूं तो-वर्तमान का सदुपयोग करने वाला ही स्वर्णिम भविष्य का सही रुप में निर्माण कर सकता है। जैन वांडमय में भगवान महावीर की वाणी का अति सुंदर सूत्र प्राप्त होता है- 'रवणं जाणाहि पंडिए' अर्थात क्षण (समय) को पहचानने वाला ही विज्ञ (पंडित) होता है। जिसने वर्तमान क्षण को नहीं पहचाना वह कभी जीवन को विकसित नहीं कर सकता। केवल अतीत की चिंता व भविष्य की कोरी कल्पनाओं में जो समय खो देता है वह वर्तमान समय को भी विनष्ट कर देता है। अतः व्यक्ति को वर्तमान को देखने व सदुपयोग करने में तत्पर रहना चाहिए।

किसी कवि ने कहा

**कल करे सो आज कर, आज करे सो अब।**
**पल में प्रलय हो गयी, तो फिर करोगे कब।।**

किंतु आज के मनुष्य की बौद्धिक क्षमता व तार्किक मस्तिष्क ने इस पद को परिवर्तित कर दिया और बोल उठा। अरे भाई-

आज करे सो कल कर, कल करे सो परसों।
इतनी जल्दी क्यों करे, जब जीना है तुझे बरसों।।

इससे लगता है कि या तो वह समय को पहचान चुका है। वह इस बात से अनभिज्ञ नहीं है कि मुझे कब तक जीना है, यह उसने मौत पर विजय प्राप्त कर ली अथवा वह मौत आने पर उससे भी तीव्र गति से पलायन करने में समर्थ है। ऐसा करने में सक्षम व्यक्ति ही इस प्रकार कह सकता है किंतु ये सब किसी के लिए संभव नहीं है ऐसी स्थिति में वर्तमान का सदुपयोग करना ही बुद्धिमता का लक्षण है। मनुष्य जीवन का पहला लक्ष्य है- वर्तमान का सदुपयोग । व्यक्ति अपने जीवन का अधिकांश समय प्रमाद में बरबार करता है। वह सत्ता व सम्पदा को हासिल करने में जितना समय लगाता है उसका शतांश भाग भी जीवन को उन्नत बनाने अथवा आत्म शोधन में नहीं लगाता। जब उसे धर्म या अध्यात्म मार्ग में बढ़ने, सत्संग, भजन या उपासना के लिए कहा जाता है तो एक मीठा सा जवाब देता है कि भई-क्या करें? समय नहीं है और मौज, शोक व बेकार की बातों में उसे समय गंवाने में कोई चिंतन या चिंता नहीं होती। जब नया वर्ष प्रारंभ होता है तो उसके स्वागत में विगत वर्ष को अलविदा अवश्य करता है। किंतु नए वर्ष के स्वागत के साथ उस समय का सदुयपोग नहीं होता है तो फिर...।

नए वर्ष के प्रारंभ में व्यक्ति अपने इष्ट मित्रों को मंगल कामनाएं भी प्रेषित करता है किंतु मंगल कामनाओं के साथ यदि आचरण मंगल नहीं होगे तो कोरी मंगल कामनाओं से वर्ष अथवा जीवन मंगलमय कैसे बन पाएगा। अतः बौद्धिक अथवा विज्ञजनों का दायित्व होता है कि जीवन को मंगल, उत्तम व श्रेष्ठता प्रदान करने के लिए समय को सार्थक बनाने में यत्न करें। मानव जीवन की दिशा व दशा के बदलाव में समय की सार्थकता आवश्यक है और यही जीवन की सफलता का मुख्य रहस्य। अतः नव वर्ष के मंगल प्रारंभ के साथ मंगल संकल्प करें कि जीवन में धर्म और अध्यात्म के मूलभूत तत्वों को जीवन में अवतरित करने में समय का उपयोग करूंगा। संकल्प का चिंतन और क्रियान्विति की दिशा में बढ़ते चरण ही अभिष्ट मंजिल दे पाएगी। सार्थक समय ही सफल जीवन की अमिट कहानी है। तो आइए, हम सब समय का मूल्यांकन करें और बढ़ते रहे हमारे कदम जीवन की ओर...

## अनमोल वचन

**मुस्कुराहट मन का बोझ हल्का कर देती है !**

**मेरी तकदीर में एक भी दुख ना होता अगर तकदीर, लिखने का हक मेरी मां को होता !!**

**हर कोशिश में शायद सफलता नहीं मिल पाती, लेकिन सफलता का कारण कोशिश ही होती है।**

# नए साल में 45 दिनों तक करें ये चमत्कारी उपाय



अपने इस लेख द्वारा कुछ उपाय बता रहे हैं जो आपका पूरा साल खुशहाल बना सकते हैं तो आइए जानते हैं।

नए साल से जुड़े उपाय—

ज्योतिष अनुसार साल 2022 के अंत में अगर शनि का पौधा घर में लगाया जाए और लगातार 45 दिनों तक इसकी विधिवत पूजा की जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होकर कृपा करते है जिससे साल भर खुशियां आपके द्वार पर आती है कारोबार में मनचाही तरक्की भी होती है।

अगर आप कारोबार व नौकरी में तरक्की की इच्छा रखते हैं लेकिन किसी न किसी तरह की बाधाएं आ रही है तो ऐसे में आप अपने घर में शमी का पौधा लगाकर उसकी नियमित पूजा पाठ करें इससे आपको लाभ मिलेगा और तरक्की में आने वाली बाधाएं दूर हो जाएगी। ज्योतिष अनुसार शमी का पौधा घर में शनिवार के दिन लगाने से सुख समृद्धि का वास होता है साथ ही धन से जुड़ी परेशानियां भी दूर हो जाती है

अगर आपके घर में किसी तरह का



नए साल का आगमन अब होने वाला है ऐसे में हर कोई चाहता है कि उनका आने वाला साल पहले से बेहतर और खुशियों भरा हो, कहते हैं कि साल के पहले दिन की शुरुआत ही आपका पूरा वर्ष कैसा रहेगा निर्धारित करती है ऐसे में अगर आप साल की शुरुआत कुछ अच्छी करना चाहते हैं तो इस दिन ज्योतिष से जुड़े चमत्कारी उपायों को अपना सकते हैं

मान्यता है कि इन उपायों को करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है और आर्थिक परेशानियां भी दूर रहती है तो आज हम आपको

वास्तुदोष है तो आप शमी का पौधा लगा सकते हैं इससे वास्तुदोष दूर हो जाता है और सकारात्मकता का घर में संचार होता है वही अगर विवाह में देरी या अड़चन की समस्या बनी हुई है तो ऐसे में शमी के पौधे की पूजा करना उत्तम रहेगा।

साल 2022 के आखिरी दिन यानी की 31 दिसंबर से लेकर लगातार 45 दिनों तक शमी के पौधे के पास घी का दीपक जलाने से विवाह में आ रही बाधाएं और देरी की समस्या दूर हो जाएगी और जल्द विवाह के योग बनने लगेंगे।

# काम शुरू करने से पहले बड़ों की अनुमति जरूर लें

## कौरव और पांडव की सेना थी आमने-सामने और युद्ध शुरू करने के लिए युधिष्ठिर ने मांगी थी भीष्म से आज्ञा

लक्ष्य बड़ा हो या छोटा, काम शुरू करने से पहले घर के बड़े लोगों की अनुमति जरूर लेनी चाहिए। तभी कामयाबी मिलती है। बड़ों का आशीर्वाद हमें मुश्किलों से लड़ने का साहस देता है और हम सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ पाते हैं। महाभारत में युद्ध शुरू करने से पहले युधिष्ठिर ने भीष्म पितामह की आज्ञा ली थी। महाभारत युद्ध का पहला दिन था। कौरवों और पांडवों की विशाल सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। उस समय युधिष्ठिर ने अचानक अपने अस्त्र-शस्त्र रथ पर रख दिए और रथ से उतर कर पैदल ही



भीष्म पितामह की ओर चल दिए। जब युधिष्ठिर कौरव सेना के सेनापति भीष्म की जा रहे थे तो सभी पांडवों को ऐसा लगने लगा कि कहीं भैया कौरवों के सामने समर्पण न कर दें। इसी डर की वजह से भीम और अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा था कि आप भैया को रोकिए, कहीं वे समर्पण न कर दें।

दूसरी ओर कौरव सेना में भी यही बातें होने लगीं कि युधिष्ठिर डर गए हैं और समर्पण करने आ रहे हैं।

पांडव पक्ष से श्रीकृष्ण ने कहा कि आप सभी चिंता न करें, धैर्य रखें। जो हो रहा है, उसे शांति से देखें।

थोड़ी ही देर बाद युधिष्ठिर भीष्म पितामह के सामने पहुंच गए। युधिष्ठिर हाथ जोड़कर खड़े थे। जो लोग दूर से देख रहे थे, उन्हें ये लग रहा था कि युधिष्ठिर ने समर्पण कर रहे हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था।

दरअसल, युधिष्ठिर हाथ जोड़कर भीष्म पितामह से युद्ध शुरू करने की आज्ञा मांग रहे थे। उन्होंने भीष्म से कहा था कि पितामह आज्ञा दें, ताकि हम आपसे युद्ध कर सके।

युधिष्ठिर के ये बात सुनकर भीष्म बहुत खुश हुए और उन्होंने कहा कि आज अगर तुमने मुझसे अनुमति लिए बिना युद्ध शुरू कर दिया होता तो मैं नाराज हो जाता है, लेकिन तुम्हारी इस बात से मैं बहुत खुश हूं। मैं तुम्हें विजय श्री का आशीर्वाद देता हूं।

इधर श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि शास्त्रों में लिखा है कि हम जब भी कोई बड़ा काम करते हैं तो सबसे पहले घर के बड़ों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिए। काम शुरू करने से पहले उनकी अनुमति जरूर लें।

कौरव पक्ष में खड़े युधिष्ठिर ने भीष्म के बाद गुरु द्रोणाचार्य से युद्ध शुरू करने की अनुमति मांगी थी। द्रोणाचार्य ने भी प्रसन्न होकर कहा था कि मैं तुम्हें आशीर्वाद देता हूं कि तुम्हारी जय हो।

**प्रसंग की सीख**

**इस किस्से की सीख यह है कि हमें काम शुरू करने से पहले घर के बड़े लोगों से आशीर्वाद और अनुमति जरूर लेनी चाहिए। ऐसा करने से साहस बढ़ता है और हम आसानी से सफलता हासिल कर पाते हैं।**

# दिव्या अग्रवाल ने सगाई के बाद बोल्ड ड्रेस पहन खिंचाई फोटो तो हुईं उर्फी से कंपेयर



बिग बॉस ओटीटी जीतने वाली दिव्या अग्रवाल का इन दिनों सोशल मीडिया पर बदला-बदला अवतार देखने को मिल रहा है. हाल में बिजनेसमैन से सगाई करने के बाद दिव्या अग्रवाल हर दिन बोल्ड और सेक्सी अंदाज में दिखाई देने लगी हैं. दिव्या ने एक बार फिर अपनी बोल्ड फोटोज से इंस्टाग्राम पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में दिव्या ने जो फोटोज इंटरनेट पर शेयर की हैं, उसके लिए उन्हें उर्फी जावेद से भी कंपेयर किया जा रहा है.

बिग बॉस ओटीटी विनर दिव्या अग्रवाल ने एक बार फिर अपना सिजलिंग अवतार दिखाकर फैंस का दिल जीत लिया है. एक्ट्रेस बिना ब्रा पहने चेन वाली ड्रेस पहनकर कातिलाना अंदाज दिखाती नजर आ रही हैं. यूनिक और स्टाइलिश चेन से बनी बैकलेस ड्रेस में दिव्या अग्रवाल अपनी परफेक्ट टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं. दिव्या ने ग्लोसी न्यूड मेकअप कैरी किया है. साथ ही बालों को रफ स्टाइल देकर ऊपर की तरफ बांधा है. दिव्या अग्रवाल ने लेटेस्ट फोटोशूट में चेन से बनी ड्रेस बिना ब्रा और अंडर गारमेंट्स के कैरी की है. बोल्ड ड्रेस में एक्ट्रेस को देख नेटीजन्स पानी-पानी हो रहे हैं. दिव्या अग्रवाल का स्टाइल देख कुछ लोग उन्हें उर्फी जावेद से भी कंपेयर करते नजर आ रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'उर्फी मत बन जाइए...' दिव्या के बोल्ड फोटोशूट पर लोग उन्हें जमकर ट्रोल भी कर रहे हैं.

दिव्या अग्रवाल के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस एमटीवी स्प्लिट्सविला 10 की रनरअप, ऐस ऑफ स्पेस 1 और बिग बॉस ओटीटी की विजेता बन चुकी हैं. दिव्या ने अपने करियर की शुरुआत वेब सीरीज रागिनी एमएमएस रिटर्न्स 2 से की थी.

# पायल रोहतगी के साथ हुआ ऑनलाइन फ्रॉड



**टीवी और बॉलीवुड** जगत की जानी-मानी एक्ट्रेस पायल रोहतगी के साथ ऑनलाइन ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आ रहा है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकालते हुए इस घटना की जानकारी दी, उन्होंने साइबर सेल के प्रति भी अपना गुस्सा जाहिर किया है. पायल ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने फेमस क्लोथिंग ब्रांड से ऑनलाइन खरीदारी की थी, लेकिन जब सामान घर पर आया तो उसमें साइज को लेकर दिक्कत थी. उन्होंने प्रोडक्ट रिटर्न के लिए रिक्वेस्ट डाल दी और ड्रेस रिटर्न भी चला गया.


गूगल ने पेश किया नया 'परचेज रिक्वेस्ट' फीचर

एक रिपोर्ट के अनुसार पॉपुलर डिलीवरी कंपनी के एक कर्मचारी ने घर आकर उनसे पार्सल कलेक्ट किया. इस बात को 15 से 20 दिन हो गए लेकिन अभी भी उन्हें अपने सामान और प्रोडक्ट को लेकर कोई कॉल या जानकारी नहीं दी गई है. जब उन्होंने डिलीवरी कंपनी को कॉल कर रिटर्न का स्टेटस पता करने की कोशिश की तो उनके साथ फ्रॉड हो गया. दरअसल, पालय ने गूगल से मिले कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया. कॉल पर उन्हें बताया गया कि उनका प्रोडक्ट होल्ड पर है, क्योंकि उन्होंने कुछ फॉर्म नहीं भरे हैं.

पायल ने कहा, 'मुझे एक फॉर्म का लिंक शेयर किया गया, जिसमें कुछ डिटेल्स डालनी थीं. रजिस्ट्रेशन के लिए 10 रुपये डालकर प्रोसेस करना था, लेकिन कॉल पर मौजूद शख्स ने मुझे कार्ड इस्तेमान कर पेमेंट करने के लिए कहा. मैंने उसके अनुसार पेमेंट किया और जब उसने ओटीपी पूछा तो मैंने बताया. कुछ देर बाद अचानक देखती हूं कि मेरे अकाउंट से 10 की बजाए 20,238 रुपये निकल गए.' पायल ने बताया कि उन्हें साइबर क्राइम की तरफ से कुछ खास जवाब नहीं मिला है. हालांकि उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज करा दी है. सोशल मीडिया पर पायल को फैंस का भी सपोर्ट मिला है. लोगों ने जल्द से जल्द उनके पैसे उन्हें दिलाने की और दोषियों को पकड़ने की मांग की।

# जल्द दूसरी शादी का प्लान बना रही हैं मलाइका

## शादी में मिलेगा मां का डायमंड कंगन, बोलीं- मैं हूं कंगन की हकदार



**एक्ट्रेस मलाइका** अरोड़ा इन दिनों अपने ओटीटी शो मूविंग इन विद मलाइका को लेकर बेहद सुर्खियों में हैं। शो के लेटेस्ट एपिसोड में मलाइका ने अपनी दूसरी शादी को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने इस दौरान बातों ही बातों में अपनी बहन अमृता अरोड़ा से बताया कि वो जल्द ही शादी करने वाली हैं।

**रेस्टोरेंट पहुंचे अमृता और मलाइका**

शो के हालिया एपिसोड में मलाइका और उनकी बहन अमृता दोनों रेस्टोरेंट जाती हैं। रेस्टोरेंट के अंदर जाते ही मलाइका को वहां का नजारा बेहद पसंद आता है, इस दौरान वो अमृता से अपनी फोटो क्लिक करने के लिए बोलती हैं। अमृता अपनी बहन की फोटो क्लिक कर देती हैं लेकिन वो अपनी फोटो क्लिक कराने में बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं रखती हैं। मलाइका के पूछने पर वह सीधे कहती हैं - 'हम यहां पर एंजॉय करने आए हैं।'

**मां के कंगन का हुआ जिक्र**

रेस्टोरेंट पहुंच कर दोनों बहने अपने लिए ड्रिंक ऑर्डर करती हैं। इस बीच अमृता मलाइका के हाथ में पड़े कंगन की तरफ देखकर कहती हैं कि आप कई बार ओवरड्रेस होती हो, लेकिन ये तो सचमुच कमाल है। तब मलाइका कहती हैं कि ये डायमंड है। कंगन की तारीफ करते-करते अमृता को अचानक मां का हीरे का कंगन याद आता है। अमृता कहती हैं कि मां की फेवरेट बेटी को वह कंगन देंगी। मलाइका अपनी बहन को चिढ़ाते हुए कहती हैं कि उनकी फेवरेट बेटी तो तुम हो। इसी बीच मलाइका अपनी शादी का जिक्र भी कहती हैं।

अमृता मलाइका से कहती हैं कि तुम मेरे साथ कंगन शेयर कर सकती हैं, इसपर मलाइका कहती हैं, नहीं मां की फेवरेट तुम हो।' अपनी बहन के एक्सप्रेशन देखकर अमृता उन्हें समझाती हैं कि इतना सीरियस क्यों हो रही हो। हम दोनों मां के फेवरेट हैं, लेकिन कंगन मुझे मिलने वाला है। इसपर मलाइका ने कहा- जल्द ही मैं दूसरी शादी करने वाली हूं, इसलिए कंगन की हकदार तो मैं हूं। मलाइका की इस बात से ये तो तय है कि वो जल्द ही दूसरी शादी का मन बना रही हैं, हालांकि, अभी तक इस बात को लेकर कुछ भी ऑफिशियल नहीं हुआ है।

# उर्फी जावेद क्रिएटिविटी तो है सिर्फ एक बहाना



**उर्फी जावेद** का नाम अतरंगी फैशन और बोल्ड ड्रेसिंग सेंस से जोड़े बिना नहीं लिया जा सकता है. कई आउटफिट्स में एक्ट्रेस अपनी 'क्रिएटिविटी' को क्रेडिट देती हैं लेकिन कहीं ये सिर्फ एक बहाना तो नहीं, जिससे एक्ट्रेस अपने टॉपलेस बदन को सबको दिखा सकें? उर्फी जावेद अपने डेयरिंग फैशन और अतरंगी कपड़ों के लिए बहुत फेमस हैं. उर्फी वैसे तो एक टीवी एक्ट्रेस हैं लेकिन टीवी सेट्स से ज्यादा लोग इ न्हें इंस्टाग्राम पर देखते हैं. उर्फी हर कुछ दिनों पर अपना नया लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं जिसमें उनके कपड़े नॉर्मल नहीं होते. एक्ट्रेस कभी तो तार, चेन और सेफ्टीपिन जैसी चीजों से कपड़े बना लेती हैं और कभी वो कुछ भी नहीं पहनती हैं. इन सभी तरह के आउटफिट्स में उर्फी को अपना बदन दिखाने का मौका मिल जाता है. तो क्या उर्फी का 'क्रिएटिविटी' कार्ड एक्ट्रेस के लिए सिर्फ एक बहाना है, जिससे वो अपने आप को कैमरे के सामने एक्सपोज कर सकें?

उर्फी जावेद ऐसे कई सारे आउटफिट्स पहनती हैं जिनमें उनका तन कम से कम ढका होता है. इसमें या तो उनके आउटफिट्स रैंडम चीजों से बने होते हैं या फिर वो टॉपलेस ही हो जाती हैं. उर्फी ने अपने साइकिल के चेन वाले आउटफिट, सेफ्टीपिन से बनी ड्रेस, ब्लेड वाली मिडी, नाश्ते से इज्जत ढकने के आइडिया और ब्रेस्ट्स को सिर्फ अपने हाथ से कवर करने की तरकीब को हमेशा 'क्रिएटिविटी' कहा है. लेकिन इस तरह की क्रिएटिवटी से क्या होता है?

**उर्फी जावेद ढूंढती हैं टॉपलेस होने मौका**

जिन आउटफिट्स के बारे में हमने आपको अभी बताया, या फिर जिस आउटफिट आप इस वीडियो में देख रहे हैं, उनमें एक ऐसी चीज है, जो कॉमन है. इन सभी ड्रेसेज से उर्फी कैमरे के सामने या फिर पब्लिक में टॉपलेस हो जाती हैं और अपने शरीर के तमाम पार्ट्स को एक्स्पोज करने का मौका पाती हैं. यह देखकर ऐसा कहा जा सकता है कि उर्फी क्रिएटिविटी के बहाने टॉपलेस होने का मौके ढूंढ रही हैं. क्या सचमुच उर्फी के लिए क्रिएटिवटी है बहाना और उन्हें सिर्फ अपना टॉपलेस बदन है दिखाना?

# उर्वशी ने ऋषभ पंत के एक्सीडेंट पर मांगी ये 'दुआ'!



टीम इंडिया के खिलाड़ी ऋषभ पंत की कार दिल्ली-देहरादून हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई. इस हादसे में पंत बुरी तरह घायल हो गए. ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का एक इंस्टाग्राम पोस्ट कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहा है.

**ऋषभ पंत का कार एक्सीडेंट**

पहले आपको बता दें कि आखिर पंत कैसे इतने भयंकर हादसे की चपेट में आ गए. दरअसल हादसे के वीडियो में पंत की गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराती नजर आ रही है. कुछ ही सेकेंड के अंदर उनकी कार सड़क के दूसरी तरफ पहुंच जाती है और आग लगने की वजह से कार पूरी तरह से जल जाती है. इस हादसे के कुछ घंटों के बाद उर्वशी रौतेला ने एक पोस्ट शेयर किया.

**इंस्टाग्राम पर उर्वशी ने किया पोस्ट**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उर्वशी ने अपनी एक तस्वीर शेयर की है. लेकिन इसके कैप्शन ने सभी की अटेंशन बटोर ली है. उर्वशी ने इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा है कि प्रेयिंग यानी प्रार्थना करना. इस फोटो में भले ही एक्ट्रेस काफी ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं लेकिन ऋषभ पंत को अक्सर ट्रोल करने की वजह से लोगों ने एक्ट्रेस पर तानों की बौछार शुरू कर दी. हालांकि कुछ लोगों ने ऋषभ के लिए प्रार्थना करने के लिए एक्ट्रेस की तारीफ भी की है.

**लोगों ने सुनाई खरी-खोटी**

कमेंट सेक्शन में ज्यादातर प्रतिक्रियाएं उर्वशी रौतेला के खिलाफ ही देखने को मिल रही हैं. एक यूजरने कहा कि पड़ गई कलेजे को ठंडक तो वहीं दूसरे यूजर ने कहा कि तेरी बद्दुआ लगी है ऋषभ भाई को. कई लोग क्रिकेटर ऋषभ पंत के जल्दी ठीक होने की उम्मीद कर रहे हैं और उनके लिए प्रार्थना भी कर रहे हैं।

# काम का नहीं है कोई अता-पता, प्रेग्नेंसी में मिला पैसे कमाने का तरीका!



'बालिका वधू' फेम एक्ट्रेस नेहा मारदा ने इस शो के बाद कई शोज किये हैं लेकिन 2021 से ये हसीना घर पर हैं. अब इसे 'ब्रेक' कहें या 'काम की कमी', लेकिन पिछले एक-डेढ़ साल से नेहा मारदा ने किसी सीरियल में काम नहीं किया है. बता दें कि कुछ समय पहले, अपने काम के लिए नहीं लेकिन पर्सनल रीजन्स की वजह से नेहा एक बार फिर सुर्खियों में आईं. इन वीडियोज में एक्ट्रेस कभी प्रेग्नेंसी की दिक्कतों को दर्शाती हैं तो कभी अपने मूड स्विंग्स को. इन वीडियोज को देखकर ही यह समझ आ जाएगा कि ये नैचुरल तरह से शूट नहीं किये गए हैं, एक्ट्रेस यहां एक्टिंग कर रही हैं. वीडियोज के कैप्शन में नेहा आउटफिट कर्टिसी, हेयर एंड मेकअप क्रेडिट और शूटिंग क्रेडिट्स भी देती हैं. नेहा मारदा को शोज में काम करने का मौका भले ही न मिल रहा हो, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक्टिंग करने का तरीका निकाल किया है. इस तरह, काम न होने के बाद भी नेहा प्रेग्नेंसी वीडियोज के माध्यम से, सोशल मीडिया एन्गेजमेंट के जरिए पैसे कमा रही हैं।

# नए साल में बॉक्स ऑफिस के फ्लॉप सेलेब्स अब ओटीटी पर करेंगे अपने करियर की शुरुआत !



साल 2022 में बैक-टू-बैक बिग बजट बॉलीवुड मूवीज फ्लॉप होने के बाद सितारों से लेकर फिल्ममेकर्स के दिलों में खौफ बैठ गया है, ऐसे में अब सभी चाह रहे हैं कि फिल्में ओटीटी पर ही रिलीज की जाएं. जो सेलेब्स कभी बड़े पर्दे पर अपने नाम का सिक्का चलाया करते थे वह अब ओटीटी पर अपनी फिल्में रिलीज करवा रहे हैं. साल 2023 में कई दिग्गज सेलेब्स सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी पर दिखाई देने वाले हैं.

वरुण धवन साल 2022 से पहले फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद ही टीवी और ओटीटी पर स्ट्रीम कराई जाती थीं. लेकिन बदलते वक्त ने गंगा को उलटा बहने पर मजबूर कर दिया है. इसी बदलते ट्रेंड में अपना करियर बचाए रखने के लिए वरुण धवन भी ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं. साल 2023 में वरुण अमेजन प्राइम वीडियो की 'सिटाडेल इंडिया' में अपनी एक्टिंग का हुनर दिखाते नजर आएंगे.

आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस पर कई फ्लॉप फिल्में देने के बाद अब आदित्य ने ओटीटी का रुख कर लिया है. एक्टर डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज 'द नाइट मैनेजर' से ओटीटी डेब्यू करने जा रहे है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा : सिद्धार्थ मल्होत्रा की आखिरी फिल्म 'थैंकगॉड' बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी. इस फिल्म के बाद अब सिद्धार्थ ओटीटी पर 'इंडियन पुलिस फोर्स' वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं.

शाहिद कपूरः बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर जर्सी फिल्म के बाद साल 2023 में ओटीटी वेब सीरीज 'फर्जी' में दिखाई देंगे. एक्टर ने बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस की हालत देखते हुए ओटीटी का रास्ता पकड़ लिया है।






# ईशान किशन ने 24 साल की उम्र में जोड़ ली करोड़ों की संपत्ति, कइयों की बीत जाती है जिंदगी!

**भारत में क्रिकेट** सबसे ज्यादा फॉलो किया जाने वाला खेल है. लोग क्रिकेट खेलना और देखना काफी पसंद करते हैं. इस खेल को देश में धर्म की तरह देखा जाता है. यही वजह है कि कई खिलाड़ियों को उनके फैंस भगवान का दर्जा देते हैं. देश में आप बच्चों को सड़कों पर क्रिकेट खेलते हुए देख सकते हैं. क्रिकेट-दीवाने बड़ी संख्या में हैं. भारतीय क्रिकेटरों को बहुत फॉलो किया जाता है. ऐसे ही ईशान किशन हैं, जिन्होंने कम उम्र में ही काफी नाम कमाया है.

**करोड़ों में है ईशान की कमाई**

ईशान किशन भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज हैं. वह अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत सीमित ओवरों की टीम में जगह पक्की करने में जुटे हैं. पिछले साल उनकी आमदनी में भी काफी इजाफा हुआ है. वह कम उम्र में ही करोड़पति बनने वाले क्रिकेटरों में शामिल हैं. अभी उनकी उम्र 24 साल है और उनकी कमाई करोड़ों में है.

**इतनी है नेट-वर्थ**

ईशान किशन को हर महीने 1.2 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई होती है. उनकी आईपीएल से ही सालाना सैलरी 15.25 करोड़ रुपये है. इसके अलावा वह कुछ आमदनी ऐड से भी हासिल करते हैं. उनकी नेट वर्थ करीब 45 करोड़ रुपये है. वह बहुत कम उम्र में करोड़पति बन गए. ईशान के कोच कहते हैं, 'उनकी प्रतिभा महेंद्र सिंह धोनी और ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट जैसी है.'

**ऐसा है क्रिकेट करियर**

पटना में जन्मे ईशान किशन ने अभी तक 10 वनडे और 21 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं. उन्होंने वनडे में एक शतक और तीन अर्धशतक लगाए हैं. हाल में उन्होंने वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने का कमाल किया था. इसके अलावा टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में उन्होंने 4 अर्धशतकों की बदौलत कुल 589 रन बनाए हैं. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम अभी 2959 रन हैं।



**वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने का कमाल किया**

**आईपीएल से ही सालाना सैलरी 15.25 करोड़**

**नेट वर्थ करीब 45 करोड़ रुपये**

**अब तक 10 वनडे व 21-टी20 इंटरनेशनल मैच खेले**

# 6 फीट 2 इंच लंबे इस गेंदबाज को भूल चुके हैं सेलेक्टर्स, क्या टीम में जगह नहीं देने की ठान ली!

**श्रीलंका के** खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में चार तेज गेंदबाजों को जगह मिली. वहीं, टी20 में 5 पेसर्स को शामिल किया गया है. दोनों फॉर्मेट की इस टीम में उस तेज गेंदबाज को शामिल नहीं किया गया है जिसने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था और अपनी रफ्तार से कईयों को प्रभावित किया. बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया की अगली परीक्षा श्रीलंका के खिलाफ होगी. श्रीलंकाई टीम जनवरी, 2023 में भारत दौरे पर आएगी. दोनों देशों के बीच टी20 और वनडे सीरीज खेली जाएगी. इस घरेलू सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है. वनडे टीम की कप्तानी जहां रोहित शर्मा को सौंपी गई है तो वहीं टी20 टीम की कमान हार्दिक पांड्या को दी गई है. वनडे टीम में चार तेज गेंदबाजों को जगह मिली. वहीं, टी20 में 5 पेसर्स को शामिल किया गया है. दोनों फॉर्मेट की इस टीम में उस तेज गेंदबाज को शामिल नहीं किया गया है जिसने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था और अपनी रफ्तार से कईयों को प्रभावित किया.

जिस गेंदबाज की हम बात कर रहे हैं वो आवेश खान हैं. आवेश की लंबाई 6 फीट 2 इंच है. वह हिट द डेक बॉलर हैं और अपने छोटे से करियर में उन्होंने क्रिकेट पंडितों को प्रभावित किया. आवेश खान अब तक 5 वनडे और 15 टी20 मुकाबले खेल चुके हैं. वनडे में उनके नाम 3 और टी20 में 13 विकेट हैं. आवेश आईपीएल के 38 मुकाबले खेले हैं. उन्होंने लीग में कुल 47 विकेट चटकाए हैं. आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बा द ही आवेश को टी म इंडिया में जगह मि ली थी. उन्होंने जु ला ई, 2022 में वेस्ट इंडीज दौरे पर अपना पहला वनडे मैच खेला था. उससे पहले फरवरी, 2022 में उन्होंने ईडन गार्डेन्स में वेस्ट इंडीज के खिलाफ ही टी20 डेब्यू किया था. आवेश ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था.

आवेश इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपरजॉयन्ट से खेलते हैं. वह फ्रेंचाइजी के प्रमुख गेंदबाज हैं. उनका आईपीएल डेब्यू 2017 में हुआ था. उस साल उन्होंने एक मैच खेला था और एक विकेट लिया था. तब आवेश रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा थे. इसके बाद वह दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़े और आईपीएल 2022 से लखनऊ की टीम से खेलते नजर आ रहे हैं. लखनऊ ने 10 करोड़ में उन्हें अपने साथ जोड़ा था. आवेश घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश की ओर से खेलते हैं. उनका फर्स्ट क्लास डेब्यू साल 2014 में हुआ था. आवेश 2016 में अंडर 19 वर्ल्ड कप भी खेल चुके हैं.




**वनडे में उनके नाम 3 और टी20 में 13 विकेट हैं**

**आईपीएल के 38 मुकाबलों में कुल 47 विकेट चटकाए**

# टीम इंडिया से क्यों बाहर हुए धवन ? क्या वापसी का है मौका ?

भारत के अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया है। जिस बात का डर था वह मंगलवार (27 दिसंबर) को हुआ। वनडे टीम में धवन का नाम नहीं था। उसके बाद से फैंस यह अंदाजा लगाने लगे कि अब वह टीम इंडिया की जर्सी में नहीं दिखेंगे। चयनकर्ता भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। अगर धवन को फिर से नहीं चुना जाता है तो रोहित शर्मा के साथ उनकी जोड़ी नहीं दिखेगी।

धवन और रोहित शर्मा ने भारत के लिए वनडे में शानदार ओपनिंग जोड़ी बनाई। दोनों ने मिलकर 117 पारियों में 5193 रन की साझेदारी की। धवन और रोहित सबसे ज्यादा रन जोड़ने के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। उनसे ज्यादा सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने की थी। दोनों ने 176 पारियों में 8227 रन जोड़े। दुनिया में सबसे सफल जोड़ियों के मामले में धवन और रोहित सातवें स्थान पर हैं।

**धवन-रोहित और कोहली की तिकड़ी टूटेगी?**

2013 से 2019 तक धवन का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा था। उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ मिलकर एक शानदार तिकड़ी बनाई थी। तीनों ने शीर्ष क्रम में बेहतरीन खेल दिखाया और टीम को काफी मैच जिताए। इन तीनों के रहते मध्यक्रम को खेलने का मौका ही नहीं मिल पाता था। ज्यादातर मैचों में धवन, रोहित और कोहली में से कोई न कोई बड़ी पारी खेल ही जाता था। कोरोना महामारी के बाद सबकुछ बदल गया। तीनों कम ही मौकों पर एक साथ खेल सके। धवन तो सिर्फ वनडे फॉर्मेट तक सीमित हो गए।

**टीम इंडिया से क्यों बाहर हुए धवन?**

चयनकर्ताओं ने धवन को वनडे में लगातार मौके दिए। पिछले सालों की तुलना में धवन के खेल में गिरावट हु। हालांकि, उनका औसत 30 से नीचे नहीं गया, लेकिन वह पहले की तरह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे। इस कारण उनके ऊपर दबाव बढ़ने लगा और अब वह टीम से बाहर कर दिए गए।

धवन की उम्र अब उनके साथ नहीं है। वह 37 साल के हो गए हैं। उनका स्थान लेने के लिए कई खिलाड़ी कतार में हैं। शुभमन गिल, ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़ जैसे बल्लेबाज अलग-अलग स्तरों पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। चयनकर्ताओं ने अब उनकी जगह युवाओं को मौका देने का मन बना लिया है।



**भारत के लिए वनडे में सबसे सफल जोड़ी**

| जोड़ी | पारी | कितने रन की साझेदारी |
|---|---|---|
| गांगुली-सचिन | 176 | 8227 |
| धवन-रोहित | 117 | 5193 |
| कोहली-रोहित | 83 | 4939 |

पिछली पांच पारियों में धवन 50 रन भी नहीं बना सके हैं। उन्होंने कुल 49 रन ही बनाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में खेली गई 72 रन की पारी के बाद बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं। उन्होंने कीवी टीम के खिलाफ अगले दो मैचों में तीन और 28 रन बनाए। बांग्लादेश में धवन ने सात, आठ और तीन रन की ही पारी खेली।

धवन को भले अभी नहीं चुना गया है, लेकिन उन्हें वापसी का बड़ा मौका मिलने वाला है। धवन आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान हैं। अगर वह आगामी सीजन में धमाल मचाने में सफल रहे तो उनकी वापसी हो सकती है। धवन को अगले साल अगर घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप में खेलना है तो उन्हें आईपीएल में अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित करना होगा। वहीं, धवन को बल्ला नहीं चला तो उनका करियर भी समाप्त हो सकता है।

**धवन से जुड़ी रोचक जानकारियां:**

धवन के नाम एक टेस्ट मैच में शतक लगाने और शून्य पर आउट होने का रिकॉर्ड है। 2014 में ऑकलैंड के मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में धवन ने पहली पारी में शून्य और दूसरी में 115 रन बनाए।

धवन ने अपने सौवें वनडे मैच में शतक लगाया था। उन्होंने 2018 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए 109 रन बनाए थे।

धवन 2015 वनडे विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने आठ मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक सहित 412 रन बनाए थे।

धवन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार दो गोल्डन बैट पाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर को गोल्डन बैट दिया जाता है। 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में धवन ने पांच मैचों में 363 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 90.75 का रहा था।

वहीं, 2017 में धवन ने पांच मैचों में 338 रन बनाए थे। उनका औसत 67.60 का रहा था। 2013 में टीम इंडिया इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनी थी। वहीं, 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल हार गई थी। 2021 में शिखर धवन को खेलों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कुमार संगकारा को संजू सैमसन की काबिलियत पर भरोसा, कहा- उम्मीद है भारत उन्हें लगातार मौके देगा



राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा को भारत के बल्लेबाज संजू सैमसन की काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि सैमनस को लगातार मौके दिए जाने चाहिए। संगकारा का मानना है कि संजू को हताश नहीं होना चाहिए। सैमसन को श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में चुना गया है। सीरीज का पहला मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में तीन जनवरी को खेला जाएगा।

श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज सैमसन को भारतीय टीम में खुद को स्थापित करने का मौका दे सकती है। 2015 में डेब्यू के बाद से उन्हें लगातार तीन से अधिक मैच खेलने के लिए नहीं मिले है। 16 टी20 मैचों में वह एक ही अर्धशतक लगा सके हैं।

उन्होंने इसी साल जून में आयरलैंड के खिलाफ 42 गेंदों पर 77 रन की पारी खेली थी। संजू के ये आंकड़े आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बिल्कुल विपरीत हैं।

आईपीएल में सैमसन के साथ काम करते हैं संगकारा

कुमार संगकारा राजस्थान रॉयल्स में सैमसन के साथ मिलकर काम करते हैं। सैमसन इस टीम के कप्तान हैं। दोनों ने राजस्थान को पिछले सीजन के फाइनल में पहुंचाया था। तब गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान को हार मिली थी। संगकारा का मानना है कि भारत सैमसन के सर्वश्रेष्ठ सालों को खो सकता है, लेकिन अब इसे सही करने का एक अवसर है।

**संगकारा ने क्या कहा?**

संगकारा ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, सैमसन के पास जबरदस्त क्षमता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको अलग-अलग स्थितियों में खेलने के लिए तैयार रहना होगा। संजू को बस मौकों का फायदा उठाना है।

मैंने उसके साथ बहुत सारी बातचीत की है। वह तैयारी में और भारत के लिए खेलने में बहुत गर्व महसूस करता है। मुझे उम्मीद है कि टीम इंडिया उसे लगातार मौके देगी।

इससे वह लय में आ सकता है। सैमसन के मन में यह नहीं होना चाहिए कि उसे अगली सीरीज में बाहर किया जा सकता है। यह उसके या किसी के लिए भी कठिन होता है।"

# इंटरनेशनल क्रिकेट में इस्तेमाल होती है जो गेंद, उसकी कीमत जानते हैं आप?




अब क्रिकेट कुछ ही देशों तक सीमित नहीं रह गया है, इस खेल को दुनियाभर में खेला और पसंद किया जा रहा है. भारत में तो इसे एक धर्म तक माना जाता है. लोग अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को भगवान का दर्जा देते हैं. अब लीग क्रिकेट आने से छोटे क्रिकेटरों के पास बड़ा नाम बनाने के भी मौके बढ़ गए हैं. क्रिकेट है तो उससे जुड़ी चीजों में भी बढ़ोत्तरी हुई है. क्रिकेट बैट और गेंद की बिक्री भी बढ़ गई है. ऐसे में गेंद और बल्ले की कीमत भी लोग जानना चाहते हैं.

**कई तरह की गेंद होती हैं इस्तेमाल**

क्रिकेट देखने और जानने वाले लोग ये बात अच्छे से जानते हैं कि इसे मुख्य तौर पर 3 फॉर्मेट में खेला जा रहा है- टेस्ट, वनडे और टी20. टेस्ट फॉर्मेट में मुकाबला 5 दिन का होता है जिसमें 2-2 पारी खेली जा सकती हैं. वनडे में 1-1 पारी होती है जबकि टी20 मैच अधिकतम 20-20 ओवर का होता है. टेस्ट में रेड बॉल का इस्तेमाल होता है. वनडे और टी20 मैच सफेद टर्फ गेंद से खेला जाता है. अब टेस्ट मैच में डे-नाइट फॉर्मेट के लिए पिंक बॉल भी इस्तेमाल की जा रही है.

**किन कंपनी की गेंद?**

मैच फॉर्मेट के आधार पर अलग-अलग गेंद का चयन किया जाता है. टेस्ट मैच में रेड, टी-20 या वनडे में व्हाइट लेदर बॉल का इस्तेमाल होता है. डे-नाइट फॉर्मेट में टेस्ट मैच अब पिंक बॉल से खेला जा रहा है. यह फॉर पीस लेदर बॉल होती है, जो 2 पीस से अलग है. यह उसकी तुलना में महंगी भी होती है. कुछ देश अलग-अलग कंपनियों की गेंद का इस्तेमाल करते हैं. आमतौर पर टी20 और वनडे में कूकाबुरा की टर्फ वाइट बॉल इस्तेमाल होती है. कुछ जगह एसजी और ड्यूक का इस्तेमाल भी किया जाता है.

**एक गेंद की कीमत?**

यह बात बहुत से लोग जानना चाहते हैं कि एक गेंद की कीमत क्या होती है. बात करें कूकाबुरा की टर्फ वाइट बॉल की कीमत की, जो वनडे और टी20 में इस्तेमाल होती है, तो यह करीब 15 हजार की आती है. अलग-अलग वेबसाइट पर इसकी कीमत में थोड़ा अंतर हो सकता है, फिर भी 13 से 17 हजार रुपये तक के बीच ही है. एसजी समेत अलग-अलग कंपनियों की गेंद भी इसी रेंज में मिल जाती हैं. रेड लेदर बॉल की कीमत 3-4 हजार से शुरू होती है. यह भी अलग-अलग कंपनी के हिसाब से होती है.

# केजीएफ स्टार यश से मिले कप्तान हार्दिक, 'रॉकी भाई' के साथ क्रुणाल पांड्या भी आए नजर

भारतीय टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज की तैयारियों में जुटे हैं। टीम इंडिया को लंकाई टीम के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। इसके लिए हार्दिक को कप्तान बनाया गया। नियमित कप्तान रोहित चोटिल होने के कारण टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। वह वनडे सीरीज से वापसी करेंगे और टीम की कमान संभाल लेंगे। अगली सीरीज से पहले हार्दिक ने केजीएफ स्टार यश से मुलाकात की। केजीएफ सीरीज की फिल्मों में अपने किरदार 'रॉकी भाई' के नाम से मशहूर यश ने हार्दिक के साथ-साथ उनके भाई क्रुणाल पांड्या से भी मुलाकात की। हार्दिक उनसे मिलने की खुशी को छुपा नहीं पाए। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा- "KGF-3।" इस बात की उम्मीद है कि इस फिल्म का तीसरा पार्ट भी आएगा। फैंस को केजीएफ के तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार है।

सुपर स्टार यश हार्दिक से पहले भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल से मुलाकात कर चुके हैं। फरवरी 2021 में चहल अपनी पत्नी धनश्री वर्मा के साथ यश से मिले थे। तब चहल ने तस्वीरें शेयर की थीं। यश क्रिकेट को काफी पसंद करते हैं और टीम इंडिया के प्रति अपने समर्थन का इजहार करते रहते हैं।

**श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में युवाओं को मिला मौका**

श्रीलंका के खिलाफ वनडे टीम में हार्दिक पांड्या की वापसी हुई और लोकेश राहुल के टीम में होने के बावजूद उन्हें उपकप्तान बनाया गया है, जबकि टी20 टीम की कप्तानी भी उन्हें ही दी गई है। इससे साफ है कि चयनकर्ता हार्दिक पांड्या को भारत के भावी कप्तान के रूप में देख रहे हैं। टेस्ट टीम में भले पांड्या को मौका नहीं मिल रहा, लेकिन वनडे और टी20 में रोहित के बाद हार्दिक कप्तान बनने के सबसे मजबूत दावेदार बन चुके हैं।





## 2022 में चार बार बदला घरेलू एलपीजी सिलेंडर का भाव, हर बार हुआ महंगा

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। वर्ष 2022 में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में चार बार बदलाव हुआ, हर बार के बदलाव में इनकी कीमतों में इजाफा ही किया गया। इस बार भी नए साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी 2023 को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नई दरें जारी हो सकती हैं। इस बार गैस सिलेंडरों के भाव बढ़ेंगे या इसमें कटौती होगी यह तो वक्त ही बताएगा पर आइए जानते हैं वर्ष 2022 में इनकी कीमतों में कब-कब बदलाव हुआ। पिछले एक वर्ष में घरेलू गैस सिलेंडरों



यानी घरों में इस्तेमाल होने वाले 14 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 154 रुपये का इजाफा हुआ।वहीं दूसरी ओर, इस दौरान 19 किलो वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 357 रुपये सस्ता हुआ है। इस दौरान 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर के भाव में कुल 18 बार परिवर्तन किया गया। 12 बार इन सिलेंडर के भाव घटाए गए जबकि छह बार यह महंगा हुआ। आखिरी बार नवंबर महीने में कमर्शियल सिलेंडर के भाव को बदला गया था और दिल्ली में इसकी कीमत 1860 रुपये से घटकर 1744 रुपये हो गया था। वहीं, घरेलू एलपीजी सिलेंडर में आखिरी बदलाव बीते छह जुलाई को हुआ था। उस दिन 14 किलो वाले सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये का इजाफा किया गया था। एक वर्ष में घरेलू एलपीजी सिलेंडर देश की राजधानी दिल्ली में 153.5 रुपये महंगा हुआ।

# रोटी के बाद अब दाल भी महंगी !

### छह महीने में 10 फीसदी तक बढ़ी अरहर और उरद दाल की कीमतें

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। आपके थाली की दाल फिर से महंगी हो रही है। हाल के दिनों में अरहर दाल के दामों में तेजी देखी देखने को मिली है। खुद सरकार के आंकड़े भी इस बात की गवाही दे रहे हैं। सरकारी डाटा के मुताबिक बीते छह महीने में दाल की कीमतों में 10 फीसदी का उछाल आया है। अरहर और उरद दाल की कीमतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिली है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के डाटा के मुताबिक 29 दिसंबर को अरहर या टूअर दाल की औसत कीमतें 111.9 रुपये प्रति किलो पर जा पहुंचा है जो एक जून 2022 को 102.87 रुपये किलो था।

मोडल प्राइस अब 110 रुपये प्रति किलो है जो एक जून तो 100 रुपये प्रति किलो था।भारत में सबसे ज्यादा लोग अरहर दाल खाना पसंद करते हैं। उरद दाल की कीमतों में भी इस अवधि में उछाल देखने को मिला है। 29 दिसंबर,2022 को सरकारी डाटा के मुताबिक उरद दाल की मोडल प्राइस यानि औसतन कीमतें 110 रुपये प्रति किलो है जो एक जून 2022



को 100 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था। यानि छह महीने में 10 फीसदी सरकारी डाटा के मुताबिक कीमतें बढ़ी है। नवंबर महीने में दालों की महंगाई 3.15 फीसदी रही थी।

**सरकार ने उठाया ये कदम**

अरहर और उरद दालों के दामों पर नियत्रंण रखने के लिए सरकार ने इन दोनों दालों के लिए फ्री-इंपोर्ट पॉलिसी को 31 अगस्त 2024 के लिए एक्सटेंड कर दिया है। इस पॉलिसी के तहत बिना किसी बंदिशें के बगैर दालों का आयात किया जा सकेगा। एक अनुमान के मुताबिक भारत अपने खपत का 15 फीसदी दाल आयात करता है।

**विदेशों से किया जा रहा आयात**

2021-22 में 2 मिलियन टन दाल का आयात किया गया था। द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत ने 0।25 मिलियन टन उरद दाल और 0।1 मिलियन टन अरहर दाल मयांमार से आयात करने का आश्वासन दिया है। भारत मौजांबिक से भी अरहर दाल आयात कर रहा है। इसके अलावा मालावी से भी अरहर दाल इंपोर्ट किया जा सकेगा जिससे घेरलू बाजार में कीमतों पर काबू रखा जा सके। गौरतलब है कि 2016 में अरहर दाल की कीमतें 200 रुपये प्रति किलो तक जा पहुंचा था।

## 2022 के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 293 अंक टूटा

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। साल के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को सेंसेक्स 293 अंकों की गिरावट के साथ 60840 और निफ्टी 85 अंकों की गिरावट के साथ 18105 के लेवल पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सेक्टर के इंडेक्स में भी गिरावट दिखी।

इस दौरान सेंसेक्स के टॉप-30 में 11 शेयर मजबूती के साथ जबकि 19 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स में 0.48 प्रतिशत की जबकि निफ्टी में 0.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को आईसीआईसीआई बैंक और जोमेटो के शेयर दो-दो प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। साल के आखिरी दिन के कारोबारी सेशन में रुपया डॉलर के मुकाबले 0.09% की बढ़त के साथ 82.7200 के लेवल पर बंद हुआ।

इससे पिछले कारोबारी सेशन में यह 82.7925 के स्तर पर बंद हुआ था।

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सेशन में बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज, टाइटन, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स के शेयर टॉप गेनर्स रहे। जबकि आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी, आईटीसी और नेस्ले इंडिया के शेयर टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल रहे।

## ग्लोबल स्तर पर क्रिप्टोकरेंसी मार्केट रहा सपाट

### जानें भारत में बिटकॉइन और अन्य कॉइन की कीमत

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। क्रिप्टोकरेंसी में शुक्रवार को ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया है। ग्लोबल स्तर पर क्रिप्टो मार्केट की सबसे बड़े क्वॉइन, बिटकॉइन डिजिटल टोकन ट्रेडिंग के साथ 16,607 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप आज 1 खबर डॉलर के नीचे ट्रेड कर रहा था, क्योंकि यह पिछले 24 घंटों में फ्लैट होकर 828 अरब डॉलर पर था। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी इथेरियम की बात करें तो यह 1,198 डॉलर पर लगभग एक प्रतिशत ऊपर था। इस बीच, डॉजकॉइन की कीमत 0।07 डालर पर, जबकि शीबा इनु 2 फीसदी से अधिक 0।000008 डॉलर पर कारोबार कर रही थी।भारत में बिटकॉइन के दाम में बढ़ोतरी देखी गई है। यह ।26 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ



1,374,073।7 रुपये पर कारोबार कर रही थी। इथेरियम की बात करें तो यह 24 घंटे में 0।21 फीसदी उछलकर 99,082।69 रुपये की कीमत पर कारोबार कर रही थी। बीएनबी के दाम आज 20,316।03 रुपये पर थे। इस कीमत में 0।07 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है।

इसी तरह, टीथर कॉइन की कीमत 82।73 रुपये पर ट्रेड कर रही है, इसमें 24 घंटे में 0।04 फीसदी की हल्की बढ़ोतरी हुई। यूएसडी सिक्का की कीमत भी आज 82।76 रुपये पर था, जिसमें 0।04 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

## ऑटो क्षेत्र में लक्ष्य से 60 फीसदी ज्यादा मिला निवेश

### 115 कंपनियों ने किया था आवेदन

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। वाहन और कलपुर्जों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में 67,690 करोड़ रुपये का प्रस्ताविक निवेश मिला है। यह तय लक्ष्य अनुमान के मुकाबले 60 फीसदी अधिक है। अनुमान पांच साल में 42,500 करोड़ रुपये के निवेश का था। पीएलआई योजना के तहत कुल 115 कंपनियों ने आवेदन किया था।



इसके दिशानिर्देशों को 23 सितंबर, 2021 को अधिसूचित किया गया था। भारी उद्योग मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि 115 में से कुल 85 आवेदकों को स्वीकृत किया गया था। मूल उपकरण निर्माण प्रोत्साहन योजना के लिए 18 आवेदक और कंपोनेंट चैंपियन प्रोत्साहन योजना के तहत 67 आवेदकों को मंजूरी मिली थी। योजना के दोनों भाग के लिए दो ऑटो कंपनियों को मंजूरी दी गई है।

## सरकार के बढ़े खर्च के चलते चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से नवंबर के बीच 9.78 लाख करोड़ रुपये रहा राजकोषीय घाटा

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। देश का वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। वित्त वर्ष 2022- 23 के पहले 8 महीनों में राजकोषीय घाटा बढ़कर 9.78 लाख करोड़ रुपये रहा है जो सरकार के पूरे साल के लक्ष्य का 58.9 फीसदी है। बीते वित्त वर्ष में समान अवधि में रोजकोषीय घाटा 46.2 फीसदी रहा था। सरकार ने ये आंकड़े जारी किए हैं। इस अवधि में सरकार का राजस्व बढ़कर 14.65 लाख करोड़ रुपये जा पहुंचा है जबकि सरकार का खर्च 24।43 लाख करोड़ रुपये रहा है। ये मौजूदा वित्त वर्ष के बजट के लक्ष्य का 64.1 फीसदी और 61.9 फीसदी है। जिसमें रेवेन्यू से राजस्व 14.23 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 12.25 लाख करोड़ रुपये टैक्स से और 1.98 लाख करोड़ रुपये गैर-टैक्स से रेवेन्यू प्राप्त हुआ है। टैक्स रेवेन्यू



बजट के लक्ष्य का 63.3 फीसदी को गैर-टैक्स रेवेन्यू 73.5 फीसदी रहा है। जो बीते साल समान अवधि में रहे 73.5 फीसदी और 91.8 फीसदी से कम है। इस वर्ष मई 2022 में अँतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में भारी बढ़ोतरी के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार ने पेट्रोल डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ था। तो पीएम उज्जवला योजना के तहत एक साल में 200 रुपये की सब्सिडी वाले 12 सिलेंडर देने के प्रावधान करने के साथ ही फर्टिलाइजर सब्सिडी बढ़ाई गई थी जिससे घाटा बढ़ा है। माना जा रहा है कि सरकार द्वारा मौजूदा वित्त वर्ष में किए जाने वाले अतिरिक्त खर्च के चलते राजकोषीय घाटा सरकार के अनुमान से 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रह सकता है।

केंद्र सरकार ने सड़क से रेलवे तक आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होने वाले खर्च में 40 फीसदी की बढ़ोतरी की है जिसके चलते भी घाटा बढ़ा है। सरकार ने इन आठ महीनों में फूड, फर्टिलाइजर और पेट्रोलियम पदार्थों के सब्सिडी पर 3.01 लाख करोड़ रुपये खर्च किया है जो कि पूरे साल के बजट का 95 फीसदी है। जबकि बीते साल समान अवधि में ये 69 फीसदी रहा था।

## बिक रहे नकली हॉलमार्क वाले गहने, नुकसान से बचाने के लिए नियम सख्त करने की तैयारी

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। देश भर में ग्राहकों को नकली हॉलमार्क वाले सोने के गहने बेचे जा रहे हैं। बड़े जूलरी कारोबारी और उद्योग के लोगों ने सरकार से कहा है कि इस नकली हॉलमार्क के बाजार को खत्म करने के लिए कोई ठोस नियम लाया जाए। कुछ समय पहले ही ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) ने सभी तरह की सोने की जूलरी पर हॉलमार्किंग जरूरी किया था। उसके बाद पूरे देश में नकली हॉलमार्क का चलन तेजी से बढ़ गया है। सूत्रों ने कहा कि जूलरी निर्माता तस्करी वाला सोना खरीदते हैं। उसी पर अवैध तरीके से हॉलमार्किंग कर खुदरा बाजार में बेच रहे हैं। इस तरह के सोने प्रति ग्राम 200-300 रुपये सस्ते में बेचे जाते हैं। इससे ग्राहक इनकी ओर ज्यादा रुझान दिखा रहे हैं, जबकि कारोबारियों को नुकसान हो रहा है।

**तस्करी व आयात के संबंधों का लगाएं पता: वित्त मंत्री**

इसी महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि अधिकारियों को यह पता लगाना चाहिए कि क्या सोने के ज्यादा आयात और तस्करी के बीच कोई संबंध है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के अनुसार, 2021-22 में 500 करोड़ का 833 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त हुआ था। 2020-21 में खाड़ी क्षेत्र से तस्करी में गिरावट देखी गई थी।

## सोना 62,000 तो चांदी 80,000, साल 2023 में मालामाल कर देगा यह निवेश

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। साल 2023 सोने के लिए कैसा रहेगा? गोल्ड में पैसा लगाने वालों के बीच यह एक बड़ा सवाल है। जब भी दुनिया में अस्थिरता का माहौल होता है। भू-राजनीतिक तनाव देखने को मिलता है। या शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहता है, तो सोने में तेजी देखने को मिलती है। रूस-यूक्रेन युद्ध, कोरोना महामारी, महंगाई और मंदी जैसे निगेटिव इवेंट्स से साल 2022 भरा रहा है। अब साल 2022 में गोल्ड से रिटर्न की बात करें, तो यह 13.79 फीसदी रहा है। इस समय सोने की कीमत 54,730 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने 2023 की कमोडिटी आउटलुक रिपोर्ट में बताया है कि गोल्ड निवेश के हिसाब से आगे भी अच्छा रहेगा। सोने की मौजूदा कीमत इस समय 54,730 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसने साल 2022 में 13.79 फीसदी का रिटर्न दिया है। आईसीआईसीआई डायरेक्ट की कमोडिटी आउटलुक रिपोर्ट 2023 के अनुसार सोने का यह रिटर्न आगे भी जारी रहेगा। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023 के लिए सोने की कीमत का टार्गेट 62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम बताया गया है। यह सोने का ऑल टाइम हाई लेवल होगा। इस तरह गोल्ड में मौजूदा कीमत से 13.28 फीसदी का रिटर्न देखने को मिल सकता है।

**80,000 तक जा सकती है चांदी**

चांदी की बात करें, तो इसमें साल 2023 में सोने से भी अधिक रिटर्न देखने को मिल सकता है। चांदी ने इस साल अब तक 9.91 फीसदी रिटर्न दिया है। चांदी की मौजूदा कीमत 68,870 रुपये प्रति किलोग्राम है। आईसीआईसीआई डायरेक्ट की कमोडिटी आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023 में चांदी की कीमत 80,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक जा सकती है। इस तरह चांदी में मौजूदा कीमत से 16.16 फीसदी का रिटर्न देखने को मिल सकता है। कॉपर, एल्युमिनियम और जिंक ने साल 2022 में अब तक नेगेटिव रिटर्न दिया है। कॉपर की मौजूदा कीमत 724 रुपये प्रति किलो है। इसने इस साल अब तक -2.36 फीसदी रिटर्न दिया है। वित्त वर्ष 2023 में कॉपर 17.40 फीसदी रिटर्न के साथ 850 रुपये प्रति किलो तक जा सकती है। एल्युमिनियम की बात करें, तो इसकी मौजूदा कीमत 208.40 रुपये प्रति किलो है।

इसने इस साल अब तक -6.71 फीसदी रिटर्न दिया है। वित्त वर्ष 2023 में यह 24.76 फीसदी रिटर्न के साथ 260 रुपये प्रति किलो तक जा सकती है। जिंक की बात करें, तो इसकी मौजूदा कीमत 272.40 रुपये प्रति किलो है। इसने इस साल अब तक -4.52 फीसदी रिटर्न दिया है। वित्त वर्ष 2023 में यह 28.49 फीसदी रिटर्न के साथ 350 रुपये प्रति किलो तक जा सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया संग 5 साल में 70 अरब डॉलर का कारोबार

### समझौता ऑस्ट्रेलिया को चीन से दूर होने में करेगा मदद

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से अगले पांच साल में वस्तुओं एवं सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 70 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। यह द्विपक्षीय व्यापार भरोसेमंद कारोबार संबंधों को बढ़ावा देगा।




दोनों देशों के बीच एफटीए 29 दिसंबर से लागू हो गया है।आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि 23 अरब डॉलर का व्यापार पहले दिन से ही शुल्क मुक्त हो जाएगा। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2021-22 में 25 अरब डॉलर के वस्तुओं के व्यापार का 93 फीसदी है। संस्थान के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, दोनों देशों के बीच यह समझौता कठिन समय में अधिक व्यापार के अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता ऑस्ट्रेलिया को धीरे-धीरे चीन से दूर होने में मदद करेगा। 2021-22 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8.3 अरब डॉलर का निर्यात किया था, जबकि 16.75 अरब डॉलर का आयात किया था।

**एजेंसी 23 अरब डॉलर का कारोबार पहले ही दिन से होगा शुल्क मुक्त**

**2023 में दो और एफटीए होने की उम्मीद : गोयल**

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि 2023 में कम-से-कम दो और एफटीए पर हस्ताक्षर होंगे। समझौते के बाद ऑस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले पहले भारतीय माल के लिए मूल प्रमाणपत्र सौंपने के बाद उन्होंने कहा, एफटीए से रत्न-आभूषण, कपड़ा और सूचना प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों को लाभ होगा।

**हमारे कारोबार को नए मौके मिलेंगे : ऑस्ट्रेलिया पीएम**

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने कहा कि भारत के साथ एफटीए हमारे देश के व्यवसायों के लिए नए अवसर प्रदान करेगा। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर अगले साल मार्च में भारत का दौरा करेंगे।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-उत्तरायणे
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2549,हिजरी सन् -1443
ऋतु-शिशिर दिशाशूल- पूर्व-अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी - 18 -33 तक उपरान्त दशमी
मास - पौष शुक्ल पक्ष , शनिवार Dec 31
नक्षत्र -रेवती - 11 -46 तक उपरान्त अश्विनी
योग - परिघ - 08 - 18 - तक उप शिव
करण- कौलव -18 - 33 - तक उप- तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार - पंचक-11-46 तक

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- धनु | में | धनु--- | 05-46 बजे |
| चंद्र- मीन | में | मकर- | 07-46 बजे |
| मंगल वृष | में | कुंभ - | 09-47 बजे |
| बुध- मकर | में | मीन... | 11-11 बजे |
| गुरु- मीन | में | मेष-- | 12-50 बजे |
| शुक्र- धनु | में | वृष-- | 14-36 बजे |
| शनि- मकर | में | मिथुन.. | 16-37 बजे |
| राहु- मेष | में | कर्क... | 18-48 बजे |
| केतु- तुला | में | सिंह... | 21-01 बजे |
| | | कन्या.. | 22-11 बजे |
| | | तुला | 01-17 बजे |
| | | वृश्चिक | 03-28 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:33 से 10:56 तक**

### श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:49 - 08:10 | अशुभ | लाभ. | 17:48 - 19:28 | शुभ |
| शुभ | 08:10 - 09:33 | शुभ | उत्पात | 19:28 - 21:05 | अशुभ |
| रोग. | 09:33 - 10:56 | अशुभ | शुभ | 21:05 - 22:42 | शुभ |
| उत्पात | 10:56 - 12:19 | अशुभ | अमृत | 22:42 - 00:19 | शुभ |
| चंचल | 12:19 - 13:42 | शुभ | चंचल | 00:19 - 01:56 | शुभ |
| लाभ | 13:42 - 15:05 | शुभ | रोग | 01:56 - 03:33 | अशुभ |
| अमृत | 15:05 - 16:28 | शुभ | काल | 03:33 - 05:10 | अशुभ |
| काल | 16:28 - 17:48 | अशुभ | लाभ | 05:10 - 06:49 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (धू धे धो ला ली लू ले लो ञा): आज का दिन परिवार के साथ बिताने के लिए विशेष रूप से अच्छा है। अपने माता -पिता,बहन-भाइयो या फिर जीवनसाथी के साथ शांति से कुछ वक्त बिताएं । अपने बच्चों के साथ किसी मनोरंजक क्रियाकलाप में भाग लें। अगर काम दबाव अधिक भी है तो भी आज उसे एक तरफ रख दें और एक साथ होने का आनंद लें।

**वृष** (ई उ ए जो वा वी वू वे वो): आज आप व्यावहारिकता की अपेक्षा रखने वाले कई मुद्दों में भावनात्मक व्यवहार करेंगे। स्पष्ट सोच रखते हुए यह समझने की कोशिश करें की आपकी इच्छाएं क्या हैं और आपके लिए अच्छा क्या हैं। आपके भीतर कुछ ऐसी भावनाए पैदा हो सकती हैं जो आपको कुछ सीमायें लांघने के लिए उकसा सकती हैं।

**मिथुन** (का की कू घ ड झ के को हा): आपके परिवारवालों को नजदीकी संबंधियों से होने वाली परेशानी के कारण आपको भी प्रतिबंधों का सामना करना होगा। ये लम्बे समय तक नहीं रहेंगे लेकिन आपको काफी प्रभावित करेंगे, इसीलिए इनके प्रभाव से बचने की कोशिश करें। आज आप कोई घरेलू उपयोग का उपकरण खरीदेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे । आप कोई महत्वपूर्ण का शुरू करने के लिए भी उतावले हैं। परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा । शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी । दिन बाधारहित गुजरेगा । यात्रा कर सकते हैं, सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती हैं।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आप उर्जा से भरे हैं और आशावादी सोच रखते हैं। कुछ दिन पहले तक जो भी चीजें बिलकुल व्यर्थ लग रही थी, आज उतनी नहीं दिखेंगी। आपके दृष्टिकोण की दृढ़ता और जीवनशक्ति से आपको इस स्थिति से निपटने में मदद मिलेगी । आज का दिन अपनी सोच, विचारों और इच्छाओं को खुलकर व्यक्त करने के लिए भी बहुत उपयुक्त है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ट पे पो): आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे, लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकडें । बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है, सहज बने रहें। जब आपको जवाब नहीं मिल जाते , अपना नजरिया दृढ ही रखें । दूसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं।

**तुला** (स री रु रे से ता तू ते): किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा । आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है। इसीलिए रोमांस का आनंद लें। रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप आफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे।

**वृश्चिक** (तो मा मी मू मे मो य यी यू): आज आपकी किस्मत आपके साथ है। आप अपने समस्या को सुलझा लेने की कुशलता से सबको अचरज में डाल देंगे। सहकर्मी आपसे प्रभावित होंगे । आपका आत्मविश्वास देकने लायक होगा और आपको एक नया काम मिलेगा। खुश रहें और अपनों के साथ खुशी बाँटें। आज कोई दोस्त मिल सकता है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आप आज आत्मविश्वास से भरे हैं और यह बात आपकी भाव-भंगिमा और नजरिये से साफ झलक रही है। आज हर कहीं आप लोगों के आपकर्षण का केंद्र बने रहेंगे और अपनी छाप छोडेंगे । महत्वपूर्ण बिजनेस बैठकों में आपके मुताबिक निर्णय होंगे । अगर स्थितियां आपके पक्ष में नहीं भी दिख रही ।

**मकर** (भे जे जी खी खू खो मा मी): आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है, आपको संवेदनशील लोगो से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा। यह समय सामना करने और फैसले लेने के लिए भी उपयुक्त है। आप जिन अवांछित स्थितियों से बचना चाहते थे, आपको उनमें खींचा जाएगा। कुछ कठोर निर्णय लेने होंगे । हालाँकि आप दबाव में भी सही फैसले ले पायेंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आज आज ऊर्जा से भरे हैं, आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-आफिस में सब प्रभावित होंगे । आपने दोस्तों या किसी खास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें। दिन शांत और तनावरहित रहेगा । आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है, लेकिन अपने खरीदारी के खर्चो पर भी नजर रखें।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो च ची): आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा । किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमें से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा । आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं। दूसरी ओर , एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है लेकिन बुरा ना मानें ।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

# छठवीं बार पीएम बने बेंजामिन नेतन्याहूः इजराइल में अब तक की सबसे कट्टरपंथी सरकार

## फिलिस्तीन से संघर्ष की आशंका



यरूशलम, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। 73 साल के बेंजामिन नेतन्याहू इजराइल के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। देश में 'बीबी' के नाम से मशहूर नेतन्याहू ने गुरुवार रात पद और गोपनीयता की शपथ ली। 'इजराइल' के मुताबिक, नेतन्याहू की लीडरशिप में छह दलों की यह गठबंधन सरकार देश के इतिहास में अब तक की सबसे कट्टरपंथी सरकार है। आशंका जताई जा रही है कि फिलिस्तीन से संघर्ष बढ़ेगा। इजराइली संसद को नीसेट कहा जाता है। गुरुवार को संसद के अंदर और बाहर माहौल काफी गर्म नजर आया। छठवीं बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते वक्त नेतन्याहू को नारेबाजी का सामना करना पड़ा। संसद के बाहर भी उनके विरोधियों ने बैनर पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### इजराइल में 37 वीं सरकार

1948 में अलग देश का दर्जा पाने वाले इजराइल में यह 37वीं सरकार है। करीब 75 साल के संसदीय इतिहास में अब तक किसी पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत वाली सरकार नहीं बनाई है।

इजराइली संसद में कुल 120 सीटें हैं।

नेतन्याहू के गठबंधन के पास 63 सीटें हैं। उनकी लिकुड पार्टी के पास सबसे ज्यादा सीटें हैं। इजराइली मीडिया के मुताबिक- नेतन्याहू के लिए इस सरकार को चलाना बेहद मुश्किल साबित हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उन्हें हर कदम पर सहयोगी पार्टियों से मदद लेनी होगी और ये सभी फिलिस्तीन और अरब विरोधी हैं।

नेतन्याहू को वर्ल्ड पॉलिटिक्स और डिप्लोमैसी भी देखनी है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वो देश की सियासत और वर्ल्ड डिप्लोमैसी के बीच बैलेंस कैसे बनाकर चलते हैं।

### एक तस्वीर और रोचक कहानी

सादा सी दिखने वाली इस तस्वीर का कहानी दिलचस्प है। दरअसल, शपथ लेने के बाद जब नेतन्याहू ऑफिस पहुंचे तो टेबल पर उन्हें हिब्रू में लिखा यह पेपर नोट मिला। यह नोट पूर्व पीएम येर लैपिड छोड़कर गए। इस पर 'लैपिड 2024' लिखा था। माजरा कुछ यूं है कि नेतन्याहू ने पिछली बार जब इस्तीफा देकर सरकार छोड़ी थी तो वो तब के नए प्रधानमंत्री लैपिड के लिए एक नोट छोड़कर गए थे। उस पर लिखा था- मैं बहुत जल्द वापसी करूंगा। अब लैपिड ने दावा किया है कि वो 2024 में फिर इजराइल के प्रधानमंत्री बनेंगे।

### विपक्ष का रवैया तल्ख

इजराइल की सियासत में सरकारें बदलना नई बात नहीं है। गुरुवार को जब नेतन्याहू ने शपथ ली और इसके बाद अपनी सीट की तरफ जाने लगे तो पूर्व प्रधानमंत्री येर लैपिड ने उनसे हाथ मिलाना भी मुनासिब नहीं समझा। लैपिड संसद से बाहर निकल गए। इसके बाद बाकी मंत्रियों ने शपथ ली।

### फिलिस्तीन का मसला क्यों उलझेगा

गठबंधन सरकार में शामिल दूसरी पार्टियां वेस्ट बैंक या पश्चिमी किनारे से फिलिस्तीनियों की बस्तियां मिलिट्री की मदद से हटाना चाहती हैं। इससे संघर्ष और बढ़ेगा। एक बहुत बड़ा खतरा फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के हमलों का भी है। इसे ईरान से खुली मदद मिलती है और यह अकसर इजराइल में रॉकेट हमले करता रहता है। हमास के हमलों से इजराइल में ज्यादा नुकसान इसलिए नहीं होता, क्योंकि उसका एयर डिफेंस सिस्टम इन रॉकेट को देश की सीमा में घुसने से पहले ही मार गिराता है। बहरहाल, इसके बावजूद हमास के लोग यहां किसी न किसी रूप में हमले तो करते ही रहते हैं।

### एक साल बाद ही सत्ता में वापसी

नेतन्याहू को संसद में बहुमत खोने की वजह से पिछले साल इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद 1 नवंबर को चुनाव हुए और नेतन्याहू की लिकुड पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी। हालांकि, उसके पास 61 का जादुई आंकड़ा नहीं था। लिहाजा 6 दलों का समर्थन हासिल किया। लिकुड पार्टी के चीफ नेतन्याहू कुल 15 साल प्रधानमंत्री रह चुके हैं। यह उनका 6 टर्म होगा। इजराइली सियासत में अब तक कोई नेता इतने लंबे वक्त तक सत्ता के शिखर पर नहीं रह सका है।

### वादे पूरे करने में नाकाम

जून 2021 में इजराइल में सत्ता बदली थी, तब राम पार्टी पहली अरब पार्टी थी, जो किसी इजराइली सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा बनी। कट्टरवादी नफ्ताली बेनेट और फिर बाद में लिबरल येर लैपिड इस सरकार के प्रधानमंत्री थे। ये गठबंधन बहुत लंबा नहीं चल सका। शिक्षा और रोजगार में अरबों को बराबरी का मौका देने के वादे पूरे नहीं हो पाए। इजराइली चुनावों में तीन प्रमुख अरब दल भी हिस्सा लेते हैं। ये हैं हादाश ताल, राम (यूनाइटेड अरब लिस्ट) और बालाड। इस बार अरब दलों में फूट भी पड़ गई है। सितंबर में उम्मीदवारों के नाम घोषित करने की समय सीमा खत्म होने से ठीक पहले बालाड ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। यह इलेक्शन में कुछ खास नहीं कर पाई।

### क्यों होते हैं बार-बार चुनाव

इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं। बहुमत के लिए 61 सीटें चाहिए। देश में मल्टी पार्टी सिस्टम है और छोटी पार्टियां भी कुछ सीटें जीत जाती हैं। इसी वजह से किसी एक पार्टी को बहुमत पाना आसान नहीं होता। लिहाजा, अकसर प्री या पोस्ट पोल अलायंस होते हैं। इसके बावजूद सरकारें चल नहीं पातीं, क्योंकि सियासी हालात काफी मुश्किल हैं। कई मुद्दों पर पार्टियों में मतभेद बने रहते हैं।

## हीरा बा के निधन पर पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जताया शोक



इस्लामाबाद, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर ट्वीट कर गहरा शोक जताया है. उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मां को खोने से बड़ा कोई नुकसान नहीं है. प्रधानमंत्री जी को मां के निधन पर मेरी संवेदनाएं

## साउथ चाइना सी में आमने-सामने आए चीन और अमेरिकी विमान

**दोनों के बीच 20 फीट की दूरी रह गई थी, चीनी पायलट पर खतरनाक पैंतरेबाजी के आरोप**

वॉशिंटन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी सेना ने गुरुवार को बताया कि 21 दिसंबर को साउथ चाइना सी पर रूटीन ऑपरेशन के दौरान एक चीनी फाइटर जेट अमेरिकी एयरफोर्स से टकराने से बाल-बाल बचा। चीनी फाइटर जेट अमेरिकी एयरक्राफ्ट के इतने नजदीक आ गया था कि दोनों के बीच केवल 20 फीट की दूरी रह गई थी। अमेरिका की मिलिट्री ने बयान जारी कर चीनी सेना के पायलट पर खतरनाक तरीके से जे-11 जेट उड़ाने के आरोप लगाए हैं। अमेरिका ने कहा कि चीनी पायलट की पैंतरेबाजी बड़े हादसे में बदल सकती थी। चीन का फाइटर जेट अमेरिकी एयरफोर्स आरसी-135 प्लेन की नाक की सीध में आ गया था। जिसके बाद अमेरिकी पायलट को दोनों की टक्कर होने से बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अमेरिका ने चीन पर आरोप लगाया है कि वहां की सेना साउथ चाइना सी पर लगातार इस तरह के हवाई गतिरोध पैदा कर रही है। जो हमारे लिए चिंता का विषय है। इस मामले की जानकारी देरी से देने के सवाल पर अमेरिकी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह के मामलों में कई तरह की बारीकियों की जांच की जाती है। सरकार को दूसरी एजेंसियों को भी इसकी जानकारी देनी होती है। घटना के एक दिन बाद अमेरिका की इंडो पैसिफिक कमांड ने कहा था कि वो साउथ चाइना सी, फिलीपींस सी और ईस्ट चाइना सी में चीन की मिलिट्री गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। अमेरिका चीनी की तरफ बनाए जा रहे दबाव को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

## आंग सान सू की भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी करार

### 7 साल की सजा सुनाई गई



म्यांमार, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। एएफपी की खबर के मुताबिक म्यांमार की एक अदालत ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार के आरोप में अपदस्थ नेता आंग सान सू की को सात साल की जेल की सजा सुनाई है. नोबेल पुरस्कार विजेता सू की को हेलिकॉप्टर किराए पर लेने और उसका रखरखाव करने से संबंधित भ्रष्टाचार के पांच मामलों में जेल में डाल दिया गया था.

**तख्तापलट के बाद से हिरासत में आंग सान सू की**

नोबेल पुरस्कार विजेता और म्यांमार के दशकों के सैन्य शासन के विरोध की प्रमुख नेता आंग सान सू की को तख्तापलट के बाद से हिरासत में लिया गया था. उनको पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि वह अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार करती रही हैं. अब नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है.

**म्यांमार में 2023 में नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा**

सेना ने म्यांमार में 2023 में नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा की है. गौरतलब है कि एक फरवरी 2021 को म्यांमार की सेना ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी और आंग सान सू की के साथ म्यांमार के कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया था.

**कौन हैं आंग सान सू की**

आंग सान सू की ने म्यांमार में दशकों तक सैन्य शासन के खिलाफ लोकतंत्र के लिए लंबा सघर्ष किया है. उनकी एक वैश्विक छवि है. आंग सान सू म्यांमार की बेहद लोकप्रिय नेता हैं. वह दशकों से वहां लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष करती रही हैं. उन्हें 15 सालों से भी ज्यादा समय तक नजरबंद या जेल में रहना पड़ा था. फिर उन्होंने देश की कमान संभाल. हालांकि सैन्य तख्तापलट के बाद हाल ही में एक बार फिर सैन्य शासन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. इसके चलते वह एक बार फिर पूरी दुनिया में सुर्खियों में आ गई.

## यूएई में एक भारतीय शख्स के खाते में गलती से आए 1.28 करोड़ रुपये

**तुरंत कर दिए खर्च, फिर जो हुआ आप सोच भी नहीं सकते**

रियाद, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक भारतीय व्यक्ति के खाते में गलती से लगभग 1.28 करोड़ रुपये आ गए. इसके बाद उसे जेल जाना पड़ा है. आइए पहले आपको पूरा मामला समझाएं कि आखिर क्या हुआ अक्टूबर 2021 में एक मेडिकल ट्रेडिंग कंपनी द्वारा गलती से इस भारतीय शख्स के खाते में एईडी 570,000 जो कि भारतीय रुपये में लगभग 1.28 करोड़ है वो प्राप्त हुए. दरअसल ऐसी गलती इसलिए दो मिलते-जुलते अकाउंट नंबर की वजह से हुई. कंपनी के एक अधिकारी ने जजों को बताया कि मेडिकल ट्रेडिंग कंपनी का इरादा एईडी 570,000 को एक बिजनेस क्लाइंट को ट्रांसफर करना था, लेकिन गलती से इसे गलत आदमी को भेज दिया गया. जब मामले की जानकारी हुई और संबंधित व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई तो दुबई क्रिमिनल कोर्ट ने आरोपी को जुर्माने के रूप में उतनी ही राशि का भुगतान करने के लिए कहा. हालांकि उसने ऐसा नहीं किया. उससे जब अधिकारियों ने पूछताछ की तो उसने कहा, "जब मेरे बैंक खाते में एईडी 570,000 जमा किए गए तो मैं हैरान रह गया. मैंने फटाफट अपना किराया दिया और अन्य खर्चे पूरे किए.'जब शख्स ने पैसे वापस करने से इनकार किया तो कंपनी ने घटना की सूचना दुबई के अल रफा पुलिस स्टेशन को दी. वहीं बैंक ने उसका खाता तुरंत फ्रीज कर दिया, लेकिन पैसे वापस नहीं मिले. यह पता नहीं चला है कि आरोपी ने अपने खाते से पैसे निकालकर कहीं और जमा किए थे या नहीं.

## पोते ने दादी को जान से मारने के लिए लगा दी घर में आग, पुलिस ने किया गिरफ्तार

वॉशिंटन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के टेक्सास में एक 42 साल के इंसान ने अपनी सगी दादी के घर को आग लगा दिया. उस शक्स में ऐसा इसलिए किया, क्योंकि उसकी दादी ने उसे घर से बाहर निकलने को कहा दिया था और प्रॉपर्टी में हिस्सा देने से मना कर रही थी. कॉर्पस क्रिस्टी फायर डिपार्टमेंट के कप्तान टेड विचा ने कहा कि उन्हें सुबह 8 बजे के बाद प्रेस्कॉट से आग के घटना के बारे में खबर मिली और वो मौके पर पहुंची. कॉर्पस क्रिस्टी फायर डिपार्टमेंट के कप्तान टेड विचा ने बताया कि आग लगने की घटना के कुछ देर बाद ही आरोपी को कॉर्पस क्रिस्टी पुलिस अधिकारियों ने पकड़ लिया.

## पाक भूल नहीं पा रहा अनुच्छेद 370 हटाए जाने का दर्द, फिर उगला कश्मीर पर जहर

जम्मू, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कश्मीर से अनुच्छेद 370 का प्रावधान खत्म करने के बाद से ही पाकिस्तान को तेज मिर्ची लगी है। वह जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और धारा 35-ए हटाए जाने के दर्द को भूल नहीं पा रहा है। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान अक्सर अपना रोना रोता रहता है। एक बार फिर से पड़ोसी देश ने जम्मू-कश्मीर लेकर जुबानी जहर उगला है। पाकिस्तान की ओर से की जाने वाली बार-बार की ऐसी हरकतें उसकी निम्न मानसिकता के बारे में भी बताती हैं।

**'हम भारत के साथ अच्छे रिश्ते चाहते हैं, लेकिन...'**

पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के साथ अच्छे रिश्ते चाहता है, लेकिन नयी दिल्ली को कश्मीर सहित लंबित मुद्दों का संवाद के जरिये समाधान हेतु गंभीरता दिखानी चाहिए। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुम्ताज जहरा बलोच ने कहा कि पाकिस्तान दक्षिण एशिया के सभी देशों के साथ आपसी सम्मान और संप्रभु समानता के आधार पर पड़ोसियों के साथ शांति की नीति को जारी रखेगा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान की रुचि शांति और संवाद में है और यह भारतीय प्राधिकारियों पर है कि वे रिश्ते को सुधारने के लिए जिम्मेदार रुख अपनाएं। पाकिस्तान का मानना है कि रिश्ते तब तक सामान्य नहीं हो सकते, जब तक कि जम्मू-कश्मीर समेत सभी लंबित विवादों का समाधान न हो जाए।'



**अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद से बौखलाया हुआ है पाकिस्तान**

पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता ने साथ ही कहा कि उनका मुल्क कश्मीर विवाद का संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव के तहत समाधान की कोशिश करता रहेगा। बता दें कि पाकिस्तान-भारत रिश्तों में कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण हैं। दोनों देशों के संबंध उस समय अपने निचले स्तर पर आ गए जब भारत ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले भारतीय संविधान के प्रावधान अनुच्छेद-370 को समाप्त कर दिया। भारत के इस फैसले के बाद पाकिस्तान ने तीखी प्रतिक्रिया दी और भारतीय राजदूत को वापस भेजने के साथ कूटनीतिक संबंधों को सीमित कर दिया। वर्ष 2019 के बाद से दोनों देशों के व्यापारिक संबंध लगभग ठप है।


**भारत ने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमारा अविभाज्य हिस्सा**

भारत ने पाकिस्तान से कई मौकों पर कहा है कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश देश का अखंड और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद पाकिस्तान ने काफी कोशिश की थी कि वैश्विक मंचों पर भारत को घेरा जाए, लेकिन वह सफल नहीं हो सका था। ऐसे में चाहे इमरान खान की सरकार रही हो या अब शहबाज शरीफ की सरकार हो, पाकिस्तान हमेशा कश्मीर राग अलापता रहता है।

## सीने में दर्द उठा और दरोगा की हो गई मौत, शिप्रा सन सिटी चौकी पर थे तैनात

गाजियाबाद, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। शिप्रा सन सिटी के चौकी प्रभारी रामबीर जादौन का देर रात सीने में दर्द होने के बाद निधन हो गया। डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। प्रि सन सिटी के चौकी प्रभारी के तौर पर तैनात रामबीर जादौन को रात में सीने में अचानक तेज दर्द उठा। उन्होंने इसके बाद परिजनों को बताया। रात में ही परिजनों और पुलिसकर्मियों ने उन्हें शालीमार गार्डन स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद रात लगभग ढाई बजे उनका निधन हो गया। डॉक्टर ने बताया कि संभावना है कि उनकी मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है।

## दिमाग खा जाने वाले अमीबा की दस्तक, 10 दिन में मस्तिष्क खोखला कर ली जान



सियोल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में दिमाग खा जाने वाले अमीबा ने दस्तक दी है। इस कारण एक 50 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। दक्षिण कोरिया में अमीबा के संक्रमण का यह पहला मामला है। नेगलेरिया फाउलेरी नामक संक्रमण को "ब्रेन-ईटिंग अमीबा" के रूप में भी जाना जाता है। रिपोर्ट के अनुसार थाईलैंड से लौटे कोरियाई नागरिक में इसके लक्षण दिखने के 10 दिन बाद ही मौत हो गई। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी के अनुसार, दक्षिण कोरिया में प्रवेश करने से पहले उस शख्स ने चार महीने थाईलैंड में बिताए थे। इससे पहले अमेरिका में भी इसी से एक बच्चे की मौत हो चुकी है। यह नाक के माध्यम से मस्तिष्क तक पहुंच कर ब्रेन टिश्यू को नष्ट करना शुरू कर देता है। क्या है नेगलेरिया क्या है..नेग्लरिया एक अमीबा है, जो अपने दम पर जीवित रहता है। यह आमतौर पर मिट्टी और गर्म ताजे पानी (जैसे झीलों, नदियों और गर्म झरनों) में पाया जाता है। नेगलेरिया फाउलेरी एकमात्र ऐसी प्रजाति है, जो मनुष्यों को संक्रमित करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि नेगलेरिया फाउलेरी पूरी दुनिया में गर्म ताजे पानी और मिट्टी में पाया जा सकता है। अमीबा युक्त पानी नाक से शरीर में प्रवेश कर लोगों को संक्रमित करता है। यह आमतौर पर तब होता है जब लोग तैरने, गोताखोरी करने, झीलों या नदियों के ताजे पानी में अपना सिर डुबोते हैं। अमीबा फिर नाक से मस्तिष्क तक चला जाता है।

## कंबोडिया के कसीनो में लगी आग से 25 मौतें

### कमरों और सीढ़ियों के नीचे मिली लाशें, 70 घायल; 700 लोगों को बचाया गया



पोइपेट, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कंबोडिया के एक कसीनो में गुरुवार को भीषण आग लग गई थी, जिसमें अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ लाशों को सीढ़ियों के नीचे और कमरों से निकाला गया है। लगभग 22 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अभी और भी शवों के मिलने की आशंका है।

**बचने के लिए लोग छत से कूदे**

लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, आग इतनी भयानक थी कि उससे बचने के लिए लोग छत से कूदने लगे थे। इससे दो लोगों की मौत हुई, वहीं 4-5 लोगों के पैर टूटे। आग पॉयपेट के ग्रैंड डायमेंड सिटी होटल के कैसिनो में देर रात साढ़े 11 बजे लगी। ये थाईलैंड के बॉर्डर वाला इलाका है। हादसे के समय वहां करीब 400 लोग मौजूद थे।

**आग से करीब 70 लोग घायल,**

**700 को बचाया गया**

इस हादसे में करीब 70 लोग घायल हुए। आग किस वजह से लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। प्रशासन इसकी जांच में जुटा हुआ है। लोकल मीडिया के मुताबिक, इस होटल में काफी सारे लोग थाईलैंड के थे। रेस्क्यू टीम ने 700 लोगों को मौके पर बचाया। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, घायल हुए कुछ लोगों को थाईलैंड के सा कोइओ प्रोविंस के अस्पताल में भेजा गया था।

**रूम में ही अटके रहे लोग, 7 शव मिले**

अधिकारियों ने बताया कि होटल एडमिनिस्ट्रेशन रूम और ऐलिवेटर के लिए इलेक्ट्रिक सिस्टम का इस्तेमाल करता है। जब बिल्डिंग में आग लगी, तब बिजली गुल हुई और सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। इससे लोग अपने कमरे में ही कैद रह गए और आग में झुलस गए। रेस्क्यू टीम को कमरों में 7 लाशें मिली हैं।

## चीन से सैन्य सहयोग बढ़ाना चाहता है रूस

### पुतिन ने शी जिनपिंग से 8 मिनट बात की, कहा- 'डियर चेयरमैन' बसंत में मॉस्को आएं

मॉस्को, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कोरोना और यूक्रेन युद्ध के बीच शी जिनपिंग और व्लादिमिर पुतिन की शुक्रवार को वीडियो कॉल के जरिए बात हुई। पुतिन ने शी जिनपिंग से कहा, 'डियर चेयरमैन बसंत के मौसम में आपके मॉस्को आने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों की करीबी को दुनिया के सामने दिखाया जा सके'। शी जिनपिंग और पुतिन के बीच 8 मिनट तक बात हुई। इस दौरान पुतिन ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने को कहा। इस पर शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया में जारी मुश्किल हालातों के बीच चीन रूस को रणनीतिक सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस और चीन दोनों देशों के लिए ही अभी संकट का दौर चल रहा है। एक तरफ जहां चीन कोरोना महामारी की जकड़ में है। वहीं रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से लगी आर्थिक पाबंदियों से जूझ रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध ने रूस के लिए चीन की अहमियत को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन में जंग शुरू करने के बाद दोनों देशों ने 'नो लिमिट' रणनीतिक साझेदारी साइन की थी। यूरोपियन देशों की पाबंदी के बाद बीच चीन ने रूसी तेल और गैस की खरीद दो बढ़ा दिया है। इसके बदले में रूस भी ताइवान के मामले पर चीन का साथ दे रहा है। रूस के विदेश मंत्री ने पिछले महीने नाटो पर आरोप लगाया था कि वो भारत को रूस और चीन विरोधी गुट में घसींट रहा है। सर्गेई लावरोव ने कहा था कि रूस के प्रभाव को कम करने के लिए नाटो और पश्चिमी देश भारत का सहारा लेना चाहते हैं। लावरोव ने यह भी कहा था कि यूक्रेन की तरह नाटो और पश्चिमी देश साउथ चाइना सी के बहाने चीन के पास माहौल खराब करने की कोशिश हो रही है। इससे रूस को भी खतरा है। साउथ चाइना सी और ताइवान में टेंशन बढ़ाकर नाटो आग से खेल रहा है।

# "बीजेपी लव जिहाद और मदरसा सर्वे की जगह ओबीसी आरक्षण पर ध्यान देती तो ये न होता"



भाजपा सरकार के मंत्री विदेश से निवेश लाने के नाम पर सरकारी धन विदेशी रोड शो व भ्रमण पर खर्च कर रहे हैं। यह अब नया चस्का इन्हें लगा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर यूपी और उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और कोऑर्डिनेटरों की बैठक में कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत यूपी निकाय चुनाव को सही कानूनी तरीके से कराने की नहीं थी। उसे टालने की ही थी। वह धर्मांतरण, लव जिहाद, मदरसा सर्वे आदि संघ के तुष्टिकरण में समय बर्बाद करती रही। उसके बजाय यदि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर ध्यान केंद्रित करती तो आज ऐसी विचित्र स्थिति नहीं पैदा होती। यह उसने सोची-समझी रणनीति के तहत किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री विदेश से निवेश लाने के नाम पर सरकारी धन विदेशी रोड शो व भ्रमण पर खर्च कर रहे हैं। यह अब नया चस्का इन्हें लगा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जनता महंगाई की मार से परेशान है। भाजपा की कथनी और करनी में भारी अंतर है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही आरक्षण विरोधी हैं। दोनों ने मिलकर पहले एससी एसटी वर्ग के आरक्षण के संवैधानिक अधिकार को निष्क्रिय व अप्रभावी बनाया और बाद में जातिवादी नियत के खेल खेले।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित दो राज्यों कर्नाटक व महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद को लेकर तकरार व टकराव अति दुखद है। भाजपा जब आंतरिक विवाद का समाधान नहीं निकाल पा रही है तो अंतरराष्ट्रीय सीमा विवाद का क्या होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया और कहा कि बूथ लेवल पर जाकर काम करें और सर्वसमाज के लोगों को पार्टी से जोड़ें।

# मेडिकल छात्रा सन्नू कुमारी बनीं मुख्य पार्षद



अररिया, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। अररिया जिला स्थित नरपतगंज नगर पंचायत के मधुरा उत्तर निवासी सन्नू कुमारी निकाय चुनाव के दूसरे चरण के नतीजे घोषित होने के बाद चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दरअसल, 21 साल की मेडिकल छात्रा सन्नू ने मुख्य पार्षद पद पर चुनाव जीता है। वह फिलहाल दरभंगा मेडिकल कालेज में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। बता दें कि सन्नू के पिता इंद्रानंद पासवान एक शिक्षक हैं और मां आंगनबाड़ी सेविका हैं।

सन्नू कुमारी को मुख्य पार्षद के लिए कुल 5,493 मत प्राप्त हुआ है। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी सीमा कुमारी को हराया है। सीमा को 3,500 मत प्राप्त हुए। वहीं, तीसरे स्थान पर पूर्व सांसद की पत्नी नीलम देवी रहीं। नीलम देवी को सिर्फ 1,206 वोट मिले हैं।

नरपतगंज नगर पंचायत का सीट एससी महिला को आरक्षित होने के बाद सन्नू ने मुख्य पार्षद के पद पर अपने भाग्य अजमाने का फैसला किया और जीत का जज्बा लेकर चुनावी मैदान में कूद पड़ी। सन्नू ने अपनी जीत का क्षेत्र जनता को देते हुए कहा, यह अकेले मेरी जीत नहीं है। बल्कि नरपतगंज नगर पंचायत के सभी जनता की जीत है। सन्नू ने बताया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा सहित नगर पंचायत पहली बार बनने के कारण कई समस्याओं से जूझ रहा हैं। जिसमें हर वर्गों के साथ मिलकर हर क्षेत्र में विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। सन्नू कुमारी ने बताया, देश के सामने मौजूद गंभीर समस्याओं के हल के लिए भी युवा पीढ़ी की उर्जा और जोश की जरूरत है। युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है।

# सिर्फ माया को टैकल कर लें अखिलेश

## सत्यपाल मलिक ने विपक्ष को बताया बीजेपी को हराने का 'वीपी सिंह फार्मूला'



लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ पूरे विपक्ष को एकजुट होने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अगर वन टू वन यानी कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ पूरे विपक्ष का एक उम्मीदवार खड़ा किया जाए, तभी मोदी जी को हराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऐसा पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने अपने समय में किया था। सत्यपाल मलिक ने यह भी कहा कि अखिलेश और मायावती के बीच अंदरखाने में अंडरस्टैंडिंग हो जाए तो बीजेपी को उत्तर प्रदेश में भी परास्त किया जा सकता है।

सत्यपाल मलिक ने कहा कि यूपी की राजनीति में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने पीछे सभी अति पिछड़ी जातियों को जोड़ा है। हाई कोर्ट के हालिया फैसले के बाद बचे हुए भी उनके ही साथ हो जाएंगे। जाट और मुसलमान तो सपा के पक्ष में हैं। अखिलेश को सिर्फ मायावती को टैकल करना है। मलिक ने कहा कि अगर अंदरखाने में अखिलेश मायावती से कोई समझौता कर लें तो बीजेपी के खिलाफ मोर्चा बन सकता है। उन्होंने कहा कि मायावती अपना वोटबैंक रूलिंग पार्टी को ट्रांसफर न करें, इसी को रोकना है।

**विपक्ष वीपी सिंह के फार्मूले पर काम करे: मलिक**

अपने आपको बीजेपी का विरोधी न बताते हुए सत्यपाल मलिक ने कहा कि कांग्रेस के बिना कोई भी बीजेपी विरोधी मोर्चा सफल नहीं हो सकता। कांग्रेस की वजह से अपोजिशन के पास अल्पसंख्यकों का पूरा वोट आ जाएगा। विपक्ष की फिलहाल की स्थिति के बारे में बताते हुए सत्यपाल मलिक ने कहा कि अभी तो मुझे छोड़कर विपक्ष का हर नेता पीएम पद का उम्मीदवार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकालकर बीजेपी को दक्षिण भारत से बाहर कर दिया है। उत्तर भारत के लिए उन्होंने सलाह दी कि विपक्षी दलों को पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के फार्मूले पर काम करना पड़ेगा। अगर वन टू वन हो जाएं यानी कि बीजेपी के एक प्रत्याशी के खिलाफ पूरे अपोजिशन का एक संयुक्त प्रत्याशी मैदान में उतरे तो नरेंद्र मोदी को दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी अगर 200 सीटों पर आ जाए, पार्टी के ही भीतर कई तरह की लड़ाइयां चलने लगेंगी।

**किसान आंदोलन के लिए जाना जाएगा 2023: मलिक**

किसान आंदोलन को लेकर सत्यपाल मलिक ने कहा कि मोदी सरकार ने एमएसपी को लीगलाइज करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए।

अगर यही रवैया रहा तो साल 2023 भी किसान आंदोलन के लिए ही जाना जाएगा।

# चित्रकूट में टाइगर, ललितपुर में भालू रिजर्व झांसी में चिड़ियाघर

## वाइल्ड लाइफ टूरिज्म का हब बनेगा बुंदेलखंड



झांसी, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बुंदेलखंड में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार कई प्रयास कर रही है। एक ओर जहां चित्रकूट में टाइगर रिजर्व को मंजूरी देकर इस पर काम शुरू हो गया है। वहीं, दूसरी ओर ललितपुर में भालू रिजर्व को लेकर प्रक्रिया चल रही है। झांसी के गढ़मऊ में चिड़ियाघर बनाने की तैयारी है जो उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े चिड़ियाघर का रूप लेगा। प्राकृतिक विविधताओं से भरपूर इस क्षेत्र में सुविधाओं को विस्तार देकर सैलानियों को लुभाने की योजनाओं पर सरकार ध्यान दे रही है। चित्रकूट स्थित रानीपुर सेंचुरी को टाइगर रिजर्व बनाने के प्रोजेक्ट को यूपी कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी है और इस पर काम भी शुरू हो गया है।

चित्रकूट टाइगर रिजर्व को लेकर लगभग 529 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में विकसित किया जाएगा। इस टाइगर रिजर्व को दो साल में विकसित कर लिया जाएगा। यह स्थान बुंदेलखंड में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म के एक प्रमुख केंद्र में विकसित होगा। इसके बनकर तैयार हो जाने के बाद यहां रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। ललितपुर में भालू- रीछ संरक्षण केंद्र बनाने की तैयारी चल रही है। मड़ावरा क्षेत्र में भालू और रीछों की काफी संख्या में मौजूदगी को देखते हुए इसका प्रस्ताव स्थानीय स्तर पर तैयार कर मुख्यालय भेजा गया है।

# जहरीली शराब पीने से युवक की मौत

पश्चिम चंपारण, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। जिला के बगहा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि जहरीली शराब पीने से युवक की मौत हुई। परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने गांव में अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव के साथ प्रदर्शन किया। घटना लौकरिया थाना क्षेत्र के पीपरा धिरौली वार्ड नम्बर 15 की है, शाम में खेत से काम कर लौट रहे मजदूर हीरालाल राम की शराब पीने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों के आलावा गांव के अन्य लोग इस बात का दावा कर रहे हैं कि पुलिस प्रशासन की जानकारी में यहां लम्बे समय से शराब बनती है और लोग शराब पीते हैं।

# मुजफ्फरपुर में महिलाओं ने मारी बाजी

## मेयर के लिए निर्मला और उप मेयर पर मोनालिसा का कब्जा



मुजफ्फरपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में महिलाओं ने बाजी मार ली है। शहर के मेयर पद के लिए निर्मला साहू तो उप मेयर पद पर डॉ. मोनालिसा ने जीत दर्ज की है। दोनों भाजपा समर्थित थी। वहीं, मीडिया से से मेयर निर्मला साहू ने कहा कि किंगमेकर और सिंडिकेट को जनता ने धवस्त कर दिया है।

बताते चलें कि मेयर के लिए राकेश कुमार पिंटू और निर्मला साहू मे कड़ी टक्कर थी। कांटे की टक्कर में छठे राउंड तक राकेश आगे चल रहे थे। लेकिन, छठे राउंड के बाद निर्मला साहू ने लंबी छलांग मार दी। वे करीब पांच हजार मतों से आगे निकल गईं। इसके बाद वे पीछे मुड़कर नहीं देखीं। इसी बीच राकेश कुमार पिंटू मैदान छोड़कर बाहर निकल पड़े। निर्मला देवी को करीब 35,777 वोट मिले। जबकि, राकेश को 25459 वोट मिले।

निर्मला साहू करीब 10,318 वोट की अंतर से मेयर पद जीत गईं। वहीं, उप मेयर के मैदान में मोनालिसा आगे रहीं। वे पीछे हटने का नाम नहीं लीं। वहीं, उप मेयर के लिए शब्बीर अहमद और डॉ. मोनालिसा के बीच टक्कर थी। इस दौरान मोनालिसा को 52,945 वोट मिले। जबकि, शब्बीर अहमद को 23,474 वोट मिले। मोनालिसा करीब 29,471 वोटों का अंतर रहा।

# फर्जी भर्ती में आयकर के बड़े अफसर भी शामिल

## मिले सुबूत, कमरा नंबर 329 था फर्जीवाड़े का सेंटर



लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। आयकर निरीक्षक की फर्जी भर्ती में विभाग के बड़े अधिकारियों का भी हाथ होने के पुख्ता सुबूत पुलिस को मिले हैं। फर्जीवाड़े का यह सारा खेल मुख्यालय के कमरा नंबर 329 से हुआ। इसी कमरे में बैठकर मुख्य आरोपी प्रियंका ने बेरोजगारों से ठगी की। उनसे रुपये वसूले और जाली नियुक्ति पत्र दिया। मामले की विवेचना में पुलिस कई अधिकारियों की कुंडली जुटा चुकी है। वहीं, गिरोह के कुछ सदस्य जो गैर प्रांत से ताल्लुक रखते हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। गिरोह में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी, वकील व मीडियाकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस इनका ब्योरा जुटा रही है।

आयकर निरीक्षक की फर्जी भर्ती का राज विभाग के मुख्यालय स्थित कमरा नंबर 329 में बंद है। फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद से ज्यादातर समय यह कमरा बंद रहा है। सूत्रों के मुताबिक यह कमरा दो बड़े अधिकारियों के नाम से आवंटित है। इन अधिकारियों के करीबी कर्मचारी इसमें बैठते हैं। यहां किसी बाहरी का प्रवेश वर्जित है। इसके बावजूद प्रियंका मिश्रा इस कमरे में बैठकर इतना बड़ा गिरोह संचालित कर रही थी। हालांकि, विभागीय अधिकारियों ने शुरुआती पड़ताल के दौरान इस मामले में मुख्यालय के कैफेटेरिया का नाम लेकर जांच दूसरी तरफ मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की पूछताछ में प्रियंका ने सारे राज उगल दिए। इसके बाद पुलिस ने इस कमरे की पूरी डिटेल खंगालनी शुरू की। पुलिस के मुताबिक इस कमरे से जुड़े कुछ कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि बेरोजगारों से नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार से 15 लाख रुपये तक की वसूली की गई। इसमें से ज्यादातर रकम ऑनलाइन किस्तों में वसूली गई। इसका रिकॉर्ड भी पुलिस के हाथ लग गया है। इसकी पूरी जानकारी भी संबंधित ऑनलाइन भुगतान कंपनी से हासिल कर ली गई है, जिसके आधार पर कुछ अधिकारी भी जांच के दायरे में आ गए हैं। इन अधिकारियों के खाते में भी इसी ऑनलाइन नंबर से भुगतान किया गया है। वहीं, कुछ अधिकारियों के करीबियों ने रुपये का लेनदेन किया है। इन सभी को नोटिस भेजकर पूछताछ की जाएगी। फर्जीवाड़े की जांच कर रही हजरतगंज पुलिस ने गैर प्रांत के ऐसे चार लोगों को चिह्नित किया है, जो गिरोह के सक्रिय सदस्य थे। इनके जरिये कई बेरोजगार प्रियंका के संपर्क में आए थे। इनकी कुंडली खंगाली गई, जिसमें कई सुराग हाथ लगे हैं। इस आधार पर पुलिस टीम दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा में इनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। आयकर विभाग के पिकप भवन स्थित कार्यालय में तैनात अधिकारी 'श्रीवास्तव' की भूमिका भी सामने आ गई है। उनकी और मुख्य आरोपी प्रियंका के बीच हुई बातचीत का रिकॉर्ड पुलिस के हाथ लगा है। दो महीने की कॉल डिटेल में 'श्रीवास्तव' व प्रियंका के बीच 50 बार बातचीत हुई। यह बातचीत दो से 12 मिनट तक की है। इन दोनों के बीच बैंक खातों में लेनदेन की भी पुष्टि हुई है। पड़ताल में सामने आया कि पिकप भवन में तैनात अधिकारी ने ही प्रियंका को मुख्यालय में प्रवेश दिलाया था। इस अधिकारी का मुख्यालय में काफी दखल है। इसी ने मुख्यालय के अधिकारियों से प्रियंका का परिचय कराया और बैठने से लेकर सारी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। सूत्रों के मुताबिक इस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई जांच भी चल रही है।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी प्रियंका मिश्रा ने आयकर निरीक्षक बनाने के नाम पर सिर्फ सात बेरोजगारों से ही ठगी नहीं की है, वह 100-125 लोगों को शिकार बना चुकी है। यह बात उसने कुबूल भी की है। उसके गिरोह का नेटवर्क लखनऊ से लेकर दिल्ली तक फैला है। आयकर विभाग में निरीक्षक पद पर फर्जी भर्ती का खुलासा 22 नवंबर को हुआ था। मुख्यालय प्रत्यक्ष कर भवन में खुलेआम फर्जीवाड़ा चल रहा था। कई बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र देने के लिए प्रत्यक्ष कर भवन बुलाया गया था। इसका खुलासा होते ही मुख्य आरोपी व पूर्व संविदाकर्मी प्रियंका मिश्रा सहित उसके दो सहयोगियों सूरज व लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया था।

# अस्पताल के बाहर फटा ऑक्सीजन सिलेंडर

## दो लोगों के चीथड़े उड़े, इलाके में हड़कंप

चंदौली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के चंदौली में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से दो लोगों के चिथड़े उड़ गए। कई मीटर दूर तक शरीर के मांश के लोथड़े बिखरे रहे। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ एसपी मौके पर पहुंच गए हैं। हादसा रविनगर स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर हुआ है।

पुलिस ने बताया कि थाना मुगल सराय के अंतर्गत एक ऑक्सीजन प्लांट है, जो अस्पतालों में सप्लाई करता है। एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर को उतरा जा रहा था, तभी सिलेंडर फट गया। हादसा किस कारण से हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया है। मरने वाले लोग ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई करने वाले कंपनी के हैं। सभी जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी के कई शहरों में कड़ाके की सर्दी

कानपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर समेत आसपास के शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि बर्फीली हवाएं चलने की वजह से तापमान अभी और नीचे जा सकता है।

कड़ाके की ठंड के बीच गुरुवार को कानपुर का अधिकतम तापमान बुधवार की तुलना में 1.4 डिग्री गिरकर 21.4 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री गिरकर 5.8 पहुंच गया। तापमान गिरने से जहां ठिठुरन बढ़ी है। वहीं, मौसम साफ रहने और तेज धूप की वजह से लोगों को दिन में राहत जरूर महसूस हुई। पश्चिमी विक्षोभी की वजह से कोहरे का असर कुछ कम रहा और शीतलहर की स्थिति भी कम हो गई। मौसम विभाग का मानना है कि पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के बाद मैदानी क्षेत्रों में अगले चौबीस घंटे में रात और सुबह के समय ठंड लोगों की मुश्किलें और बढ़ाएगी।

# नाव पलटने से 7 लोग डूबे

पटना, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के अलग-अलग वार्डों में नगर निकाय चुनाव की काउंटिंग चल रही है। इसी बीच पटना के मनेर में बड़ा नाव हादसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, सोन नदी में एक नाव पलट गई, जिसमें करीब 14 लोग डूब गए। इनमें से 7 लोग किसी तरह तैरकर बाहर आ गए। हालांकि, 7 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश में रेस्क्यू टीम लगी हुई है। बताया जा रहा कि नाव में सवार सभी लोग मजदूर थे, जो मवेशी का चारा लेकर लौट रही थी।

जिले के मनेर स्थित महावीर टोला घाट पर मवेशी का चारा लेकर जा रही नाव के पलटने से 14 मजदूर डूब गए। हालांकि 7 लोग किसी तरह से तैरकर बाहर आए, जिससे उनकी जान बच गई। हालांकि, सात अन्य मजदूर गंगा नदी की तेज धारा में बह कर लापता हो गए हैं। सभी लापता लोग ब्रह्मचारी पोखरा के बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, राजधानी में ये नाव हादसा दानापुर के मनेर थाना इलाके में हुआ है।

# लालू प्रसाद के चक्रव्यूह में फंसे नीतीश कुमार!

## बीजेपी का दावा- मार्च 2023 में उन्हें पद से हटाने की हो रही है तैयारी

पटना, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा और कहा कि वह अपनी पार्टी के सहयोगी और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के चक्रव्यूह में फंस गए हैं। सिन्हा ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार की सरकार जल्द ही उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव संभालेंगे, इसलिए मुख्यमंत्री ने 5 जनवरी से यात्रा शुरू करने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार में साहस और हिम्मत है, तो जाएं और सारण जहरीली त्रासदी के पीड़ितों से मिलें और उन्हें मुआवजा दें। नीतीश कुमार अपने फायदे के लिए यात्रा कर रहे हैं। जब भी वह यात्रा के लिए जाते हैं, यह उनके लिए पिकनिक है। नीतीश कुमार को शायद इस बात का अहसास हो गया है कि मुख्यमंत्री के तौर पर उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और राजद मार्च 2023 में उन्हें शीर्ष पद से हटाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार करदाताओं के पैसे से एक जेट और हेलीकॉप्टर खरीदने जा रहे हैं। वह वास्तव में लालू प्रसाद यादव की राजनीति में फंस गए हैं और तेजस्वी यादव के दबाव में इसे खरीद रहे हैं। बिहार के लोग इसे समझ रहे हैं और वे सही समय पर उचित जवाब देंगे। जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने विजय सिन्हा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विजय सिन्हा जैसे बीजेपी नेता के बयान को उनके मानसिक दिवालियापन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सभी जानते हैं कि नीतीश कुमार ने राज्य के आम लोगों के हित में फैसले लिए।

# शॉपिंग मॉल के बाहर मिला संदिग्ध सूटकेस

आजमगढ़, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के आजमगढ़ शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल के बाहर शुक्रवार सुबह संदिग्ध हाल में सूटकेस मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

दहशत का कारण बने सूटकेस में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आजमगढ़ रोडवेज के पास शॉपिंग मॉल के बाहर शुक्रवार सुबह राहगीरों ने संदिग्ध हाल में सूटकेस को देखा तो सुगबुगाहट शुरू हो गई। सूचना रोडवेज चौकी तक पहुंची तो कुछ पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने सूटकेस के बारे में पता लगाना शुरू किया। इधर, संदिग्ध हाल में सूटकेस मिलने की खबर से इलाके में सनसनी मच गई।

शॉपिंग मॉल में तैनात कर्मचारियों से इस बाबत बात की गई। इसके साथ ही पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी देखा लेकिन सुबह छह बजे से लाइट न होने के कारण कोई फुटेज उपलब्ध नहीं हो सका।

इसके बाद रोडवेज चौकी पुलिस ने डॉग स्क्वायड को इसकी सूचना दिया। आनन-फानन मौके पर पहुंचे डॉग स्क्वायड ने बारीकी से सूटकेस का जांच पड़ताल किया। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर उसे रोडवेज चौकी पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया। इसके बाद जाकर लोगों ने राहत की सांस लिया।

आजमगढ़ शहर कोतवाली के एसएचओ शशिचंद्र चौधरी ने कहा कि लावारिस मिले सूटकेस की जांच पड़ताल कराने के बाद रोडवेज चौकी में उसे सुरक्षित रखवा दिया गया है। खतरे की कोई बात नहीं है। लगता है कोई यात्री भूल कर उसे चला गया है। डॉग स्क्वायड आदि से उसकी जांच करा ली गई है।

# 2023 के सेलिब्रेशन में आगरा-मथुरा के होटल्स फुल

## 1 लाख टूरिस्ट करेंगे ताज के दीदार, मथुरा-वृंदावन में 10 लाख टूरिस्ट करेंगे बांके बिहारी के दर्शन

आगरा/मथुरा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। नए साल के सेलिब्रेशन में आगरा और मथुरा के होटल्स फुल हो चुके हैं। नए साल पर करीब 1 लाख टूरिस्ट आगरा के दीदार करने वाले हैं। वहीं धार्मिक डेस्टिनेशन मथुरा-वृंदावन में 10 लाख टूरिस्ट के आने की उम्मीद है। ये बांके बिहारी के दर्शन करेंगे।

टूरिस्ट नए डेस्टिनेशन पर इसलिए भी पहुंच रहे हैं, क्योंकि 2 साल से कोविड बाध्यता की वजह से सेलिब्रेशन नहीं हो पा रहा था। अगर आप भी यहां जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो होटल बुकिंग ऑनलाइन जांचकर ही निकले।

आगरा में 18 फाइव व थ्री स्टार होटल हैं। इन सभी में कुल मिलाकर 1800 कमरे हैं। नए साल पर सभी होटल में रूम बुक हैं। नए टूरिस्ट मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। होटल एंड टूरिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि नए साल को लेकर टूरिस्ट का अच्छा फ्लो है।

होटल्स में इन हाउस गेस्ट के लिए नए साल की पार्टी का इंतजाम किया गया है। इसके लिए दिल्ली, मुंबई के फेमस बैंड को बुलाया गया है। कई फेमस सिंगर को भी परफार्मेंस के बुलाया गया है। जेपी होटल के हरी सुकमार का कहना है कि इन हाउस गेस्ट के लिए न्यू सेलिब्रेशन का इंतजाम किया गया है। नए साल पर श्रद्धालु वृंदावन और ब्रज के अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए होटल, गेस्ट हाउस संचालक भी पूरी तरह तैयार हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह की माने तो ज्यादातर होटल 28 दिसंबर से बुक हैं तो कुछ 30 दिसंबर से लेकर 2 जनवरी तक फुल हैं। इनकी पहले से ही बुकिंग हो चुकी है।

**मथुरा-वृंदावन में हैं 500 होटल और गेस्ट हाउस**

मथुरा-वृंदावन में हर साल करोड़ों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए आते हैं। तीर्थ स्थल होने के कारण मथुरा-वृंदावन में होटल और गेस्ट हाउस अच्छी संख्या में हैं। मथुरा-वृंदावन होटल एसोसिएशन की माने तो यहां 500 से ज्यादा होटल-गेस्ट हाउस हैं। इसके अलावा कई ट्रस्ट द्वारा बनाए गए स्थान भी हैं जो एसोसिएशन में नहीं हैं। ये सभी जगह फुल हैं। मतलब मथुरा आ रहे हैं और ठहरने के लिए पहले से कमरा बुक नहीं कराया तो रुकने की जगह नहीं मिलेगी।

# भाजपा ने पूर्व विधायक राजीव रंजन पर की बड़ी कार्रवाई

पटना, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में पार्टी उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक राजीव रंजन पर बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जयसवाल ने राजीव रंजन को छह साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि उन पर यह कार्रवाई पार्टी लाइन से इतर बयानबाजी के कारण की गई है। उन्होंने बताया कि पार्टी की छवि धूमिल करने वाले बयानों को लेकर उन्हें पूर्व में भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन लगातार बयानबाजी के कारण उन्हें पार्टी से निलंबित किया गया है। इससे पहले राजीव रंजन ने अपना इस्तीफा सौंपते हुए पार्टी नेतृत्व पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि बिहार में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, उनकी नीतियों और आदर्शों को दरकिनार कर रही है। सबका साथ-सबका विकास के नारे के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने अपने पत्र में कहा, पार्टी में पिछड़े व दलित समुदाय के नेताओं को झंडा ढोने तक सीमित कर दिया गया है।

# पुलिसकर्मियों और आबकारी टीम को दौड़ा-दौड़ाकर लाठी-डंडे से ग्रामीणों ने पीटा

कवर्धा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा (कबीरधाम) में गुरुवार को ग्रामीणों ने आबकारी टीम और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे लेकर ग्रामीणों ने कर्मचारियों व अफसरों को दौड़ा लिया और उनकी जमकर पिटाई की। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकारी गाड़ियां भी तोड़ डाली। किसी तरह टीम के लोग वहां से बचकर भाग सके। इसके बाद पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और वाहनों को जब्त कर थाने लाई।



# राजस्थान में 8-10 मंत्रियों के कट सकते हैं टिकट

## थर्ड ग्रेड टीचर्स के ट्रांसफर होंगे ; मंत्री बोले : गहलोत-पायलट का झगड़ा मिटाएं

जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की सीएम और मंत्रियों के साथ की गई मैराथन फीडबैक बैठक में प्रदेश में चुनावी साल में थर्ड ग्रेड टीचर्स के तबादले करने पर सहमति बन गई है। बैठक में मंत्रियों ने सरकार रिपीट करने पर सुझाव दिए तो कई बार आपस में नोकझोंक भी हो गई। वहीं, मीटिंग में 30 फीसदी मंत्रियों के टिकट काटने का भी सुझाव आया।

बैठक में थर्ड ग्रेड टीचर्स के तबादलों पर बैन हटाने पर सहमति बन गई है। साल 2016 के बाद भर्ती हुए ग्रेड थर्ड टीचर्स के तबादले होंगे। सीएम अशोक गहलोत ने मंत्रियों के सुझाव आने के बाद शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला से तबादले करने को कहा है।

तबादलों को लेकर मंत्रियों की अलग अलग राय थी। स्वास्थ्य मंत्री सहित अधिकांश मंत्रियों ने थर्ड ग्रेड शिक्षकों के तबादले करने की पैरवी की। मुरारीलाल मीणा, बृजेंद्र सिंह ओला सहित कुछ मंत्रियों की राय थी कि इन तबादलों को फिलहाल नहीं खोला जाए। ज्यादातर मंत्री तबादलों के पक्ष में थे। गहलोत ने शिक्षा मंत्री से कहा कि जब सर्वसम्मति है तो ये ट्रांसफर होने चाहिए और पहले की तरह ही हों। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने थर्ड ग्रेड शिक्षक तबादलों के लिए किसी भी तरह की नई पॉलिसी नहीं लाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे तो पंजाब में हमारे खिलाफ माहौल बन गया और सरकार चली गई। ये तबादले बिना पॉलिसी का इंतजार किए होने चाहिए।

**मंत्री का सुझाव,गहलोत-पायलट की लड़ाई मिटाएं**

मंत्रियों की बैठक के दौरान सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के खेमों के बीच जारी विवाद को चुनाव से पहले खत्म करवाने का सुझाव दिया। मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि खेमेबंदी और टॉप लेवल की गहलोत-पायलट की लड़ाई को पहले खत्म करवाने का मैसेज जाना चाहिए।

इस पर रंधावा ने कहा कि पंजाब में इन फाइटिंग होने के बावजूद सात मंत्री जीते थे। मंत्री




सालेह मोहम्मद ने जब सुझाव देने शुरू किए तो उनकी बात काटकर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि आप तो पहले जैसलमेर का झगड़ा सुलझाने पर जोर दीजिए। आपका और विधायक रूपाराम का झगड़ा मिट जाए तो दोनों जीत जाएंगे, नहीं तो दोनों के सामने दिक्कत है।

**30 फीसदी मंत्रियों के टिकट काटने का सुझाव**

बैठक में मंत्रियों से सरकार रिपीट करने के उपाय पूछे गए। मंत्री उदयलाल आंजना और राजेंद्र यादव ने 30 फीसदी मंत्रियों के टिकट काटने का सुझाव दिया, 30 फीसदी के हिसाब से 10 मंत्रियों के टिकट काटने का सुझाव दिया।

इन मंत्रियों ने कहा कि हारे हुए उम्मीदवारों की सीटों पर बहुत पहले टिकट तय कर देने चाहिए। चुनाव से काफी पहले जिन्हें टिकट देना हे उन्हें इशारा कर दीजिए ताकि वे काम कर सकें। जब चुनाव के नजदीक टिकट काटेंगे तो नुकसान होगा।

गहलोत बोले- हमारे ही लोग खिलाफ बोलते हैं, यह सुसाइड है

कांग्रेस प्रभारी रंधावा की फीडबैक बैठक के दौरान सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा के पेपरलीक का मामला छाया रहा। इस मुद्दे पर आधे घंटे तक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पेपरलीक पर विपक्ष से पहले हमारे ही लोग सरकार के खिलाफ बोलते हैं, यह सुसाइड है।

हमारे ही लोग खिलाफ बोलेंगे तो बाकी क्या रह जाता है। पेपरलीक दूसरे राज्यों में भी हुए हैं। हमने तो तत्काल एक्शन लिया है, पेपरलीक करने वाले जेल में हैं। फिर भी हमारे ही लोग सवाल खड़े करते हैं।

मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने एक दिन पहले ही कांग्रेस अधिवेशन के बीच में ही पेपरलीक को लेकर सरकार पर निशाना साधा था। गुढ़ा ने कहा था कि एक परीक्षा सही तरीके से नहीं करवा सकते, हम फेल हो गए हैं।

पेपरलीक सरकार का सबसे बड़ा फेलियर है और यह पेपरलीक सरकार के सब कामों पर भारी पड़ेगा। सीएम गहलोत का इशारा गुढ़ा के बयान की तरफ ही था।

मंत्री जूली बोले- पुलिस ने मेरे ऑफिस पर छापा कैसे मारा?

बैठक के दौरान मंत्री टीकाराम जुली ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक विवाद में पुलिस और स्थानीय युवकों के बीच मारपीट के मामले का जिक्र करते हुए पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए। जूली ने कहा-अलवर में एक छोटे से विवाद को लेकर पुलिस और स्थानीय युवकों में विवाद के बाद मारपीट हो गई थी।

उसी वक्त हमारे वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह ने पुलिस अफसरों को फोन करके इस घटना को आपसी समझाइश से निपटाने को कहा था। इसके बावजूद पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

उन कार्यकर्ताओं की तलाश में पुलिस ने मेरे ऑफिस पर छापा तक मार दिया। एक मंत्री के ऑफिस पर पुलिस जब छोटे से मामले में बेवजह छापा मारे तो क्या मैसेज जाएगा? इस पर सीएम ने कहा कि संबंधित अफसर को हटा दिया है।

रंधावा बोले- थानेदार को हटा देते, साथी मंत्री ने कहा,

# सुरेश विश्नोई सहित 41 आरोपियों की हुई पेशी

## बीती रात 9 बजे जज के घर हुए पेश, 5 दिन का रिमांड बढ़ाया



जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में गुरुवार रात करीब 9 बजे 41 आरोपियों को जज के घर पेश किया गया। जज ने सभी को 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया।

सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में गुरुवार रात करीब 9 बजे 41 आरोपियों को जज के घर पेश किया गया। जज ने सभी को 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया। मास्टर माइंड सुरेश विश्नोई सहित 39 आरोपी पिछले 5 दिन से रिमांड पर चल रहे थे। हिरण मगरी पुलिस द्वारा बीती रात गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को भी इनके साथ कोर्ट में पेश किया गया था। इसमें महिला अभ्यर्थी का पिता सुखराम विश्नोई और उसका चालक शामिल है। पुलिस सुरेश विश्नोई सहित सभी आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है। इस मामले में शामिल उनके रिश्तेदार और अभिभावकों पर भी कार्रवाई की तैयारी है।

**पेपर लीक मामले में अब तक 57 लोग गिरफ्तार**


उदयपुर एसपी विकास शर्मा ने बताया कि पुलिस बुधवार को आरोपी सरोज खाखोर के पिता और चालक को पेपर लीक गिरोह से साठगांठ कर अपनी बेटी को पेपर उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद अब तक कुल 57 लोग इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। बता दें, 24 दिसम्बर को उदयपुर पुलिस द्वारा बेकरिया थाना इलाके में एक बस से 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद उनसे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अगले दिन 10 और आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# सचिवालय में 1 जनवरी से कागज पर नहीं चलेंगी फाइलें

## ई-फाइलिंग का नया सिस्टम लागू, तुरंत पता चलेगा कहां पेंडिंग है फाइल

जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में अब फाइलों का एग्जीक्यूशन ऑनलाइन होगा। इसके लिए ई-फाइलिंग का नया सिस्टम शुरू हो रहा है। सरकारी कामों में पारदर्शिता लाने, कामों को लेकर जवाबदेही बढ़ाने और लोगों के काम तुरंत करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। ई-फाइलिंग सिस्टम लागू होने के बाद यह आसानी से पता चलेगा कि कौनसी फाइल का क्या स्टेटस है और कहां पेंडिंग है। फाइल गुम हो जाने और खराब हो जाने की समस्या भी खत्म हो जाएगी। राजस्थान में ई-फाइलिंग का यह सिस्टम शासन सचिवालय में नए साल यानी 1 जनवरी 2023 से शुरू हो जाएगा। वहीं अन्य सरकारी विभागों को भी 30 जनवरी तक यह सिस्टम शुरू करना होगा। प्रदेश की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि ई-फाइल मॉड्यूल के उपयोग से फाइलों की रीयल टाइम ट्रैकिंग की जा सकेगी। साथ ही संबंधित अधिकारी रिर्माक के लिए नहीं होने पर भी समय पर वह काम पूरा हो सकेगा।

प्रदेशभर में ई-फाइलिंग लागू करने के लिए कार्मिक विभाग की ओर से सभी विभागों के अधिकारियों और




कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य में ई-फाइल सिस्टम सभी विभागों और आयुक्तालयों/निदेशालयों में मिशन मोड पर लागू किया जाए। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पुरानी फाइलों को भी ई-फाईल पर प्राथमिकता से लाया जाए। ई-फाइलिंग के उपयोग के लिए प्रशिक्षण सामग्री राजकाज पोर्टल पर उपलब्ध है।

**न्यायिक और गोपनीय फाइलें ई-सिस्टम से अलग रहेंगी**

कुछ जरूरी फाइलों को ई-फाइलिंग सिस्टम से अलग रखने का निर्णय भी किया गया है। इसमें जांच संबंधी मामलों की फाइलें, कोर्ट संबंधी फाइलें और गोपनीय या अतिगोपनीय फाइलों या प्रकरणों को ई-फाइल सिस्टम से अलग रखा जा सकेगा। इसके अलावा सभी नई फाइलों को इलेक्ट्रॉनिक मोड में खोलने का निर्णय लिया गया है। सचिवालय के सभी विभागों को एक जनवरी से ई-फाइलिंग करना अनिवार्य होगा। वहीं चीफ सेक्रेटरी की ओर से यह निर्देश भी दिए गए हैं कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ आयुक्तालयों, निदेशालयों, विभागाध्यक्षों और उनके अधीनस्थ कार्यालयों में ई-फाइल सिस्टम 30 जनवरी 2023 तक लागू करवाएं।

**फिजिकल फाइल के लिए लेनी होगी अनुमति**

विभागों और अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि ई-फाइल सिस्टम लागू होने के बाद भी अगर फिजिकल फाइल चलाने की जरूरत हो तो उसके लिए खास अनुमति लेनी होगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव की पूर्व सहमति के बिना इस तरह की फाइलें नहीं खोली जा सकेंगी।

**अब सरकारी आवास की प्रक्रिया भी ऑनलाइन**

सरकार अब अधिकारियों और कार्मिकों के सरकारी आवास की प्रक्रिया भी ऑनलाइन करने जा रही है। अबतक ये प्रक्रिया ऑफलाइन होती थी। जिन कर्मचारियों या अधिकारियों ने 1 जुलाई 2021 से पहले आवेदन किया था, उन्हें दोबारा ऑनलाइन आवेदन के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

**आरएएस अधिकारियों को अपडेट करनी होगी हिस्ट्री ऑफ सर्विस**

इधर, कार्मिक विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी देवेंद्र कुमार ने आदेश जारी करते हुए आरएएस अधिकारियों को सिविल लिस्ट में अपनी हिस्ट्री ऑफ सर्विस अपडेट करने के लिए कहा है। आदेश जारी किया गया है कि कई अधिकारियों की सर्विस हिस्ट्री अपडेट नहीं है। उसे अपडेट किया जाए। इसके अलावा कुछ अधिकारियों के फोटो, मोबाइल नंबर और एड्रेस भी अपडेट नहीं हैं। ऐसे में उन्हें भी अपडेट करने को कहा गया है।

# राजस्थान में 52 आईएएस के होंगे एक साथ प्रमोशन

## पति-पत्नी साथ में हो सकते हैं प्रमोट ; एंटी करप्शन ब्यूरो को भी नया बॉस संभव

जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। साल के आखिरी शनिवार को 52 आईएएस अफसरों के प्रमोशन की सौगात मिलने जा रही है। इसमें छह प्रमुख सचिव एसीएस बनेंगे। प्रमुख, सचिव और विशिष्ट सचिव स्तर पर अधिकारियों को प्रमोशन मिलेंगे। बड़े प्रमोशन की वजह से ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव भी संभव है। वैसे भी साल के पहले महीने में मौजूदा सरकार के कार्यकाल का आखिरी बजट सत्र होगा।

ऐसे में सरकार बजट में की गई घोषणाओं एवं स्कीम्स को जल्द से जल्द धरातल पर लाने एवं उनके नतीजों की कोशिश करेगी। ताकि, इसका फायदा अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनावों में मिल सके। इस लिहाज एसीएस, प्रमुख एवं सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ कलेक्टर, एसपी के साथ-साथ आरएएस-आरपीएस अधिकारियों में भी बड़े स्तर पर बदलाव किया जा सकता है। अब यह बदलाव बजट सत्र से पहले होंगे या बाद में, इसको लेकर कवायद चल रही है।




**पति-पत्नी भी बनेंगे एसीएस, रांका भी संभव**

राज्य में 1993 बैच के आईएएस अधिकारी एवं 5 प्रमुख सचिव एसीएस बनाए जाएंगे। इसमें अरोड़ा दंपती अखिल अरोड़ा और अपर्णा अरोड़ा शामिल हैं। अन्य अधिकारियों में आलोक, शिखर अग्रवाल एवं संदीप वर्मा शामिल हैं। इस तरह एसीएस की संख्या 12 से बढ़कर 17 हो जाएगी। हालांकि, नियमानुसार 15 ही एसीएस बन सकते हैं। इनमें आलोक केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं 1994 बैच के अधिकारी कुलदीप रांका को भी एसीएस बनाया जा सकता है।

**एसीबी में नए डीजी संभव, राजीव का प्रमोशन**

राज्य के डीजी कैडर में दो पद स्वीकृत हैं और सरकार दो और डीजी एक्स कैडर में बना सकती है। वर्तमान में 5 डीजी हैं। इनमें सीनियर आईपीएस एवं बीएसएफ डीजी पीके सिंह और डीजी एसीबी भगवान लाल सोनी इसी महीने रिटायर हो रहे हैं। डीजी होमगार्ड यूआर साहू, डीजी जेल भूपेंद्र कुमार दक एवं डीजीपी उमेश मिश्रा के साथ नीना सिंह भी डीजी रैंक में प्रमोशन ले चुकी हैं, लेकिन वे सीआईएसएफ में नियुक्त है। ऐसे में सरकार 1990 बैच के आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को प्रमोट कर सकती है। सरकार एसीबी में नए डीजी की नियुक्ति करेगी या फिर सीनियर एडीजी हेमंत प्रियदर्शी को चार्ज दे सकती है।

# जयपुर में दिन-दहाड़े सांसद के घर से लाखों की चोरी

## कैश-ज्वेलरी के साथ किचन-बाथरूम के नल भी ले गए; 30 मीटर दूर पुलिस स्टेशन

जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के घर लाखों की चोरी हुई है। जयपुर के पुलिस कमिश्नरेट से कुछ सौ मीटर दूर स्थित सरकारी रेजीडेंस में गुरुवार दोपहर को हुई चोरी की की घटना से पुलिस सुरक्षा को लेकर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार घर से लाखों का कैश, ज्वेलरी और एंटीक सामान गायब मिला है। घटना शहर के जालूपुरा थाने से महज 30 मीटर दूर की है। इस इलाके में विधायकों व सांसदों के सरकारी बंगले हैं। घटना की जानकारी सामने आने के बाद सांसद ने शुक्रवार सुबह रिपोर्ट दर्ज करवाई है। चोरी की घटना को लेकर नागौर सांसद ने ट्वीट कर पुलिस पर भी निशाना साधा है।

बेनीवाल ने रिपोर्ट में बताया कि



चोर घर की आलमारी तोड़ कर डेढ़ लाख रुपए, सोने के चार कंगन, 4 अंगूठियां, चांदी के सिक्के, एंटीक वस्तुएं, रसोई और बाथरूम में लगे नल और रजाई-कम्बल तक चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जालूपुरा सीआई अनिल जैमन ने बताया कि कल घटना की जानकारी मिलने पर टीम को मौके पर भेजा। इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। वहीं, जिले की स्पेशल सेल को भी इस में लगाया गया है।

**ट्वीट कर पुलिस अधिकारियों को घेरा**

बेनीवाल ने पुलिस अधिकारियों को भी घेरा। बेनीवाल ने बताया कि उनका घर थाने से 30 मीटर की दूरी पर है। जयपुर कमिश्नरेट में सांसद के घर चोरी हो रही है तो फिर आम लोगों का क्या हो रहा होगा? बेनीवाल ने बताया कि उन्होंने पुलिस को जानकारी देने के बाद एसीएस होम को भी उनके घर पर चोरी होने की सूचना दी। पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन एक्शन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। 16 जुलाई 2022 को हनुमान बेनीवाल के विधायक भाई नारायण बेनीवाल की स्कॉर्पियो गाड़ी उनके श्याम नगर स्थित अपार्टमेंट से चोरी हो गई थी। हालांकि, 18 जुलाई को गाड़ी नाकेबंदी के दौरान जोधपुर में मिली थी।

# रिवाल्वर दिखाकर व्यापारी से 10 लाख रुपए लूटे

## दुकान बंद कर जा रहा था घर, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

भीनमाल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। शहर के माघ कॉलोनी में को बाइक से दुकान से घर जा रहे एक व्यापारी को रिवाल्वर दिखाकर बदमाश 10 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार हरीश कुमार (30) पुत्र पुखराज माली की हाई स्कूल रोड पर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। वह रोजाना की तरह रात 8:30 दुकान बंद करके घर विनायक नगर जा रहा था। जैसे ही वह माघ कॉलोनी में पहुंचा तो बाइक सवार 3 बदमाशों ने उससे बैग छीनने की कोशिश की, जिससे पीड़ित की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गया। इसके बाद तीनों बदमाशों ने रिवाल्वर दिखाकर 10 लाख रुपए से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित व्यापारी ने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण सिंह चंपावत ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। माघ कॉलोनी में जहां पर व्यापारी के साथ लूट की घटना हुई है वहां से पुलिस को एक हेलमेट, एक एयरगन, जूते और कंबल मिला है। पुलिस इस आधार पर लुटेरों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं, शुक्रवार सुबह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर जांच शुरू कर दी है।

# पंजाब के सीएम पहुंचे जैसलमेर

## परिवार के साथ जैसलमेर घूमेंगे भगवंत मान, 31 को लौटेंगे चंडीगढ़



जैसलमेर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जोधपुर से जैसलमेर पहुंचे। वे अपने परिवार के साथ जैसलमेर निजी यात्रा पर घूमने आ रहे हैं। वे शुक्रवार शाम 4 बजे तक जैसलमेर के चांधन स्थित खजूर के बागान में बने डेट फॉर्म में रुकेंगे। भगवंत मान के साथ उनकी पत्नी और परिवार के सदस्य है। वे निजी यात्रा पर है और शनिवार को जैसलमेर के एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे। डेट फॉर्म हाउस के आर्यमन ने बताया कि पंजाब के सीएम भगवंत मान के स्वागत के लिए सभी तैयारियां कर ली गई है और उन्हें बड़ी खुशी है कि पंजाब के मुख्यमंत्री बनने के बाद भगवंत मान पहली बार जैसलमेर आ रहे हैं और डेट फॉर्म हाउस को गुलजार करेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को जोधपुर से सड़क मार्ग द्वारा अपनी निजी यात्रा पर जैसलमेर आएंगे और रात्रि विश्राम जैसलमेर में ही करेंगे।

# प्रभारी मंत्री के आदेश की नहीं हो रही पालना

## नगर निगम वसूल रहा यूजर चार्ज, शहर कांग्रेस ने जताया विरोध

अजमेर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। अजमेर नगर निगम द्वारा व्यापारियों से लिए जा रहे यूजर चार्ज को लेकर शहर कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर अंशदीप से मुलाकात की गई। कांग्रेसियों द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर यूजर चार्ज को समाप्त करने की मांग की है। वहीं, कांग्रेसियों ने निगम पर व्यापारियों को नाजायज रूप से परेशान करने का भी आरोप लगाया है। शहर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि नगर निगम यूजर चार्ज के चलते व्यापारियों को नाजायज रूप से परेशान कर रहा है। प्रदेश भर में केवल अजमेर नगर निगम ही यूजर चार्ज ले रहा है। छोटी दुकानों से 250 तो वही बड़ी दुकानों से 730 रुपए वसूले जा रहे हैं। यूजर चार्ज के नाम पर अलग-अलग स्लैब रखे गए हैं। जिसके कारण व्यापारियों पर आर्थिक भार पढ़ रहा है। जैन ने बताया कि कई छूटकर व्यापारी दुकान खोलकर बैठे हैं। लेकिन उनकी कमाई नहीं होती और ना ही वह गंदगी करते हैं। इसके बावजूद भी उनसे यह चार्ज किया जा रहा है। जबकि नगर निगम की जिम्मेदारी है कि वह शहर को साफ और स्वच्छ रखें।

व्यापारी अलग-अलग माध्यम से अपना टैक्स चुकाते हैं। ऐसे में इस यूजर चार्ज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और कलेक्टर अंशदीप को ज्ञापन देकर यूजर चार्ज को समाप्त करने की मांग की है।

# अजमेर में जेल प्रहरीयों ने किया काली पट्टी बांधकर विरोध

## वेतन विसंगति व अन्य समस्याओं को लेकर नाराज, सरकार को दी चेतावनी

अजमेर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रदेश के सभी जिलों में तैनात जेल प्रहरी वेतन विसंगति सहित विभिन्न मांगों को लेकर कर रहे विरोध। राजस्थान के सभी जिलों में हार्डकोर अपराधियों और आरोपियों के बीच रहने वाले जेल प्रहरियों द्वारा शनिवार को जेल में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जाहिर किया गया। सभी जेल प्रहरी वेतन विसंगति और अन्य समस्याओं को लेकर विरोध कर रहे हैं। सभी ने 15 दिन में उनकी समस्याओं पर विचार विमर्श करने की चेतावनी दी है। शनिवार को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल



में भी जेल प्रहरियों द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध जाहिर किया गया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वेतन विसंगति और अन्य समस्याओं को लेकर वर्ष 2017 में सरकार ने समझौता किया था। लेकिन अब तक उस पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया जा रहा जिसके कारण प्रदेश के सभी जेल प्रहरियों में खासा रोष व्याप्त है और उसको प्रकट करते हुए शनिवार को काली पट्टी बांधकर गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। जेल प्रहरियों का कहना है कि पुलिस वेरिफिकेशन उनकी भी पोस्टिंग हुई थी। लेकिन आज जेल प्रहरी और पुलिस आरएसी के बीच 20 हजार रुपए का फर्क आ रहा है। जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान है और आर्थिक रूप से भी उन्हें नुकसान उठाना पढ़ रहा है। इसे लेकर कई बार सरकार ने प्रशासन को सूचना दी गई। लेकिन उनकी मांगों पर विचार-विमर्श नहीं किया जा रहा है। सभी जेल प्रहरीयों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के भीतर उनकी समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए समझौते को लागू नहीं किया जाता है तो वह मेष का बहिष्कार कर आंदोलन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी जेल प्रशासन व सरकार की होगी।

# पागल कुत्ते ने 35 लोगों को काटा

## 10 कॉलोनियों में जो दिखा, उसे नोचा फिर हॉस्पिटल में घुसा; 3 घंटे तक दहशत

बाड़मेर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बाड़मेर शहर में पागल कुत्ते की 3 घंटे तक दहशत रही। उसने 35 लोगों को काटकर घायल कर दिया। रास्ते में जिसे देखा, उसे नोचता गया। देखते ही देखते शहर के जिला अस्पताल की इमरजेंसी में घायलों की भीड़ बढ़ने लगी। हॉस्पिटल प्रबंधन अलर्ट हुआ। नगर परिषद को सूचना दी गई। घटना गुरुवार शाम 6 बजे के आसपास की है। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद 10-15 लोगों की टीम ने कुत्ते को काबू किया। वह जिला अस्पताल के ही सर्जिकल वार्ड में घुस आया था। बताया जा रहा है कि कुत्ता पागल हो गया था, इसलिए जो मिला, उसी पर हमला किया। नगर परिषद की टीम ने बताया कि कुत्ते को पकड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। कुत्ते ने सबसे पहले माणक हॉस्पिटल के आसपास तीन से चार लोगों को अपना शिकार बनाया। लोगों ने किसी तरह उसे डंडे मारकर यहां से भगाया। इसके बाद वह वैद्य राज की गली, गर्ल्स स्कूल रोड, हाई स्कूल रोड़, सेवा सदन के पास, कल्याणपुरा, हॉस्पिटल परिसर, रॉय कॉलोनी, सिंधी धर्मशाला, एमबीसी गर्ल्स कॉलेज और उसके आस-पास के इलाकों में उत्पात मचाता रहा।

## ‘31 दिसम्बर की रात : करें प्रभु की बात’ कार्यक्रम आज

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुरु कृपा सेवा समिति द्वारा 31 दिसम्बर की रात करें प्रभु की बात कार्यक्रम का आयोजन जीडिमेटला स्थित श्री आई माताजी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा।

प्रेस वज्ञप्ति के अनुसार सुरेश देवासी ने बताया कि 31 दिसम्बर की रात करे प्रभु की बात कार्यक्रम जो की श्री आई माता मंदिर प्रांगण में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में संत श्री कृपाराम जी एवं राजा राम जी महाराज द्वारा प्रवचनों की वर्षा की जाएगी ।यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से प्रारंभ होगा। भोजन प्रसादी की व्यवस्ता भी रखी गई है। कार्यक्रम में रक्त दान शिविर का आयोजन भी होगा जो की मारवाड़ी युवा मंच मेडचल द्वारा किया जायेगा।

## केसीआर सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेंगे : लक्ष्मण



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने आज कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्य में 90 विधानसभा सीटें और देश भर में 400 एमपी सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ एक रोड मैप तैयार किया है।

उन्होंने कहा कि वे 'केसीआर हटाओ और देश बचाओ' के नारे के साथ लोगों के बीच जाएंगे। उन्होंने सत्ता में आने के बाद तेलंगाना के लोगों को मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का वादा किया। यह कहते हुए कि पार्टी ने अगले साल अप्रैल में राज्य में एक विशाल जनसभा आयोजित करने का फैसला किया है, उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सार्वजनिक बैठक में भाग लेंगे। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, लक्ष्मण ने दावा किया कि राज्य के हर निर्वाचन क्षेत्र में चार नेता पार्टी के टिकट के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष ने एमपी में बहुमत की सीटें जीतने के उद्देश्य से रूट मैप तैयार किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 160 एमपी सीटों पर विशेष ध्यान दिया है, जो देश भर में अब तक पार्टी द्वारा कभी नहीं जीती गई हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने लोकसभा की अधिकांश सीटें जीतने के लिए राज्य में चार स्तरीय प्रणाली स्थापित की है। उन्होंने कहा कि वे आने वाले दिनों में राज्य में ग्राम स्तर पर 10,000 नुक्कड़ सभाएं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे आने वाले दिनों में मंडल और जिला स्तर पर पार्टी की हजारों बैठकें करेंगे। सीएम केसीआर पर निशाना साधते हुए लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि सीएम का परिवार देश को लूट रहा है और कहा कि वे लोगों को लूट के तरीके के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ बीआरएस पार्टी के गांव के सरपंच आरोप लगा रहे हैं कि राज्य सरकार केंद्र सरकार द्वारा राज्य के गांवों को जारी की गई धनराशि को लूट रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य किसी भी कीमत पर अगले लोकसभा चुनाव में हैदराबाद की एमपी सीट जीतना है।

## कुमावत क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट टूर्नामेन्ट आज से, हुई बैठक



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमावत क्रिकेट एसोसिएशन हैदराबाद-सिकंदाराबाद के तत्वावधान में कुली कुतुबशाह स्टेडियम सिटी कालेज के सामने स्टेडियम में सुबह 9 बजे क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत की जाएगी। इसमें सर्वप्रथम टीम कुमावत किंग्स, कुक्कटपल्ली बर्सेज कुमावत किंग्स ईलेवन के बीच में मुकाबला होगा। आज अध्यक्ष नारायणलाल घोडावड द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दूसरा मैच दोपहर एक बजे से प्रारम्भ होगा। दूसरी टीम कुमावत बडंगपेट और कुमावत वारियर्स काटेदान का मुकाबला होगा।

सभी कुमावत स्वजातियों, बन्धुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारें। पहले मैच के विशेष अतिथि कुमावत समाज, हैदराबाद-सिकंदाराबाद तेलंगाना के अध्यक्ष रुपाराम भोपा होंगे। दोपहर एक बजे का दूसरा मैच के विशेष अतिथि जवानराम बीडावड होंगे, जो कृष्ण कुमावत समाज बडंगपेट शाखा के अध्यक्ष है।

सम्पूर्ण कार्यक्रम में स्पेशल विशेष सद्र्योगी कुमावत, समाज हैदराबाद-सिकंदराबाद के पूर्व अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत होंगे।

## सच्ची और अच्छी कविता कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकती : डॉ. रामनिवास मानव



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गीत चाँदनी, हिंदी लेखक संघ हैदराबाद और गोलकोण्डा दर्पण विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में महेंद्रगढ़ (हरियाणा) से नगर पधारे देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद, साहित्यकार और कवि डॉ. रामनिवास मानव के सम्मान में कविता की एक शाम कार्यक्रम का आयोजन नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीत चाँदनी के अध्यक्ष व गीतकार चंपालाल बैद ने की। नगरद्वय के हिंदी, उर्दू और अन्य भाषाओं के कविगण कवि गोष्ठी में अपनी कविताओं का पाठ किया। कवयित्री सुधा ठाकुर ने सम्माननीय अतिथि का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि डॉ. रामनिवास मानव समकालीन परिदृश्य में कविता की प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये। डॉ. रामनिवास मानव ने इस अवसर पर उनके सम्मान के पश्चात समकालीन परिदृश्य में कविता की प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि कविता मानवीय मनोभावों की जीवंत अभिव्यक्ति है। कविता समय-सापेक्ष ही नहीं, जीवन-सापेक्ष भी होती है। जब तक मनुष्य रहेगा, मनुष्य में भावना-संवेदना रहेगी, तब तक कविता भी रहेगी। कविता के नाम पर लिखा जाने वाला कचरा अप्रासंगिक हो सकता है, सच्ची और अच्छी कविता कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकती। इस अवसर पर आयोजित बहुभाषी कवि सम्मेलन में कवि सुरेश गुगलिया, सलाहुद् दीन नैयर, दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, गोविंद अक्षय, डॉ. रामनिवास मानव, दुर्गाराज पटून, डी. प्रेमराज, अनिल कुमार गुप्ता, चंपालाल बैद, लतीफ़उद् दीन लतीफ़, तस्नीम जौहर, शोभा देशपांडे, सुधा ठाकुर, चंपालाल बैद, जाहेद हरियाणवी आदि ने अपनी कविताएं पाठ कीं।

## पार्षद ने दी पीएम मोदी की माता को श्रद्धांजलि



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जामबाग मंडल के पार्षद राकेश जायसवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी की माता श्रीमती हीराबेन मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया और पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में राकेश जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ।

इंसान के जीवन की पहली दोस्त और शिक्षक होती है मां। उन्हें खोने का दर्द निस्संदेह दुनिया का सबसे बड़ा दर्द होता है। इस अवसर पर मयूर कालेकर, अनिल यादव, रघु कांबले, प्रवीण बाबू, श्रीनिवास बिरादर, रामकृष्ण, नरसिंह ठाकुर, संदीप जैन, रेणुका, काजल कुशवाहा, विद्या शिंदे, कल्पना, रंजीता, संगीता कटरी, सुरेश, साई राम, रोशन, रवि, राजू ने भी श्रद्धांजलि दी।

## भारतीय योग संस्थान ने महिला योग शक्ति दिवस मनाया



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय योग संस्थान द्वारा इंदिरा पार्क में महिला योग शक्ति दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि वाई विंध्या मालिनी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्वागत वंदना श्रीमती कस्तूरी द्वारा, पद्मासन, गहरी लंबी श्वास, ओम की ध्वनि व श्री गायत्री मंत्र श्रीमती कुसुम मालाणी के द्वारा, सूर्य नमस्कार, पेट के बल विश्राम श्रीमती झांसी के द्वारा, भुज आसन, शीतलासन, शलभआसन श्रीमती रीता वचानी के द्वारा, श्वासन श्रीमती राधा द्वारा हंसने की क्रिया श्रीमती कस्तूरी द्वारा, गहरे लंबे सांस, अनुलोम विलोम, प्राणायाम श्रीमती चंद्रकला के द्वारा, सूर्यभेदी प्राणायाम श्रीमती सुजाता के द्वारा, ध्यान श्रीमती प्रीति के द्वारा कराया गया। श्रीमती सरोजिनी ने योग व योग करने के फायदे समझाए। मुख्य अतिथि श्रीमती वाई विन्दया वासनी ने सभी साधिकाएं को समझाया कि आज वर्तमान की स्थिति को देखते हुए महिलाओं के लिए योग बहुत जरूरी है।

## दो दिवसीय टीएलएम मेला आयोजित



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बोइनपल्ली सरकारी हाई स्कूल में दो दिवसीय टीएलएम मेला आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जंपन्ना प्रताप शामिल हुए। इस अवसर पर शिक्षण उपकरणों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कई शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी को अपने-अपने तरीके से सरकारी स्कूलों का समर्थन करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्सव पर खर्च होने वाले पैसे को सरकारी स्कूल में सुविधाएं प्रदान करने पर खर्च किया जाना चाहिए। वीआर अस्पताल के नंदकिशोर ने उपहार वितरित किए।

## कोकापेट हनुमान मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोकापेट हनुमान मंदिर, नारसंगी पर पूजा-अर्चना व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके बाद सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिथियो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम पर अनिल जायलवाल, रवि पांडे, रामदेव नागला, कबूतर खाना के पार्षद राजमोहन, सुमीत जायलवाल, राजेंद्र ओझा, मोहनलाल पंडित, विजय पंडित, श्रीवल्लभ पंडित, राजगोपाल बाहेती, विजय चितलागी, गोपी पुजारी, कमल तिवारी, अमर जायलवाल, अभिषेक, सुनील शर्मा, संदीप जायलवाल एवं भक्तगण सभी उपस्थित थे।

## पद्मभूषण पं. श्रीलाल शुक्ल की जयंती पर राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी आज

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रीलाल शुक्ल स्मारक राष्ट्रीय संगोष्ठी समिति, हैदराबाद, तेलंगाना तथा लिटिल फ़्लावर डिग्री कॉलेज (यूजी व पीजी पाठ्यक्रम), उप्पल के तत्वावधान में शनिवार 31 दिसंबर को अपराह्न 3 बजे से ‘श्रीलाल शुक्ल का स्त्री विमर्श’ पर राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी-16 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन विगत 15 वर्ष से निरंतर पं. श्रीलाल शुक्ल के जन्मोत्सव संगोष्ठी के रूप में मनाया जाता रहा है। आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा (रजि.) कानपुर, की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं दक्षिण भारत की वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती मृदुल बाजपेयी एवं अध्यक्षता डॉ. उषारानी राव, प्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका, बेंगलुरु, करेंगी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. उर्मिला पोरवाल, प्रमुख वक्ता एवं चिरक इंटरनेशनल स्कूल हैदराबाद की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजु शर्मा एवं भवंस विवेकानंद कॉलेज, हैदराबाद, की भाषा विभाग की हिंदी प्राध्यापक डॉ. सुपर्णा मुखर्जी वक्ता होंगी। साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति, हैदराबाद की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अहिल्या मिश्रा अपना आशीर्वचन देंगी।



मदनूर ग्रामवासियों ने महान भूदाता वेणुगोपाल इन्नाणी को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि मदनूर में सरकारी अस्पताल, गवर्नमेंट हाईस्कूल, गवर्नमेंट जूनियर कॉलेज और तेलंगाना छात्रवास गुरुकुला पाठ्शाला निर्माण के लिय जमीन दान दी है।

## बिहार को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने की जरूरत : विकास वैभव



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लेट्स इंस्पायर बिहार के हैदराबाद चैप्टर की बैठक अर्चना आर्केड स्थित कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में हैदराबाद और सिकंदराबाद के करीब 50 लोग उपस्थित थे। साथ ही चेन्नई, मुम्बई, बंगलुरू, दिल्ली, पटना समेत पूरे भारत से सैंकड़ों लोगों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज किया। बैठक का संचालन श्रीमती विनीता झा ने किया और ऑनलाइन संचालन में राजीव ने सहयोग किया। सभी सदस्यों के संक्षिप्त परिचय के पश्चात लेट्स इंस्पायर बिहार के संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत भारतीय पुलिस सेवा के बिहार कैडर के वरिष्ठ अधिकारी विकास वैभव सभी बिहारी प्रवासियों एवं दूसरे प्रदेशों के भी निवासियों से बिहार के गौरवशाली अतीत की भाँति पुनः समृद्धशाली बनाने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बिहार को विकसित बनाए बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं किया जा सकता है। वहीं बैठक में शामिल हैदराबाद के विख्यात भौतिक विज्ञान के प्रो. राजू ने कहा कि बिहार के लोगों में प्रतिभा की कमी नहीं है और उसके भी महत्वपूर्ण बात ये है कि बिहारी लोग प्रतिभाशाली होने के साथ ही मेहनती भी होते हैं। बैठक को समाजसेवी आलोक झा, राजू ओझा, मधुसूदन झुनझुनवाला, डॉ. बसंत कुमार, सरोज शर्मा, गुंजन झा, हेमंत सिंह, सुमित कुमार, संतोष कुमार समेत वर्चुअल रूप से आचार्या, श्रीवास्तव समेत कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। अहमदाबाद से पधारे अमोद कुमार सिंह ने सभी को सम्बोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां स्वर्गीय हीराबेन मोदी के आकस्मिक निधन पर को गौलीगुड़ा में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा गोलकुंडा जिला अध्यक्ष वी. पांडु यादव, एनआर लक्ष्मण राव, गोविंद राजू महाराज, बंडारू जगदीश व अन्य।

## लायंस क्लब द्वारा बीमारियों की रोकथान हेतु विशेष अभियान



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लायंस क्लब के पांच ग्लोबल 5 उद्देश्य अंधेपन की रोकथाम, मधुमेह की रोकथाम और पर्यावरण की सुरक्षा हैं। इस अवसर पर लायंस क्लब हैदराबाद की गवर्नर लक्ष्मी, जिला सचिव नागराजू ने भूख पर काबू पाने और बच्चों में कैंसर रोग को रोकने के लिए लायंस क्लब द्वारा उठाए गए मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह मिशन समाज को स्वस्थ बनाने के लिए काम कर रहा है। कार्यक्रम में पुस्तक मेला अध्यक्ष जुलुरु गौरी शंकर, लायन हैदराबाद पुस्तक मेला सचिव श्रुतिकांत भारती, विभा भारती, विजयलक्ष्मी, कोया यंद्रमोहन, लायन चंद्रशेखर, देवेंद्र बंदरी ने भाग लिया।

## ‘एक शाम संत श्री सेवानाथजी महाराज के नाम’ कार्यक्रम 1 को

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद कीसरा बन्डलागुडा स्थित देवासी समाज मंदिर प्लॉट पर रामजी राम ग्रूप हैदराबाद तेलंगाना समाज बन्धुओं के तत्वावधान में एक शाम संत श्री सेवानाथजी महाराज के नाम भव्य जागरण का आयोजन रविवार 1 जनवरी 2023 रात्रि 9.15 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें संत श्री राजारामजी महाराज व संत श्री कृपारामजी महाराज भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। रामजी राम ग्रूप आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की भांति संत श्री सेवानाथजी महाराज के नाम जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल को विशेष फूलों से सजाकर संत श्री सेवानाथजी महाराज के तस्वीर पर श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर, माल्यापर्ण व पुजा-अर्चना के पश्चात् पधारे भक्तों के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जायेगी। पधारे भक्तों की सेवार्थ रामजीराम ग्रूप के रामु, रामस्वरुप, दयालराम, संग्राम, भारत, सुखराम, दिनेश व ग्रूप के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### टीम मोदी में ...

के बाद मकर संक्रान्ति के अवसर पर ये बदलाव हो सकता है। 2024 के आम चुनाव से पहले मंत्रिमंडल में ये आखिरी बदलाव हो सकता है। अगले साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में बदलाव हो सकता है। बजट सत्र से पहले पीएम मोदी नए चेहरों के साथ शुरूआत करने की तैयारी में हैं।

**राज्यों के समीकरणों का रखा जाएगा ख्याल :**
सूत्रों ने बताया कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं वहां के राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में बदलाव किए जाएंगे। माना जा रहा है कि इन बदलाव के जरिए अगले साल होने वाले चुनावों में बीजेपी बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल में फेरबदल में न केवल मंत्रियों के परफॉर्मेंस का ध्यान रखा जाएगा बल्कि रोटेशन पॉलिसी का भी पालन किया जाएगा ताकि अन्य को भी मौका मिल पाए। इसके जरिए काबिल सांसदों को मौका देना और कुछ मंत्रियों का इस्तेमाल संगठन में करना है।

**गुजरात के सांसदों को मिलेगा इनाम :**
सूत्रों ने बताया कि गुजरात विधानसभा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राज्य के कुछ सांसदों को इनाम दिया जा सकता है। कहा जा रहा है कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का ये साफ कहना है कि पार्टी को सफलता दिलाने वाले लोगों को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि पार्टी के बड़े नेताओं ने गुजरात के नेताओं के कई राउंड की बातचीत की है। ये तय किया गया है कि मंत्रिमंडल में महिलाओं और आरक्षित वर्ग से आने वाले लोगों को जगह दी जा सकती है।

सूत्रों ने बताया कि नेताओं से बातचीत में मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले सांसदों के नामों की लिस्ट बन गई है। इसके अलावा पार्टी और बीजेपी शासित राज्यों की सरकार के बीच बेहतर समन्वय की बात पर भी जोर दिया गया है।

### दाऊद इब्राहिम की ...

दवा कारोबारी वेदप्रकाश व्यास समेत कई और लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा देशभर से 40 छोटे ड्रग सप्लायर भी गिरफ्तार हुए जो इस जहर को युवाओं तक पहुंचाते थे। माना जा रहा है कि अभी इससे काफी ज्यादा बड़ी मात्रा में एमडीएमए तस्करों के पास है। ड्रग की तस्करी का कारोबार देश में लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन ड्रग सप्लायर अरेस्ट होते हैं, बड़ी मात्रा में ये ‘सफेद जहर’ बरामद भी किया जाता है। कई युवा इसे लेते हुए पाए गए हैं।

**क्या है एमडीएमए ड्रग ?**
मेथामफेटामाइन एक बेहद खतरनाक ड्रग है। सफेद रंग की ये ड्रग कांच की गोलियों की तरह दिखती है। ये युवाओं में एमडीएमए, एमडी या एक्सटजी के नाम से मशहूर है। ये ड्रग काफी पावरफुल मानी जाती है। इसका इस्तेमाल सीधा नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। काफी पावरफुल होने की वजह से इसकी लत काफी जल्दी लग जाती है।

**एमडीएमए ड्रग कितने में मिलती है :**
एमडीएमए बेहद महंगी ड्रग है और इसलिए इसकी तस्करी का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। कोकीन के बाद ये दूसरी महंगी ड्रग मानी जाती है इसलिए सिर्फ बड़ी-बड़ी महंगी पार्टीज में ही इसका इस्तेमाल होता है। 2500 से 3000 रुपये प्रति ग्राम के हिसाब से इसकी कीमत लगाई जाती है। अमीर युवा इसके इस कदर आदी हो जाते हैं कि वो इसके लिए कितनी भी बड़ी रकम देने को तैयार रहते हैं।

### टीएसपीएससी ग्रुप...

अधिसूचित रिक्तियों में वित्त विभाग में 712, उच्च शिक्षा विभाग में 89, राजस्व विभाग में 73, गृह विभाग में 70, माध्यमिक शिक्षा विभाग में 56 और सामान्य प्रशासन में 46 अन्य विभागों में शामिल हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 24 जनवरी से 23 फरवरी तक भर्ती अधिसूचना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# झपकी लगने से ऋषभ पंत की कार का एक्सीडेंट

## लोग बचाने पहुंचे तो बोले- मैं ऋषभ पंत हूं; बीसीसीआई ने कहा- माथे, घुटने और कलाई में चोटें




रुड़की, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। 150 किमी प्रति घंटे की स्पीड से आ रही भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर ऋषभ पंत की मर्सिडीज ने एक गाड़ी को ओवरटेक किया। फिर सामने एक गड्डा आ गया। इससे उनकी कार 5 फीट तक उछलकर पहले बस से टकराई...फिर डिवाइडर से और घिसटते हुए उसमें आग लग गई। ये कहना है हादसे के वक्त घटनास्थल पर मौजूद डॉ. रविंद्र सिंह और गंगा डेयरी में काम करने वाले आर्यन का।

घटनास्थल के पास दूध की डेयरी है। आर्यन ही वह कर्मचारी है, जो घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचा। इसी ने एंबुलेंस बुलाकर पंत को हॉस्पिटल पहुंचाने में मदद की।

**पहला चश्मदीद: पूरा शरीर छिल गया, कपड़े फटे थे**

गंगा डेयरी में काम करने वाले आर्यन ने बताया कि सुबह के 5:15 बज रहे होंगे। मैं गेट पर ही था, इतने में तेज ब्लास्ट की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो एक कार जल रही थी। भागते हुए उसके पास पहुंचा, देखा तो ऋषभ पंत कार से निकलकर बाहर पड़े थे। वे काफी घायल थे। पूरा शरीर छिल गया था, कपड़े फटे थे। शॉल जैसा कुछ ओढ़े बाहर बैठे थे।

आर्यन ने बताया कि पंत कार से करीब 50 मीटर की दूर पर पड़े थे। क्रिकेटर को घायल देख तत्काल एम्बुलेंस को मैंने फोन किया। एंबुलेंस आई और उन्हें हॉस्पिटल भेजा गया। कुछ लोग ऋषभ की कार के पास से पैसे उठा रहे थे तो हरियाणा डिपो की बस के कंडक्टर ने पैसे इकट्ठा कर ऋषभ के पास रखे।

**दूसरा चश्मदीद: थ्री लेन की सड़क अचानक सिंगल लेन हो गई**

डॉ. रविंद्र सिंह हादसे के वक्त सड़क किनारे से गुजर रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त कार की स्पीड 150 किलोमीटर/घंटे की रही होगी। जहां हादसा हुआ, वहां हाईवे में काफी गड्ढे हैं। थ्री लाइन की सड़क आगे चल कर वन लाइन बन गई है। ऐसे में गड्ढे में कार उछलकर डिवाइडर से टकराई, फिर पोल से टकराई। पूरी तरह बेकाबू हो चुकी मर्सिडीज सड़क के दूसरी साइड पर हरियाणा डिपो की बस से जा टकराई थी। इसके बाद कार हाइवे पर करीब 200 मीटर तक घिसटती चली गई और उसमें आग लग गई।

**गाड़ी को ओवरटेक कर रहे थे ऋषभ**

एनएच-58 गंगा मिल्क फूड के ऑनर के प्लांट में दो कैमरे हाईवे के दिल्ली रोड और रुड़की रोड की ओर लगे हैं। सीसीटीवी कैमरे में हादसा कैद हो गया है। हालांकि पुलिस सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर निकाल कर ले गई है। मिल्क फूड के ऑनर ने बताया, एनएच-58 पर रबझाए के पास सड़क में एक गड्ढा है। जो दूर से समतल दिखाई देता है। सुबह करीब 5:15 बजे जब ऋषभ उस रोड पर पहुंचे तो उनकी कार के आगे एक गाड़ी जा रही थी जिसे उन्होंने ओवरटेक किया तो वह गड्ढे से डिसबैलेंस हो गई। कार करीब 150 या 200 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड में बताई जा रही है। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा कि कार उछलकर दूसरी लेन पर जा गिरी।

**करीब 5 फीट ऊंची उछली कार**

ऋषभ पंत की कार की स्पीड ज्यादा होने के कारण वह कार को कंट्रोल नहीं कर पाए। डिवाइडर से टकराते ही करीब 5 से 6 फुट ऊंचे कार उछल गई और दूसरी और सड़क पर दूसरे डिवाइडर से जा टकराई। हरिद्वार मार्ग पर हरियाणा रोडवेज की बस आ रही थी जिससे वह हल्की-फुल्की टकराई। हरियाणा रोडवेज बस के ड्राइवर ने ब्रेक मारे और गाड़ी को रोक लिया। अफरा तफरी में सभी बस में सवार सहयात्री नीचे उतर गए और चालक भी नीचे उतर गया।

**पैसों से भरा बैग बाहर निकाला तो नोट बिखर गए**

बताया जा रहा है कि ऋषभ पंत खुद ही गाड़ी से बाहर निकल गए थे और उन्होंने अपने पैसों से भरा बैग भी बाहर निकाला। जैसे ही उन्होंने अपना बैग बाहर निकाला तो उनके कुछ नोट सड़क पर बिखर गए। हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर ने नोट इकट्ठा करके ऋषभ पंत को दे दिए। एंबुलेंस और पुलिस को फोन कर सूचित किया गया।

**सड़क के दोनों ओर बिखरे पड़े कार के पार्ट्स**

हाईवे के दोनों ओर दिल्ली और हरिद्वार मार्ग पर कार के पुर्जे बिखरे हुए हैं। उनको देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार कितनी स्पीड में होगी।

# विवादों में घिरे हरियाणा के खेल मंत्री

## जूनियर महिला कोच बोली- सरकारी आवास में बुला छेड़छाड़ की; संदीप बोले-सब झूठ, मेरे खिलाफ साजिश




चंडीगढ़, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के खेल मंत्री और पूर्व ओलंपियन संदीप सिंह विवादों में घिर गए हैं। हरियाणा में खेल विभाग की जूनियर महिला कोच ने आरोप लगाए हैं कि खेल मंत्री ने अपने सरकारी आवास में बुलाकर उससे छेड़छाड़ की। महिला कोच ने यह भी कहा कि इससे पहले और भी महिला खिलाड़ियों के साथ खेल मंत्री गलत काम कर चुके हैं। विवाद उठने के बाद खेल मंत्री ने दावा किया कि उनके खिलाफ षड़यंत्र रचा जा रहा है।

महिला कोच ने बताया कि खेल मंत्री संदीप सिंह ने उसे इंस्टाग्राम के जरिए कॉन्टेक्ट किया। वेनिश मोड पर बात की, जिससे 24 घंटे बाद मैसेज डिलीट हो गया। उसने बताया कि खेल मंत्री ने उसके साथ स्नेपचैट पर बात करने को कहा। फिर मुझे चंडीगढ सेक्टर 7 लेक साइड मिलने के लिए बुलाया। मैं नहीं गई तो वे उसे इंस्टा पर ब्लॉक और अन ब्लॉक करते रहे। फिर उसे एक डॉक्यूमेंट के बहाने घर बुलाया, जहां मंत्री ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

महिला कोच ने बताया कि खेल मंत्री संदीप सिंह ने उसको कहा मेरी बात मानने पर आपको सभी सुविधाएं और मनचाही जगह पोस्टिंग मिलेगी। जब मैंने मंत्री की बात नही मानी तो उसके बाद उसका तबादला कर दिया गया और ट्रेंनिग तक रोक दी गई। मैंने घटना की शिकायत के लिए डीजीपी कार्यालय, सीएम हाउस और गृह मंत्री अनिल विज हर स्तर पर प्रयास किया, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। महिला कोच 400 मीटर में नेशनल एथलीट रह चुकी है। रियो ऑलंपिक में हरियाणा एथलेटिक्स कोच रही है। एथलेटिक्स कोच ने पंचकूला में जॉइन किया था। इसके बाद खेल मंत्री ने उसका ट्रांसफर झज्जर कर दिया है।

महिला कोच ने बताया कि वहां सिर्फ 400 मीटर का ग्राउंड है। इसके साथ ही उसकी ट्रेनिंग भी खेल मंत्री के निर्देश के बाद रोक दी गई है। अभय चौटाला ने कहा कि नेशनल खिलाड़ी ने हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह पर आरोप लगाए हैं। अभय ने कहा इस मामले का सीएम को तुरंत संज्ञान लेना चहिए और मंत्री को बर्खास्त करना चहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में उनके द्वारा पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी बात की गई है।

उन्होंने मांग की कि संदीप सिंह को बर्खास्त करके सरकार एसआईटी बनाकर इस मामले की जांच करवाए। यदि इस मामले में लापरवाही बरती जाती है तो वह राज्य के साथ ही पूरे देश के खिलाड़ियों को लामबंद करेंगे।

# महान फुटबॉलर पेले का निधन : 82 साल की उम्र में साओ पाउलो के अस्पताल में ली अंतिम सांस, पेट के कैंसर से पीड़ित थे



साओ पाउलो, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का गुरुवार देर रात 82 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी बेटी कैली नैसिमेंटो ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी दी। पेले पेट के कैंसर से जूझ रहे थे। उन्हें 29 नवंबर को साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

कीमोथेरेपी के जरिए उनका ट्रीटमेंट किया गया, लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं हो रहा था। इसके बाद कीमोथेरेपी बंद कर उन्हें दर्द कम करने की दवाइयां दी जाने लगीं। उन्हें किडनी और कार्डियक डिसफंक्शन भी था। पेले के निधन के बाद ब्राजीली सरकार ने तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है।

पेले की बेटी कैली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हम जो कुछ भी हैं, आपकी बदौलत हैं। हम आपको बहुत प्यार करते हैं। रेस्ट इन पीस।' परिवार ने क्रिसमस का त्योहार पेले के साथ अस्पताल में ही मनाया था।

पेले रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे, लेकिन धीरे-धीरे उनकी हालत काफी बिगड़ गई और फिर अस्पताल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पेले को कैंसर था और दिल से जुड़ी समस्याएं भी थीं। कैंसर के इलाज में उन पर कीमोथेरेपी का असर भी नहीं हो रहा था। जिस कारण डॉक्टर ने भी चिंता जाहिर की थी। सितंबर 2021 में उनका कोलोन ट्यूमर हटाया गया। जिसके बाद उनकी कीमोथेरेपी की गई।

पेले इससे पहले भी कई बार चेकअप कराने के लिए हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। पिछले दिनों कतर में फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत में ही पेले ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो पोस्ट की थी। उन्होंने फैंस को सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद दिया था।

पेले का असली नाम एडसन एरेंटस डो नेसिमेंटो था। निक नेम डिको, पेले और द ब्लैक पर्ल भी हैं। पेले का जन्म 23 अक्टूबर 1940 को ब्राजील में हुआ था।

# महान फुटबॉलर बलराम अस्पताल में भर्ती

## 1962 एशियन गेम्स में स्वर्ण जीतने वाली टीम के थे सदस्य



कोलकाता, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बलराम ने 1962 के जकार्ता एशियाई खेलों में देश को स्वर्ण दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने 1960 रोम ओलंपिक में तीन गोल दागे थे।

**फुटबॉलर बलराम**

भारत के महान फुटबॉलरों में से एक तुलसीदास बलराम को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्हें मूत्र संक्रमण और पेट में समस्या के बाद अस्पताल में रखा गया है। बलराम ने 1962 के जकार्ता एशियाई खेलों में देश को स्वर्ण दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने 1960 रोम ओलंपिक में तीन गोल दागे थे। बलराम ने हंगरी और पेरू के खिलाफ गोल किए थे। हालांकि, टीम इंडिया ग्रुप दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के लिए भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया था। एशियाई खेलों के फुटबॉल स्पर्धा में भारत की दूसरी खिताबी जीत थी और इस उपलब्धि को तब से दोहराया नहीं गया है। भारत 1951 में अपनी मेजबानी में भी स्वर्ण जीता था। वहीं, 1970 में उसे कांस्य पदक मिला था। उसके बाद से भारतीय टीम एक भी पदक नहीं जीत पाई।

87 वर्षीय बलराम 1950 और 60 के दशक में भारतीय फुटबॉल की सुनहरी पीढ़ी से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने चुन्नी गोस्वामी और पीके बनर्जी जैसे दिग्गजों के साथ जोड़ी बनाई थी। इन तीनों भारतीय फुटबॉल के इतिहास में सबसे प्रसिद्ध तिकड़ी के रूप में याद किया जाता है। अस्पताल द्वारा गुरुवार को जारी एक मेडिकल बुलेटिन में कहा गया है कि बलराम को 26 दिसंबर को भूख न लगने, पेट फूलने और मूत्र में गड़बड़ी की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने कहा कि भारत के सबसे महान स्ट्राइकरों में से एक माने जाने वाले बलराम को डॉक्टरों की एक टीम की देखरेख में रखा गया है। बलराम को अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

बलराम ने 1963 में खराब स्वास्थ्य के कारण फुटबॉल को अलविदा कहा था। वह ज्यादातर सेंटर फॉरवर्ड या लेफ्ट विंगर के रूप में खेलते थे।

पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने बीमार पूर्व फुटबॉलर से मुलाकात की और हर संभव मदद का वादा किया।

# पानीपत की बेटी ने स्क्वैश ओपन में जीती चांदी

## इंदौर में हुई सेंट्रल इंडिया चैम्पियनशिप; इनकम टेक्स एडिशनल कमिश्नर मोनिका की बेटी है




पानीपत, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पानीपत की 9 वर्षीय बेटी ने एक बार फिर स्क्वैश ओपन प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाया है। डीपीएस स्कूल में पढ़ने वाली आराधना सिंह ने स्क्वैश ओपन में सिल्वर मेडल जीता है। इंदौर के डेली कॉलेज में आयोजित सेंट्रल इंडिया स्क्वैश ओपन प्रतियोगिता में आराधना ने यह खिताब अपने नाम किया है।

प्रतियोगिता 19 से 22 दिसंबर तक आयोजित हुई थी। जिसमें कई चरणों को पार करते हुए काफी प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए फाइनल तक पहुंची। जहां रोमांचक मुकाबले में सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

**मां मोनिका हैं बेटी के लिए समर्पित**

आराधना ने अंडर 11 गर्ल्स केटेगरी में यह उपलब्धि हासिल की है। बेटी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में मां मोनिका सिंह का बहुत योगदान हमेशा से रहा है। मां, पानीपत के इनकम टैक्स विभाग की एडिशनल कमिश्नर के पद पर तैनात हैं। अपनी दिनचर्या से समय निकालकर वह बेटी की तैयारियों में खुद को समर्पित करती हैं। आराधना, पानीपत के क्लब में ही अभ्यास करती है।

# मुफ्त में टेस्ट दिखाएगा पाकिस्तान बोर्ड

## स्टूडेंट्स से लेकर बुजुर्गों तक से स्टेडियम आने की अपील

इस्लामाबाद, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक अहम ऐलान किया। पीसीबी ने कहा है कि कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में दर्शकों की एंट्री फ्री होगी।

दर्शकों को मुफ्त में मैच दिखाने का फैसला पीसीबी ने खुशी-खुशी नहीं लिया है, बल्कि इसके पीछे बहुत बड़ी मजबूरी है। दरअसल, पहला टेस्ट भी कराची में खेला जा रहा है और दूसरा टेस्ट भी इसी मैदान पर होना है। पीसीबी की परेशानी यह है कि मैच के दौरान दर्शक नहीं आ रहे हैं। 90% स्टेडियम खाली है। लिहाजा, किसी तरह से लोगों को स्टेडियम तक लाने की जुगाड़ की जा रही है।

**नए बोर्ड प्रेसिडेंट का फैसला**

दर्शकों को फ्री एंट्री देने का फैसला पीसीबी के नए बॉस नजम सेठी ने किया है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में सियासत का जबरदस्त दखल है। यहां सत्ता के साथ पीसीबी का भी चीफ बदल जाता है। इसकी वजह यह है कि मुल्क का वजीर-ए-आजम यानी प्रधानमंत्री ही पीसीबी का संरक्षक होता है।




लिहाजा, जब-जब यहां सरकार या प्रधानमंत्री बदलता तो जाहिर है कि बोर्ड का प्रेसिडेंट भी बदल जाता है।

इसी हफ्ते पूर्व कप्तान रमीज राजा को हटाकर नजम सेठी को पीसीबी चीफ बनाया गया। वो नवाज और शाहबाज शरीफ के बेहद करीबी और बड़े पत्रकार हैं। हालांकि, सेठी पहले भी पीसीबी की कमान संभाल चुके हैं। वैसे, रमीज राजा खुशकिस्मत रहे कि उन्हें अप्रैल में नहीं हटाया गया, जब शाहबाज ने पीएम की कुर्सी संभाली थी।

**दो स्टैंड्स खाली रहेंगे**

सेठी ने 'डॉन न्यूज' को दिए इंटरव्यू में कहा- दर्शकों को मुफ्त एंट्री पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। हमने यह भी फैसला किया है कि दो VVIP स्टैंड्स में मुफ्त एंट्री नहीं दी जाएगी। ये दो स्टैंड्स दो पूर्व क्रिकेटर्स जावेद मियांदाद और हनीफ मोहम्मद के नाम पर हैं। इनमें एक दिन और एक व्यक्ति का टिकट 500 रुपए (पाकिस्तान करंसी) है।

पीसीबी ने यह फैसला भी किया है कि वो देश के कॉलेज और स्कूलों से भी संपर्क करेगी ताकि वहां के स्टूडेंट्स मैच देखने के लिए स्टेडियम पहुंचें। इतना ही नहीं, अनाथालय और ओल्ड ऐज होम्स से भी कहा जा रहा है कि वो अपने लोगों को स्टेडियम भेजें। न्यूजीलैंड की टीम इस वक्त पाकिस्तान के दौरे पर है। पहला टेस्ट 26-30 दिसंबर तक होगा, यानी यह मैच अभी चल रहा है। दूसरा टेस्ट 2 से 6 जनवरी तक खेला जाएगा और इसी में दर्शकों को मुफ्त एंट्री दी जानी है।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट भी कराची के इसी नेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। पहले यह टेस्ट मैच मुल्तान में खेला जाना था। बोर्ड ने मुल्तान की बजाए दूसरा टेस्ट भी कराची शिफ्ट कर दिया।

**पाकिस्तान की खराब परफॉर्मेंस भी वजह**

हाल ही में इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान के दौरे पर आई थी। उसने पाकिस्तानी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया। इंग्लैंड ने 3 टेस्ट की सीरीज में पाकिस्तान को 3-0 से हराया। बेन स्टोक्स की लीडरशिप में खेल रही इंग्लिश टीम ने तीसरा टेस्ट 8 विकेट से जीता। टेस्ट इतिहास में पहली बार अंग्रेजों ने पाकिस्तान का उनके घर में सूपड़ा साफ किया।

यह सीरीज गंवाने के साथ ही पाकिस्तान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में फाइनल की रेस से बाहर हो गया है। वह पॉइंट टेबल में छठे पायदान पर है। उसके 42.42 % पॉइंट हैं। जबकि इंग्लैंड जीत के साथ 5वें नंबर पर आ गया है। अंग्रेजों के 44.44% अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया पहले, साउथ अफ्रीका दूसरे, श्रीलंका तीसरे और इंडिया चौथे नंबर पर है।

# एडिलेड इंटरनेशनल टूर्नामेंट में खेलेंगे नोवाक जोकोविच

## ऑस्ट्रेलिया में हुए 'अपमान' को अब तक नहीं भूले



एडिलेड, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। जोकोविच अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया आ गए। जोकोविच ने गुरुवार को कहा कि 12 महीने पहले जो कुछ हुआ, वह मेरे लिए आसान नहीं था।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासन को भूलना आसान नहीं है। जोकोविच अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया आ गए। जोकोविच ने गुरुवार को कहा कि 12 महीने पहले जो कुछ हुआ, वह मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए, मेरी टीम के लिए और जो भी मेरा करीबी था उसके लिए आसान नहीं था।

जोकोविच ने कहा, "इस तरह से देश छोड़ना निराशाजनक था। आप इस तरह की घटनाओं को भूल नहीं सकते, लेकिन मैं अब उससे आगे बढ़ने पर ध्यान दे रहा हूं।" जोकोविच ने नौ बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है। इस साल का खिताब राफेल नडाल ने उनके नहीं खेलने के कारण जीता था।

जोकोविच ने यह भी कहा कि निर्वासन को लेकर उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है। उन्होंने कहा, "ऑस्ट्रेलिया लौटकर अच्छा लग रहा है। मैं उस देश में वापस आया हूं जहां मैंने अपने करियर में कई सफलताएं हासिल की हैं। मैं ऑस्ट्रेलियन ओपन में सबसे सफल रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सभी चीजें सकारात्मक रहेंगी। मैं अच्छा टेनिस खेलने की कोशिश करूंगा।"

# डोपिंग, यौन शौषण और बैन... विवादों से भरा रहा खेल जगत के लिए साल 2022

खेल डेस्क, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। तेजस्विन शंकर ने इस साल कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐतिहासिक मेडल जीता लेकिन इन खेलों में हिस्सा लेने के लिए उन्हें कोर्ट जाना पड़ा. भारतीय खेल जगत के लिए ये साल काफी खास रहा. खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक कामयाबी हासिल करके देश का नाम रोशन किया. फैंस को कई नई सितारे मिले जो आने वाले समय में देश के लिए और मेडल जीतने का दम रखते हैं. हालांकि इस साल विवादों ने भी भारतीय खेल जगत को काफी झकझोरा. कई ऐसे मौके भी आए जहां खिलाड़ियों के भविष्य पर भी सवाल उठ गए. ऐसे में सुप्रीम कोर्ट तक को बीच में आना पड़ा. इसके अलावा कई नामी खिलाड़ियों को बैन झेलना पड़ा.




जिस तरह कामयाबी, निराशा, जीत और हार खेल का हिस्सा है विवाद को भी इससे अलग नहीं किया जा सकता. जानिए इस साल भारतीय खेल जगत में कौन से ऐसे विवाद रहे जिसका असर खिलाड़ियों के करियर और फैंस के जहन पर पड़ा. इस साल डोपिंग के कई मामले सामने आए हालांकि हैरानी की बात ये थी कि इसमें ओलिंपिक खेल चुके खिलाड़ियों के नाम भी शामिल थे. कुल मिलाकर 62 नेशनल लेवल के एथलीट डोपिंग में पकड़े गए. टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा ले चुकीं डिस्कस थ्रोअर कमलप्रीत कौर, वहीं वर्ल्ड चैंपियनशिप में शामिल हुए जैवलिन थ्रोअर शिवपाल सिंह का नाम भी डोपिंग में शामिल रहा. एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकी एथलीट एमआर पोवम्मा, ट्रिपल जंप की नेशनल रिकॉर्ड होल्डर ऐश्वर्या बाबू, हीमा दास को हराने वाली धनलक्ष्मी सेकर जैसे खिलाड़ियों पर बैन लगा. साल का अंत होते-होते रियो ओलिंपिक की स्टार रहीं जिमनास्ट दीपा करमाकर भी डोपिंग करती पाई गईं और उनपर भी बैन लगाया गया.



# पोट्रेरो कल्चर: अर्जेंटीना में 19वीं सदी में शुरू हुआ था

## इसी वजह से देश में फुटबॉल का इतना जुनून, मेराडोना-मेसी यहां खेल चुके

खेल डेस्क, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना उन देशों में शामिल है, जहां फुटबॉल को लेकर जुनून चरम पर है। टीम के विश्व विजेता बनने से उन युवाओं में जोश भरेगा, जो नेशनल टीम में जगह पाने का सपना देखते हैं। इस जुनून की शुरुआत हुई 'पोट्रेरो' से। पोट्रेरो वह सिस्टम या स्टाइल है, जिसकी शुरुआत 19वीं सदी से हुई। अर्जेंटीना के हर खिलाड़ी के खून में इस स्टाइल की फुटबॉल है, चाहे वह अल्फ्रेडो डि स्टीफानो हों या मेराडोना या फिर मेसी। ये सभी पोट्रेरो में खेले हैं। पोट्रेरो के कई क्लब लोगों को आर्थिक रूप से मदद भी करते हैं। ला सब 21 क्लब से खेलने वाले 26 साल के फ्रेंको रोल्डन कहते हैं, 'सोशल मीडिया के जरिए कई लोग हमें पेटागोनिया या कोर्डोबा प्रांत के लिए खेलने को कहते हैं।' 29 साल के एलन मेटीजेसेविच और उन जैसे कई लोगों के लिए एल सिक्लोन क्लब बहुत अहम है। इसकी स्थापना 1989 में हुई और यह क्लब 5 से 80 साल के लोगों को खेलने की पेशकश करता है। एलन का 7 साल का बेटा गियो भी इस क्लब से खेलता है। पोट्रेरो में टीमें 5-ऑन-5 मैच खेलती हैं। रोजाना 4-5 मैच होते हैं। ये रात 11 बजे शुरू होकर सुबह 4-5 बजे तक चलते हैं।

# पोन्नला ने सीएम केसीआर और बीजेपी पर निशाना साधा

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पोन्नाला लक्ष्मय्या ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की उस टिप्पणी का मजाक उड़ाया कि वह तेलंगाना में किसानों का शासन लाएंगे। उन्होंने बाद वाले से पूछा कि क्या वह अपने शासन में किसानों की हथकड़ी की घटना को भूल गए हैं। पोन्नला ने मुख्यमंत्री से पूछा कि वह किसानों का फसली कर्ज माफ क्यों नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर की लापरवाही के कारण राज्य में 16 लाख किसानों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए। उन्होंने कहा कि बैंक खाते बंद होने से किसान बाहर से कर्ज लेकर कर्ज में डूब गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार राज्य में किसानों को फसल क्षति मुआवजा और न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं दे रही है। यह कहते हुए कि राज्य सरकार किसानों से मिल मालिकों द्वारा धान की खरीद के बाद एमएसपी की घोषणा कर रही है, उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था किसानों के लिए अच्छी नहीं है और कहा कि इससे केवल मिलरों को मदद मिलेगी और किसानों को नुकसान होगा। गांधी भवन में पत्रकारों से बात करते हुए पोन्नाला ने उपहास किया कि मुख्यमंत्री में यह बताने का साहस नहीं है कि उन्होंने कितने वादे पूरे किए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना द्वारा सिंचित कुल क्षेत्रफल के बारे में आंकड़े नहीं बता रहे हैं। उन्होंने सीएम से पूछा कि वह राज्य के बेघर गरीब परिवारों को डबल बेड रूम और दलितों को तीन एकड़ कृषि भूमि क्यों नहीं दे रहे हैं।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई

जगतियाल, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बग्गाराम मंडल के यशवंतराओपेट में गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया।

हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रैक्टर ने विपरीत दिशा से आ रहे दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। बाइक पर जगतियाल ग्रामीण मंडल के कल्लेदा निवासी दो व्यक्ति मोहम्मद शब्बीर और कोडीपल्ली श्रीकांत यात्रा कर रहे थे। शब्बीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्रीकांत ने अस्पताल ले जाते समय अंतिम सांस ली।

बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर एक घर में घुस गया, जिससे उसके मालिक ओरुगंती लिंगैया घायल हो गए। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके का दौरा किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जगतियाल अस्पताल ले जाया गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यादाद्री मंदिर में की विशेष पूजा


## राज्यपाल, धर्मस्व मंत्री सहित अन्य मंत्री व अधिकारियों ने किया स्वागत



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यदाद्री मंदिर का दौरा किया और श्री लक्ष्मीनरसिम्हा स्वामी मंदिर में एक विशेष पूजा में भाग लिया।

मंदिर में उनके आगमन पर, मंदिर के पुजारियों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच पूर्ण खुम्बम के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने संकल्पम और स्वर्ण पुष्पार्चन में भी भाग लिया, जो मंदिर के पुजारियों द्वारा श्री लक्ष्मीनरसिम्हा स्वामी के इष्टदेव के समक्ष किया गया। उनके साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू भी यदाद्री पहुंचीं। उन्होंने दो मिनट के लिए विकसित मुख्य मंदिर का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उपस्थित राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन, धर्मस्व मंत्री ए. इंद्रकरन रेड्डी, ऊर्जा मंत्री जी. जगदीश रेड्डी, आदिवासी कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़ और मंदिर के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) ने यदाद्री आगमन पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति की यात्रा के उद्देश्य से पहाड़ियों के नीचे यागस्थलम में एक विशेष हेलीपैड स्थापित किया गया था। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन के साथ राष्ट्रपति सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से यदाद्री पहुंची। यदाद्रि मंदिर में दर्शन करने के बाद वह सुबह 10.30 बजे हेलीकॉप्टर से हैदराबाद के लिए रवाना हुईं।



# महिला और ससुराल वालों के बीच मतभेद ने तीन लोगों की जान ली

आदिलाबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार की शाम इचोडा मंडल केंद्र में एक महिला और उसके ससुराल वालों के बीच मतभेद हो गए, जिसमें 5 साल से कम उम्र के बच्चों सहित तीन लोगों की आत्मदाह करने से जान चली गई।

इकोडा पुलिस ने कहा कि मृतक व्यक्ति प्रशांत की पत्नी वेदश्री (23) और उसकी बेटियां प्रगना (5) और वेनेला (3) थीं। प्रगना और वेनेला को आत्मदाह करने का प्रयास करने के बाद वेदश्री ने खुद को मिट्टी के तेल में डुबो लिया और खुद को आग लगा ली, जिससे वह 50 प्रतिशत से अधिक जल गई। वेदश्री के लिए मृत्यु तत्काल थी। कुछ पड़ोसियों ने घर से धुआं निकलते देखा और उसके परिवार के सदस्यों को सूचित किया, जो मौके पर पहुंचे और तुरंत प्रगना और वेनेला को राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)-आदिलाबाद ले गए, लेकिन इलाज के दौरान दोनों लड़कियों की मौत हो गई।

पता चला है कि वेदश्री और उसके ससुराल वालों के बीच किसी मामूली बात को लेकर अनबन चल रही थी। गुस्से में उसने अपनी बेटियों को मारने की कोशिश करने के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया। आखिरकार महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। उसकी शादी 2015 में बाजारहतनूर के पिपिरी गांव के एक निजी कर्मचारी प्रशांत से हुई थी। वह और प्रशांत पिछले कुछ वर्षों से इकोडा मंडल मुख्यालय में अलग-अलग रह रहे थे, जिससे मतभेद हो गए थे।

# राज्य के पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास : जगन

विशाखापत्तनम, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने शुक्रवार को यहां नरसीपट्टनम में 986 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

परियोजनाओं में 500 करोड़ रुपये की लागत से एक नया मेडिकल कॉलेज, 470 करोड़ रुपये की तांडव-येलेरू लिफ्ट सिंचाई कार्य और 16 करोड़ रुपये की लागत से नरसीपट्टनम राजमार्ग को चौड़ा करना शामिल है। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए, जगन ने कहा कि पिछली तेलुगु देशम पार्टी सरकार ने इस क्षेत्र की उपेक्षा की थी, जबकि वर्तमान सरकार नरसीपट्टनम का पूरा चेहरा बदल रही है। हमने पिछड़े क्षेत्रों में विकास कार्य किए हैं और शिक्षा क्षेत्र में क्षेत्र का उत्थान किया है। 500 करोड़ रुपये के मेडिकल कॉलेज में 150 मेडिकल सीटें होंगी और इसके साथ एक नर्सिंग कॉलेज भी बनेगा।

उन्होंने कहा कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार हर चुनाव पूर्व वादे को पूरा कर रही है, लेकिन येलो मीडिया अभी भी इसके खिलाफ कीचड़ उछाल रहा है। हालाँकि हमने केवल अच्छा किया, वे इसे बुरा मानते हैं। नियमानुसार हर छह माह में पेंशन सत्यापन होगा लेकिन इस पर भी झूठ फैला रहे हैं। क्या चंद्रबाबू शासन ने एक भी अच्छा किया? वे अब गोद लिए बेटे (पवन कल्याण) को अपने कंधों पर उठा रहे हैं। अगर राज्य में कोई अच्छा काम होता है तो चंद्रबाबू उसे अपने लिए अख्तियार कर लेते हैं। उनका यहां तक कहना है कि उन्होंने सिंधु को बैडमिंटन सिखाया है, लेकिन चंद्रबाबू नाम ही हमें पीठ में छुरा घोंपने और धोखा देने की याद दिलाता है।











# अग्रमंच के 100वें अंक का लोकार्पण कल

### 18 विशिष्ट लोगों और संस्थाओं को मिलेगा अग्रमंच सम्मान

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी मासिक अग्रमंच के 100वें अंक का लोकार्पण कल नव वर्ष के प्रथम दिन, रविवार, 1 जनवरी की दोपहर 3 बजे रेड हिल्स, लकड़ी का पुल स्थित एफटीसीसीआई के एलएन प्रसाद सभागृह में संपन्न होगा। उक्त आयोजन हेतु गठित समिति के प्रमुख केशव शर्मा के अनुसार डॉ. दिलीप कुमार पंसारी के द्वारा प्रकाशित उक्त पत्र के लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि नवीन मित्तल, आईएएस (आयुक्त, टेक्निकल एंड कॉलेजिएट एजुकेशन विभाग, तेलंगाना राज्य सरकार) और सम्माननीय अतिथि संदीप कुमार सुलतानिया, आईएएस (सचिव, पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग, तेलंगाना राज्य सरकार) होंगे। विशेष अतिथि के रुप में श्यामसुंदर जाजू (उपायुक्त, श्रम विभाग, तेलंगाना राज्य सरकार), डॉ. डीएन तुलसियान, राजस्थान (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया जर्नलिस्ट एंड मास मीडिया फेडरेशन), श्री दयानंद अग्रवाल (चेयरमैन एंड एम डी अग्रवाल पैकर्स समूह) और श्री आदित्य (प्रबंधक निदेशक प्रोस्पर इंफ्रा) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश पंसारी करेंगे। उक्त लोकार्पण समारोह के अंतर्गत विशिष्ट क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल तथा सेवाएं प्रदान करने हेतु कुल 18 विशिष्ट लोगों और संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समिति के प्रमुख मनोज गोयल ने बताया की कुल 18 में से 10 व्यक्तिगत और आठ संस्थागत सम्मान हैं। स्व. विश्वेश्वरनाथ जी को मरणोपरांत "अग्रमंच गौरव सम्मान", डॉ. आरपी तोषनीवाल को "अग्रमंच रत्न सम्मान", शरद गुप्ता और कु देविका शर्मा को "अग्रमंच संगीत कला सम्मान", डॉ. विकास अग्रवाल और डॉ. पवन पवन पोद्दार को "अग्रमंच चिकित्सा सम्मान" सीए आदित्य सोनी को "अग्रमंच शिक्षा सम्मान" कु हरिप्रिया को "अग्रमंच कला सम्मान" कु हर्षिता चिंतम को "अग्रमंच युवा प्रतिभा सम्मान" और श्री पवन सिंह राणा को "अग्रमंच स्वदेशी सम्मान" से अलंकृत किया जाएगा।











Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.